स्वदेश TODAY digital
रांची, शनिवार
27.04.2024
वर्ष : 09, अंक : 116, पृष्ठ : 12
मूल्य : 3 रुपया
www.swadeshtoday.com

हिन्दी दैनिक स्वदेश टुडे
देश की आवाज



पोस्टल बैलेट एक्सचेंज सेंटर से फॉर्म 12 एवं 12 डी का हुआ आदान-प्रदान ▶▶ 3

@swadeshtoday | @swadesh_today | swadesh_today | swadesh today | @swadesh_today | 8092174888 | 9031730388

# लोस चुनाव के बीच ईवीएम की बड़ी जीत

## देश में नहीं लौटेगा बैलेट पेपर, वीवीपैट वेरिफिकेशन की सभी याचिकाएं खारिज

- ईवीएम-वीवीपैट का 100 फीसदी नहीं किया जायेगा मिलान
- 45 दिनों तक वीवीपैट की पर्चियां उम्मीदवारों के हस्ताक्षर के साथ रहेगी सुरक्षित

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के लिए जारी दूसरे चरण की वोटिंग के बीच शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम पर बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने वीवीपैट वेरिफिकेशन की मांग को लेकर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। साथ ही बैलेट पेपर की मांग को लेकर दर्ज याचिका भी खारिज कर दी गयी। यह फैसला जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने सहमति से दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि वोटिंग ईवीएम से ही होगी। साथ ही ईवीएम-वीवीपैट का 100 फीसदी मिलान नहीं किया जायेगा। 45 दिनों तक वीवीपैट की पर्चियां उम्मीदवारों के हस्ताक्षर के साथ सुरक्षित रहेगी।

कोर्ट का निर्देश है कि चुनाव के बाद सिंबल लोडिंग यूनिटों को भी सीलकर सुरक्षित किया जाये। फैसला सुनाते हुए जस्टिस खन्ना ने कहा कि वीवीपैट वेरिफिकेशन का खर्चा उम्मीदवारों को खुद ही उठाना पड़ेगा। अगर किसी स्थिति में ईवीएम में छेड़छाड़ पायी गयी तो खर्च वापस दिया जायेगा। वहीं, इस दौरान जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा कि किसी सिस्टम पर आंख मूंदकर अविश्वास करने से संदेह ही पैदा होता है। लोकतंत्र का मतलब ही विश्वास और सौहार्द बनाये रखना है।

### आयोग बोला - अब किसी को शक नहीं रहना चाहिए

**सुप्रीम** कोर्ट के फैसले के बाद चुनाव आयोग ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कोर्ट के फैसले के बाद अब किसी को शक नहीं रहना चाहिए। अब पुराने सवाल खत्म हो जाने चाहिए। सवालों के वोटर के मन में शक होता है। चुनाव सुधार भविष्य में भी जारी रहेगा।



### पीएम बोले - मतपेटियां लूटने वालों को मिला करारा जवाब

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने ईवीएम-वीवीपैट पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने पर विपक्ष को घेरते हुए कहा कि एक तरफ पूरी दुनिया हमारे लोकतंत्र की और चुनाव प्रक्रिया की तारीफ कर रही है तो विपक्ष अपने निजी स्वार्थ के लिए ईवीएम को बदनाम कर रहा है। उन्होंने आरजेडी और कांग्रेस पर सीधा हमला बोलते हुए कहा - आज मतपेटियां लूटने वालों को करारा जवाब मिला है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शासन में बैलट पेपर के नाम पर लोगों का हक लूटा जाता था। इनकी सरकार में चुनाव में वोट लूट लिये जाते हैं। इसलिए ये ईवीएम हटाना चाहते हैं। आईएनडीआईए गठबंधन के हर नेता को माफी मांगनी चाहिए।

### भाजपा ने बताया लोकतंत्र की जीत

**ईवीएम-वीवीपीएटी** सत्यापन के लिए शत प्रतिशत पर्ची मिलान की याचिका सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज किये जाने को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकतंत्र की जीत बताया है। शुक्रवार को शीर्ष कोर्ट के फैसले पर पार्टी का पक्ष रखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि आज लोकतंत्र के लिए बड़ा दिन है, आज लोकतंत्र की जीत हुई है। आज बाबासाहेब अंबेडकर, संविधान, ईसीआई और लोकतंत्र की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन जो ईवीएम के खिलाफ अफवाहें और निराधार दावे फैला रहे थे, उनकी हार हुई है। उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। पूनावाला ने कहा कि इंडी गठबंधन की मानसिकता आज उजागर हो गयी है, जो पंजाब और तेलंगाना में जीतने पर ईवीएम और ईसीआई का जश्न मनाते हैं लेकिन जब वे चुनाव हारने वाले होते हैं तो उस समय वे संस्थानों पर सवाल उठाना शुरू कर देते हैं।

### वीवीपैट पर याचिका में कांग्रेस से संबंध नहीं : जयराम रमेश

**कांग्रेस** ने शुक्रवार को वीवीपैट पर सुप्रीम निर्णय पर सीधे कोई टिप्पणी नहीं की है। पार्टी ने इस बात से भी किनारा किया है कि इसपर याचिका से उसका कोई लेना-देना था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस इस याचिका की हिस्सा नहीं थी। हालांकि, पार्टी वीवीपैट से मतगणना पर हमारा राजनीतिक अभियान जारी रहेगा। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा - वीवीपैट पर जिस याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है, उसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एक पक्ष नहीं थी। उन्होंने यह भी कहा कि हमने दो न्यायाधीशों की पीठ के फैसले पर ध्यान दिया है। चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए वीवीपैट के अधिक से अधिक उपयोग पर हमारा राजनीतिक अभियान जारी रहेगा।

# लोकसभा चुनाव: दूसरे चरण की 88 सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान

- अब सात मई को तीसरे चरण में 95 सीटों पर डाले जायेंगे वोट
- त्रिपुरा और मणिपुर में 75 प्रतिशत से ज्यादा मतदान किया गया दर्ज
- पहले चरण की तुलना में मतदाताओं में दिखा ज्यादा उत्साह

एजेंसी

**नई दिल्ली :** आम चुनाव 2024 के दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। यह चुनाव 13 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 88 संसदीय सीटों पर हुआ। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में केरल की सभी 20 लोकसभा सीटों पर मतदान संपन्न हो गया। अब सात मई को तीसरे चरण में 95 सीटों पर वोट डाले जायेंगे। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान रहा। इस बार पहले चरण की तुलना में मतदाताओं में भी ज्यादा उत्साह दिखा।

चुनाव आयोग के अनुसार, शाम सात बजे तक असम में 70.68 प्रतिशत, बिहार 54.91 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ 72.61 प्रतिशत, जम्मू-कश्मीर में 71.51 प्रतिशत, कर्नाटक में 64.96 प्रतिशत, केरल में 65.26 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 55.77 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 53.84 प्रतिशत, मणिपुर में 77.18 प्रतिशत, राजस्थान में 62.87 प्रतिशत, त्रिपुरा में 78.53 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 53.80 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 71.84 प्रतिशत दर्ज किया गया।

बता दें कि 13 राज्यों में कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश की आठ, महाराष्ट्र की आठ, मध्य प्रदेश की छह, असम की पांच, बिहार की पांच, छत्तीसगढ़ की तीन, पश्चिम बंगाल की तीन और त्रिपुरा, मणिपुर एवं जम्मू कश्मीर की 1-1 सीटों पर दूसरे चरण में मतदान सम्पन्न हुआ। दूसरे चरण में केरल के वायनाड से राहुल गांधी, तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के शशि थरूर मैदान में हैं। शशि थरूर का मुकाबला केंद्रीय मंत्री और भाजपा के उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर से है। मथुरा से हेमा मालिनी, राजनांदगांव से भूपेश बघेल, बेंगलुरु ग्रामीण से डीके सुरेश और बेंगलुरु दक्षिण से तेजस्वी सूर्या चुनाव लड़ रहे हैं। राजस्थान के कोटा सीट से लोकसभा स्पीकर ओम बिरला बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। बिहार के पूर्णिया से पप्पू यादव बतौर निर्दलीय मैदान में हैं। मेरठ से भाजपा के उम्मीदवार अरुण गोविल चुनाव लड़ रहे हैं। मतदान सुबह सात बजे शुरू प्रारंभ हुआ और शाम छह बजे तक जारी रहा। बिहार में बांका, मधेपुरा, खगड़िया और मुंगेर निर्वाचन क्षेत्रों के कई मतदान केंद्रों पर गर्म मौसम की स्थिति को देखते हुए मतदान का समय शाम छह बजे तक बढ़ाया गया। चुनाव आयोग के मुताबिक, इस चुनाव में 34.8 लाख पहली बार मतदाता अपना वोट डालने के लिए पंजीकृत थे। इसके अतिरिक्त, 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.28 करोड़ युवा मतदाता थे। वहीं, 85 वर्ष या उससे अधिक आयु के 14.78 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता थे। 100 वर्ष से अधिक के 42,226 मतदाता और 14.7 लाख दिव्यांग मतदाता थे।



## चौथे चरण के लिए कांग्रेस ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के मुकुल वासनिक की ओर से चौथे चरण में 13 मई को होनेवाले लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड प्रदेश के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी गयी है। इस संबंध में शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव अमुल्य नीरज खलखो ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्टार प्रचारकों में मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल, गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर, भुपेश बघेल, सुखविंदर सिंह सुक्खू, ए रेवंत रेड्डी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, तारिक अनवर, डॉ. अजय कुमार, सुबोधकांत सहाय, राना केपी सिंह, आलमगीर आलम, डॉ. रामेश्वर उरांव, बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, इमरान प्रतापगढ़ी, सुप्रिया श्रीनेत, दीपिका पांडे सिंह, फुरकान अंसारी, डॉ. प्रदीप कुमार. बालमुचू, बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, रवीन्द्र सिंह, संजय लाल पासवान, जयशंकर पाठक, मानस सिन्हा, गीताश्री उरांव, गुंजन सिंह, अभिजीत राज, मंजूर अंसारी, छविन्द्र करमा, रियाजुल अंसारी, नमन बिक्सल कोंगारी और दयामनी बारला शामिल हैं।

# कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी : पीएम मोदी

एजेंसी

**अररिया :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अररिया जिले के फारबिसगंज में शुक्रवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस शुरू से ही मुस्लिम तुष्टिकरण के तहत काम किया है। कांग्रेस का मैनिफेस्टो पर मुस्लिम लीग का छाप है। पीएम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों के होने की बात कही थी। जिसका वीडियो अभी भी है। जबकि एनडीए मानती है देश के संसाधन और संपत्ति पर पहला हक गरीबों का है। गरीब मजदूरों, किसानों, छात्र, युवा और मां-बहनों का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संपत्ति, जमीन यहां तक की घर में रखे गहने और वह भी सुहागिन मां-बहनों का मंगलसूत्र तक छीनने की कवायद में है।



उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी परिवार के मुखिया सदस्य के गुजर जाने के बाद अपनी संपत्ति बेटे-बेटियों को नहीं दे पायेंगे। कांग्रेस वैसी संपत्ति पर 55 फीसदी टैक्स लगाने वाली है। उन्होंने नारा देते हुए कहा कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी।

इससे पहले पांचवीं बार फारबिसगंज आने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत स्थानीय भाषा में अररिया के ई पावन धरती मा अहां सब कै प्रणाम करै छी से की। आंचलिक साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु को याद करते हुए उन्होंने कहा कि अररिया और सुपौल की इस भूमि से उनका विशेष लगाव है।

विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन को न तो देश के संविधान की परवाह है और न लोकतंत्र का। वर्षों तक बैलट पेपर के बहाने गरीब मजलूमों के मतदान का अधिकार छीनने का काम किया जाता था। उन्होंने राजद के 90 के दशक वाले समय के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि नौकरी के बदले जमीन छीन लो, नौकरी है तो तनख्वाह छीन लो, गाड़ी है तो गाड़ी छीन लो और अगर कोई सामर्थ्यवान है तो उसका अपहरण कर लो। उस जंगलराज से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाहर निकाला है।

### संदेशखाली में सीबीआई का छापा

## भारी मात्रा में बंदूकें, गोली-बारूद बरामद

एजेंसी

**कोलकाता :** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान विदेश निर्मित पिस्तौल सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किये गये। अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी अभियान प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमला किये जाने की घटना से जुड़ा है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर पांच जनवरी को संदेशखाली में उस समय हमला किया गया था, जब वह कथित राशन घोटाले के सिलसिले में शेख के परिसर पर छापा मारने गयी थी। अधिकारियों के मुताबिक, जांच के दौरान जानकारी मिली थी कि संदेशखाली में भारी मात्रा में हथियार छिपाये गये हैं। इसके बाद शुक्रवार सुबह सीबीआई की टीम ने तलाशी अभियान प्रारंभ किया और उस दौरान विदेश निर्मित पिस्तौल सहित हथियार बरामद हुए।



## गांडेय उपचुनाव की अधिसूचना जारी, 20 मई को होगा मतदान

- विधायक डॉ. सरफराज अहमद के त्यागपत्र के बाद खाली हुई है सीट

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** चुनाव आयोग ने गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी कर दी है। तीन मई नाम निर्देशन करने की अंतिम तारीख है। नाम निर्देशन की संवीक्षा की तारीख चार मई और नाम वापसी की अंतिम तारीख छह मई है। मतदान 20 मई को होगा। चुनाव सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। झारखंड विधानसभा की गांडेय सीट से निर्वाचित विधायक डॉ. सरफराज अहमद के त्यागपत्र के बाद 31 दिसंबर, 2023 से यह सीट रिक्त है। अब निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद के हस्ताक्षर से निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

## बारामूला मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

एजेंसी

**बारामूला :** बारामूला जिले के सोपोर के नौपोरा इलाके में आतंकियों के साथ गुरुवार रात शुरू हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है। मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं। खबर लिखे जाने तक मुठभेड़ जारी थी। माना जा रहा है कि कई और आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए हैं। एक सैन्य अधिकारी के मुताबिक, जिले के नौपोरा इलाके में सुरक्षाबलों को गुरुवार शाम को आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी।

!! श्री गणेशाय नमः !!
झारखंड में अब तक का सबसे बड़ा मेला
अंडर वाटर फिश टनल
सह
डिजनी लैंड मेला





DATE : 08.04.2024 से
TIME 04:00 PM to 10:00 PM
Venue : Shahid Maidan, Dhurwa, Ranchi
- : विशेषताएं : -
- परिवार के सभी सदस्यों के खरीददारी के लिए देश के हर कोने से 125 स्टॉल
- छोटे बड़े सभी के लिए झूले का प्रबंध
- अंडरवाटर फिश टनल में देशी-विदेशी मछलियां
- रांची के लिए अजूबा टनल के अंदर सेल्फी प्वाइंट
BOOK NOW : 7004494715
Organiser : Krishna Kumar Shaw





### हमलावर | कांग्रेस के मैनिफेस्टो को लेकर भाजपा लगातार कर रही हमला, कहा -

# एससी-एसटी और ओबीसी के अधिकारों पर डाला जा रहा डाका

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस के मैनिफेस्टो को लेकर लगातार हमलावर है। शुक्रवार को भाजपा ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के अधिकारों पर डाका डाल रही है।

शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कांग्रेस और भारतीय गठबंधन द्वारा एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों पर डाका डाला जा रहा है। जिस तरह से ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दिया गया है, वह अधिकारों पर डाका डालने का प्रयास है। जो देश में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। भाजपा ने हमेशा 'सबका साथ सबका विकास' का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इतिहास में केवल तुष्टीकरण की घृणित राजनीति शामिल है।



प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। साफ है कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति करती है। कांग्रेस हमेशा से एससी एसटी और ओबीसी की विरोधी पार्टी रही है। कांग्रेस किसी भी प्रकार से सत्ता में आना चाहती है और ओबीसी के अधिकारों को छीनना चाहती है। कर्नाटक के अंदर ओबीसी के आरक्षण छीन कर मुसलमानों को देना चाहती है।

## पिछले 10 साल में सबसे ज्यादा गिरी है प्रधानमंत्री पद की गरिमा : कांग्रेस

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि उनके 10 साल के कार्यकाल में रुपया गिरा है और प्रेस की आजादी जैसी कई क्षेत्रों में गिरावट आयी है, लेकिन सबसे पीड़ाजनक स्थिति यह है कि इस दौरान प्रधानमंत्री के पद में सबसे ज्यादा गिरावट आयी है। कांग्रेस संचार विभाग की प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा की श्री मोदी ने प्रधानमंत्री पद की गरिमा को इतना निचले स्तर तक घटा दिया है कि इस गरिमा को फिर से हासिल करने में वर्षों का समय लग जायेगा। श्री खेड़ा ने कहा - पिछले 10 साल में रिकॉर्ड स्तर पर रुपया गिरा, मीडिया फ्रीडम और हंगर इंडेक्स में देश की रैंक गिरी। लेकिन इस दौरान जो चीज सबसे ज्यादा गिरी वो है- प्रधानमंत्री पद की गरिमा।

NEWS IN Gallery

## युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**खूंटी** : तोरपा थाना क्षेत्र के कुल्डा जंगल में विनोद गोप (30) ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार को उसका शव जंगल में एक पेड़ पर लटका हुआ मिला। जानकारी के अनुसार वह गिड़ुम गांव का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह विगत तीन दिनों से घर से लापता था। मामले की जानकारी मिलने पर तोरपा थाना की पुलिस वहां पहुंची तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया

## घर में आग लगने से सामान जलकर राख

**चान्हो** : थाना क्षेत्र बलसोकरा स्थित मदरसा चौक में तबरेज आलम के घर में शॉर्ट सर्किट से लगा शुक्रवार सुबह में आग लगने से घर में रखे नगद सहित सारा सामान जलकर राख हो गया है। तबरेज आलम ने बताया कि व घर पर नहीं थे बच्चा बीमार था उसी को दिखाने के लिए गुरुवार को अस्पताल ले गए थे और लौट के क्रम में चान्हो स्थित ससुराल में ही रुक गए थे। सुबह उनके घर वालों के द्वारा आग लगने की सूचना दी गई। बताया जाता है कि जैसे ही आग लगी और उनके भायों और आसपास के लोगों के द्वारा आग पर काबुक पानी की कोशिश की गई मगर तब तक घर में रखे गए नगद सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। तबरेज आलम के द्वारा बताया गया कि इस आग लगी से कम से कम तकरीबन 6 से 7 लख रुपए तक का उनको नुकसान हुआ है।

## बालू में धंसकर एक मजदूर की मौत

**चान्हो** : थाना क्षेत्र के सिलागाई नदी से बालू निकालने के दौरान चाल धसने से चांपाडीह निवासी अनिल उरांव नामक युवक की मौत हो गई। पच्चीस वर्षीय अनिल उरांव ट्रैक्टर में मजदूरी करता था। घटना गुरुवार देर शाम की है। बताया जाता है कि अनिल उरांव एक ट्रैक्टर चालक के साथ अबुवा आवास के लिए बालू लाने सिलागांई नदी गया था। बालू की कमी को लेकर सिलागांई नदी में इन दिनों सुरंगनुमा गड्ढा बनाकर बालू की निकासी होती है। अनिल भी सुरंग में घुसकर अकेले ही बालू निकाल रहा था। इसी दौरान अचानक ऊपर का बालू धंस गया और अनिल उरांव उसके नीचे दब गया। बाद में बाहर खड़े चालक की सूचना पर अनिल उरांव को वहां से निकालकर मांडर स्थित एक निजी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनिल अपने परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था, उसका एक छोटा बच्चा भी है।

### प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के राज्यस्तरीय अनुश्रवण का दिखने लगा असर

# कार्रवाई नहीं संवेदनशीलता बढ़ाना उद्देश्य : आदित्य रंजन

स्वदेश संवाददाता

**रांची** : राज्य में सरकारी स्कूलों के अनुश्रवण के लिए गठित राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों के स्कूलों में लगातार औचक निरीक्षण का राज्य के शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक प्रभाव दिखने लगा है। सरकारी स्कूलों के शिक्षकों में कार्य के प्रति संवेदनशीलता तो दिख ही रही है, साथ ही स्कूल में साफ-सफाई और शैक्षणिक गुणवत्ता भी बढ़ी है। पहले जो शिक्षक कक्षाओं के संचालन में लापरवाही बरतते थे, अब वे भी समय पर कक्षा का संचालन कर रहे हैं। राज्य शिक्षा परियोजना के जरिए विगत एक माह में कई स्कूलों के प्राचार्यों, शिक्षकों के विरुद्ध अनुशासनहीनता और लापरवाही बरतने के मामले में कार्रवाई की गयी है।

**टोला टैगिंग फिर हुई शुरू**

स्कूलों में ड्रॉप आउट रोकने के लिए और नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से शिक्षकों को विद्यालय के पोषक क्षेत्रों में भ्रमण कर अभिभावकों से संवाद करना होता है। इसे टोला टैगिंग कहा जाता है। समय-समय पर इस प्रक्रिया को किया जाना अनिवार्य है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे। अनुश्रवण से पहले विद्यालयों द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरती जा रही थी। अब प्रत्येक विद्यालय द्वारा जिम्मेदारी पंजी बनाकर शिक्षकों को बारी बारी से टोला टैगिंग की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। शिक्षक कक्षाओं के संचालन के बाद एक घंटा अपने पोषक क्षेत्रों में जाकर अभिभावकों से संवाद कर रहे हैं।



**पुरानी एवं जर्जर इमारतों की मरम्मत शुरू**

राज्य अनुश्रवण के दौरान अनुश्रवण पदाधिकारियों ने पाया कि कई सरकारी विद्यालयों के भवन जर्जर हैं और स्कूल परिसर में झाड़ियों और कचरों का अंबार है। अनुश्रवण के दौरान झाड़ियों और कचरों को साफ कर स्कूल भवन की मरम्मत का निर्देश दिया गया। इसके बाद आज कई स्कूल झाड़ियों और जर्जर हालात से मुक्त हो गए हैं। स्कूलों में अब झाड़ियों की जगह क्यारियों ने ले ली है।

**वॉल पेंटिंग्स ने बढ़ाई स्कूलों की सुंदरता**

अनुश्रवण पदाधिकारियों ने स्कूलों को खाली पड़े दीवारों में ज्ञानवर्धक संदेशों एवं चित्रकलाओं से वॉल पेंटिंग करने की सलाह दी। इसके बाद कई विद्यालयों की दीवारें अब पहले से ज्यादा सुंदर व आकर्षक दिख रही हैं। दीवारों में ज्ञानवर्धक संदेश चित्रों के माध्यम से पेंट किये गए हैं, जो ना केवल सुंदरता, बल्कि बच्चों के ज्ञान को भी बढ़ा रहे हैं।

**क्रियाशील हुए लैब, सड़ रही थीं किताबें**

अनुश्रवण के दौरान राज्य शिक्षा परियोजना के कई पदाधिकारी सुदूर इलाकों में जाकर स्कूलों का अनुश्रवण कर रहे हैं। लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध एक्शन भी लिया जा रहा है। इन निरीक्षणों का असर है कि कुछ स्कूलों में जहां सालों से विज्ञान प्रयोगशालाएं और लाइब्रेरी नहीं खुली थी, अब वहां भी बच्चे प्रयोगशालाओं और लाइब्रेरी का लाभ ले रहे हैं।

**बच्चों की बढ़ी उपस्थिति** : अनुश्रवण के दौरान कई स्कूलों के विरुद्ध कम उपस्थिति के मामले में कार्रवाई की गयी। इसके बाद स्कूलों में पढ़ा रहे शिक्षक जिम्मेदारियों को समझते हुए बच्चों की कम उपस्थिति के प्रति संवेदनशील हुए। शिक्षकों के लगातार प्रयास से अब स्कूलों में पहले से अधिक उपस्थिति देखने को मिल रही है। बच्चे अब पढ़ाई में पहले से ज्यादा रूचि लेने लगे हैं। प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट के अनुश्रवण के लिए गयी राज्यस्तरीय अनुश्रवण पदाधिकारियों से राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने कहा कि विभाग का उद्देश्य किसी के विरुद्ध कार्रवाई करना या शिक्षकों में भय पैदा करना नहीं है। अनुश्रवण का उद्देश्य ऐसे प्रयासों को बढ़ावा देना है, जो राज्य कि शिक्षा व्यवस्था में बदलाव ला सके। हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ सके। लापरवाह पदाधिकारियों, शिक्षकों और प्राचार्यों को स्कूल के शैक्षणिक वातावरण के प्रति संवेदनशील बना सके। उन्होंने अनुश्रवण से पहले समीक्षा बैठक में भी अधिकारियों से अनुश्रवण के दौरान विनम्र स्वभाव रखने की सलाह दी थी। आदित्य ने कहा कि राज्यस्तरीय अनुश्रवण पदाधिकारियों द्वारा स्कूलों के निरीक्षण के बाद आये बदलावों को देखते हुए राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा लगातार इस तरह के अनुश्रवण अभियान चालये जाते रहेंगे। यदि आम लोगों को किसी भी स्कूल में लापरवाही या अनुशासनहीनता की शिकायत करनी हो तो वे राज्य शिक्षा परियोजना के आधिकारिक ट्विटर हैंडल @jepcjharkhand को शिकायत टैग कर सकते हैं। लापरवाह स्कूलों के विरुद्ध उक्त शिकायतों पर कार्रवाई की जायेगी।

## नेशनल लॉं यूनिवर्सिटी में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन



स्वदेश संवाददाता

**रांची** : आईपी एंड एसडीजी विषय पर नेशनल लों यूनिवर्सिटी रांची में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय भारत सरकार संयुक्त रूप से विचारिक संपदा अधिकारों के अध्ययन और अनुसंधान केंद्र (सीएसआर आईपीआर), एनयूएसआरएल रांची द्वारा नवाचार और रचनात्मकता के साथ हमारे सामान्य भविष्य निर्माण को लेकर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया. सेमिनार का विधिवत उद्घाटन अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया. कार्यक्रम में मुख्या अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) आर. वेंकटराव, भारतीय अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय, गोवा एनयूएसआरएल के उपाध्यक्ष, प्रोफेसर (डॉ.) आशोक आर. पाटिल और डॉ. एम.आर.एस. मुर्थी डीपीआईआईटी झ आईपीआर चेयर प्रोफेसर और श्री रविशंकर शुक्ला, (आईएएस) उप आयुक्त, सराइकेला-खरसावा, झारखंड उपस्थित रहे.कार्यक्रम में आये अतिथियों का भव्य स्वागत पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र एवं प्रतिक चिन्ह देकर किया गया. सेमिनार मे पहुचे अतिथियों ने बौद्धिक सम्पदा अधिकार और प्रोधोगिकी के महत्वपूर्ण अंतसम्बन्धो की खोज को लेकर अपने विचार रखे. डॉ.पाटिल ने मेहमानों का स्वागत किया और सेमिनार के विषय का परिचय दिया। उन्होंने विश्व आईपी दिवस के बारे में बातकी और राष्ट्रीय सेमिनार के विषय का परिचय दिया। विशेष मेहमान रविशंकर शुक्ला, अमर्त्य सेन द्वारा दिए गए फ्लूट समरूपता पर चर्चा की और विकासशील विकास को बौद्धिक संपत्ति के साथ संबंधित बताया। उन्होंने कहा कि होरोपैथी, एक स्थानीय जनजाति चिकित्सा प्रणाली, पूरी तरह से लाभ नहीं उठाया जा रहा है।उन्होंने समाज के लिए आईपीआर की पहुंचन और कार्यक्षमता पर विचार किया।मुख्य अतिथि, प्रोफेसर डॉ. आर. वेंकटराव, ने अपने मुख्य भाषण की शुरूआत एकव्यक्तिगत घटना के साथ की और सेमिनार के विषय की सराहना की। उन्होंने ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जैसे कि एक बहुआयामी ढांचा में अन्याय की पहचान, व्यक्तिगत जीवन में सतत विकास के लक्ष्यों को स्थानीय कृत करना, और समाज पर चौथी औद्योगिक क्रांति के प्रभाव का संदर्भ दिया। उन्होंने समुदाय के लिए संपत्ति की विकासशील धारणा पर जोर दिया, जो सहानुभूति से प्रेरित नवाचार की प्रोत्साहन करती है। उन्होंने एकसतत भविष्य के लिए सहयोग की मांग की और छात्रों को महत्वपूर्ण प्रश्न पूछने और महत्वपूर्ण सोच को बढ़ावा देने की सलाह दी। डॉ.मुर्थी ने सेमिनार के विषय के बारे में संक्षेप दिया और धन्यवाद का भाषण दिया।

# डीएसपीएमयू में कुलपति ने किया दो पुस्तकों का विमोचन

स्वदेश संवाददाता

**रांची** : डीएसपीएमयू में पर्यावरण अध्ययन विभाग की संकाय सदस्य अमृता लाल की लिखित दो पुस्तकों का प्रशासनिक भवन के सम्मेलन कक्ष में कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य द्वारा विमोचन किया गया। यह दो पुस्तकें ब्यूटिया मोनो स्पमा ः द फ्लेम ऑफ फॉरेस्ट और एनवायरनमेंटल साइंस प्रैक्टिकल के नाम से शीर्षांकित है। कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने इन पुस्तकों के विमोचन पर कहा कि यह काफी हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय में जर्नल और पुस्तकों का प्रकाशन नियमित अंतराल पर किया जा रहा है। उन्होंने दोनों पुस्तकों की सराहना करते हुए कहा कि यह दोनों पुस्तकें विद्यार्थियों को केंद्र बिंदु रखते में हुए लिखी गई है जो उनके लिए काफी उपयोगी होगी।



पुस्तक की लेखिका अमृता लाल ने मौके पर कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में विद्यार्थी के तौर पर अध्ययन और अध्यापन के उपरांत यहां से ही अपनी दो पुस्तकों का प्रकाशन उनके लिए काफी गौरवान्वित करने वाला पल है। उन्होंने इन पुस्तकों के प्रकाशन के लिए कुलपति तपन कुमार शांडिल्य कुलसचिव नमिता सिंह पर्यावरण अध्ययन की समन्वयक नमिता लाल के साथ अपने सभी विभागीय और पारिवारिक सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए उन्हें इन पुस्तकों के लेखन का प्रेरणास्त्रोत बताया। उन्होंने कहा कि यह दोनों पुस्तकें स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के अकादमिक हितों को ध्यान में रखकर लिखी गईं है। मौके पर नमिता लाल सजलेंदू घोष ने भी पुस्तकों के संबंध में अपने विचार रखें। धन्यवाद ज्ञापन जीसी बास्के ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. नमिता सिंह विभिन्न विभागों के सभी विभागाध्यक्ष और समन्वयक मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## चुनाव के दौरान अपनी जिम्मेवार का निर्वाह करें कार्यकर्ता : संतोष जयसवाल

**खूंटी** : रनिया मंडल में भाजपा की शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष निखिल कंडुलना की अध्यक्षता में हुई बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर चुनाव प्रभारी संतोष जयसवाल ने भाजपा कार्यकताओं को निर्देश देते हुए कहा कि यह सबसे महत्वपूर्ण समय है। हर कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और लगन के साथ घर-घर जाकर भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में मतदान करने की अपील लोगों से करें। जयसवाल ने कहा कि चुनाव के दौरान सभी कार्यकताओं की जिम्मेवारी बढ़ जाती है। आप ही संगठन की रीढ़ हैं। बैठक में रनिया मंडल की सभी सातों पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पंचायत प्रभारी ,उपस्थित थे। बैठक में प्रत्येक पंचायत में चुनाव की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर बूथ स्तरीय कार्यकताओं को पाठसभा में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी अध्यक्षों को निर्देश दिया गया।

# एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड में वार्षिक उत्सव एमिफोरिया 2024 का समापन

स्वदेश संवाददाता

**रांची** : एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के संस्थापक अध्यक्ष और कुलाधिपति के दृष्टिकोण और मिशन को ध्यान में रखते हुए झारखंड के लिए वर्ष का प्रमुख वार्षिक उत्सव- एमिफोरिया 2024 उत्सव के तीन दिनों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय के सम्मानित महाधिवक्ता राजीव रंजन मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि रांची में शिक्षण के बहुत सारे संस्थान हैं जिनमें से एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड शैक्षणिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण तत्व के रूप में सामने है। परिसर तेजी से विकसित हो रहा है और मैं यहां आकर रोमांचित और सम्मानित महसूस कर रहा हूं। आयोजन के दौरान श्री रंजन ने कानून के क्षेत्र पर स्पष्ट रूप से चर्चा की और व्यावहारिक और मूल्यवान जानकारी प्रदान की। एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के




कुलपति डॉ. अशोक के. श्रीवास्तव ने एमिफोरिया 2024 का हिस्सा बनने वाले प्रत्येक व्यक्ति को हार्दिक आशीर्वाद एवं शुभकामनाएँ दिया। उन्होंने वार्षिक उत्सव में छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी को देखकर संतोष व्यक्त किया. तीसरे दिन अकादमिक समुदाय को माँ शारदा राष्ट्रीय नृत्य संगठन के कालबेलिया नृत्य मंडली द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। महोत्सव में 60 से अधिक कार्यक्रम शामिल थे जिनमें फेस पेंटिंग इवेंट्स और ट्रेजर हंट्स वॉलीबॉल फुटबोल कबड्डी टेक स्पेक्ट्रम इनोविजन शतरंज वोकल वॉयेज अर्बन पंचायत शामिल थे। इस महोत्सव में बॉलीवुड की संगीतकार आस्था गिल भी शामिल थीं जो उपस्थित लोगों को विविध प्रकार के संगीत अनुभव प्रदान कर रही थीं। अमीफोरिया-2024 उत्सव उत्साह के साथ संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम में लगभग 60 स्कूलों और कॉलेजों की भागीदारी देखी गई जिनमें सेंट जेवियर कॉलेज गोस्नर कॉलेज मारवाड़ी कॉलेज आईसीएफएआई विश्वविद्यालय झारखंड राय विश्वविद्यालय गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल सेंट थॉमस स्कूल कैराली स्कूल और सरला बिड़ला विश्वविद्यालय शामिल थे। खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न स्कूल कॉलेजेस एवं यूनिवर्सिटीज के बच्चों को प्रोत्साहित किया गया और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल ट्रॉफीज प्रदान की गई।

## नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्षों को मिला प्रमाण पत्र

स्वदेश संवाददाता

**मांडर** : प्रखंड के मुड़मा में शुक्रवार को ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस की रांची जिला इकाई की एक बैठक जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर की अगुवाई में आयोजित की गई। इस बैठक में रांची जिला के सभी प्रखंड के अध्यक्षों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। साथ ही वर्तमान चुनावी परिप्रेक्ष्य में एक दूसरे का फीडबैक



भी लिया गया। बैठक में सभी अध्यक्षों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इंडिया महागठबंधन द्वारा मुसलमान के साथ अन्याय किया गया है। बैठक में सभी प्रखंड अध्यक्षों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए शमीम अख्तर द्वारा निर्देश दिया गया कि दो दिनों के अंदर प्रखंड कमिटी तैयार कर जिला को समर्पित करें। इस अवसर पर रांची जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली, जिला सचिव क्यूम अंसारी, एनुअल अंसारी, तनवीर अहमद, नईम अंसारी, गफार अंसारी, मुबारक अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## फिलिप व अमानत ने विभिन्न पंचायतों का किया भ्रमण

**मांडर** : प्रमुख फिलिप सहाय एक्का और उप प्रमुख अमानत अंसारी ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान ब्राम्बे स्थित आईएचएम पहुंच कर वहां के प्राचार्य डॉक्टर भूपेश से औपचारिक मुलाकात कर



वहां के छात्र-छात्राओं के पढ़ाई की जानकारी के साथ साथ वहां के बने व्यंजनों का भी आनंद लिया। मौके पर डॉ भूपेश कुमार ,बेलस टोप्पो, चारों उरांव, गोविंद उरांवसहित अन्य लोग मौजूद थे।

# गौरैया संरक्षण पर केंद्रित संजय कुमार की तीसरी पुस्तक 'आओ गौरैया'

- **गौरैया के संरक्षण के मार्गदर्शिका के रूप में "आओ गौरैया" पुस्तक निभायेगी एक महत्वपूर्ण भूमिका**

स्वदेश संवाददाता

**रांची** : 'आओ गौरैया' पुस्तक जागरूकता के मद्देनजर लिखी गई है, जो प्रकृति के एक अनमोल उपहार के संरक्षण के प्रयासों की कलमबद्ध करता है। संजय कुमार की गौरैया संरक्षण पर यह पुस्तक न सिर्फ गौरैया से आपकी मुलाकात करवाती है बल्कि कई लोगों द्वारा इसके संरक्षण के लिए उठाए गए कदमों से परिचय कराकर इस छोटी सी चिड़िया के लिए कुछ करने के लिए प्रेरित करती है। गौरैया हमारी विरासत का एक अंग है जो कई संकटों से गुजरते हुए अपने अस्तित्व को बचाए हुए है। उसके अस्तित्व की लड़ाई में संरक्षणकर्मियों से लेकर नीति-निमार्ताओं के प्रयास रंग ला रहे हैं और गौरैया की चहचहाहट भले ही हमारे आंगन - जो हमारे घरों से विलुप्त हो गए हैं - में न गूंजे पर शहरी माहौल में हमारी बालकनी से पुनः आने लगी है। दाना-पानी-आवास का




प्रावधान कर गौरैया को वापस बुलाने की पहल में संजय कुमार ने एक और प्रयास पुस्तक ला कर किया है। संजय कुमार द्वारा गौरैया पर रचित इस तीसरी पुस्तक की सबसे खास बात है कि इसमें गौरैया के कई संरक्षकों के अनुभवों एवं प्रयासों को साझा किया गया है। इस पुस्तक में गौरैया के प्रागैतिहासिक काल से लेकर वर्तमान तक की जानकरियों को समाहित किया गया है। गौरैया के संरक्षण के लिए जितनी भी खास जानकारियों की जरूरत है वो सभी इस पुस्तक में समाविष्ट हैं, चाहे वह गौरैया के खान-पान, रहने के स्थान, जैविक क्रियाएं, परिवेश से संबंध हों अथवा मनुष्यों के क्रिया-कलापों के उनपर प्रभाव। पुस्तक में कुल 15 अध्याय है। इनमें गौरैया संरक्षण, आओ गौरैया, जलवायु परिवर्तन से गौरैया को खतरा, जहां पर्यावरण संतुलित वहां गौरैया, सोनकंठी गौरैया, गौरैया की आबादी, कृत्रिम घोंसला अहम बातों का रखें ध्यान, कीटनाशक से मौत, गौरैया की क्रूर हत्या, विश्व में डाक टिकट से गौरैया संरक्षण, गौरैया जिंदा हैं और डियर स्पैरो, गौरैया संरक्षण बिहार सरकार और पटना जू, गौरैया गोलंबर, घरेलू गौरैया के शारीरिक बनावट और रोचक हूं मैं : गौरैया शामिल हैं।

**गौरैया के संरक्षण के मार्गदर्शिका के रूप में आओ गौरैया पुस्तक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।**

**पुस्तक** : आओ गौरैया
**लेखक** : संजय कुमार
**प्रकाशक** : अनन्या प्रकाशन, नई दिल्ली
**मूल्य** : 195
**संस्करण** : प्रथम -2024
**पुस्तक के लिये संपर्क** : 91223 95205

**चुनाव प्रचार** | खूंटी संसदीय सीट से स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में भाग्य आजमा रहे पूर्व विधायक, बोले -

# आदिवासियों का हित भाजपा-कांग्रेस के लिए कभी चुनावी मुद्दा नहीं रहा

स्वदेश संवाददाता

**खूंटी** : जनजातियों के लिए सुरक्षित खूंटी संसदीय सीट से स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में भाग्य आजमा रहे कोलेबिरा के पूर्व झामुमो विधायक बसंत लोंगा ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा सहित अन्य राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों के ऐजेंडे में आदिवासियों की भलाई की बात कभी नहीं रही। सरना कोड, समता जजमेंट, रुढ़िवादी पारंपरिक व्यवस्था, पेसा कानून जैसे आदिवासियों से जुड़े मामले भाजपा और कांग्रेस के लिए कभी चुनावी मुद्दे कभी नहीं बने सके। तोरपा में कोआर्डिनेशन कमेटी की बैठक के पूर्व पत्रकारों



से बातचीत करते हुए बसंत लोंगा ने कहा कि वे न कभी झामुमो के विरोधी रहे हैं और न ही वे बागी उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। आज भी गुरुजी शिबू सोरेन उनके आदर्श हैं और रहेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो ने 1995 के बाद मुझे अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका ही नहीं दिया। पूर्व विधायक ने कहा कि आज झामुमो भी उद्देश्यों से भटक गया है। उन्होंने कहा कि खूंटी संसदीय सीट में कांग्रेस और भाजपा के बीच कोई गुप्त समझौता जरूर हुआ है अन्यथा क्या कारण हो सकता है कि लगातार चुनाव हारने वाले कालीचरण मुंडा को ही इस बार भी कांग्रेस ने टिकट दे दिया। उन्होंने कहा कि सरना धर्मावलंबियों के लिए सरना कोड बहुत जरूरी है लेकिन यह मुद्दा न कांग्रेस के घोषणा पत्र में है और न भाजपा के संकल्प पत्र में। एक प्रश्न के उत्तर में बसंत लोंगा ने कहा कि खूंटी संसदीय सीट से कांग्रेस की अपेक्षा झामुमो बेहतर प्रदर्शन कर सकता है लेकिन गुप्त समझौते के तहत हर बार आदिवासियों के लिए आरक्षित इस सीट को कांग्रेस को दे दिया जा रहा है और हर बार कांग्रेस को हार का मुंह देखना पड़ता है। साथ ही कहा कि 2014 में भी उन्होंने झामुमो के टिकट के लिए प्रयास किया था लेकिन झामुमो पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया और कांग्रेस को यह सीट दे दी गई। बसंत लोंगा ने कहा कि आज भी वे अपने को झामुमो का कट्टर सिपाही मानते हैं और गुरुजी का पूरा सम्मान करते हैं और करते रहेंगे।

**तीन लाख परिवारों से लेंगे एक किलो चावल और दस रुपये**

चुनाव में होने वाले खर्च के संबंध में निर्दलीय प्रत्याशी बसंत लोंगा ने कहा कि वे तीन लाख परिवारों से एक-एक किलो चावल और दस-दस रुपये नकद सहायता लेंगे, जिससे चुनाव में होनेवाले खर्च की भरपाई की जायेगी। लोंगा ने कहा कि इस बार पूरे तेवर के साथ लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं और गांव-गांव में जिस तरह लोगों का आशीर्वाद उन्हें मिल रहा है, उससे उनकी जीत तय है।

NEWS IN Gallery

### पूर्व मंत्री योगेंद्र साव सहित 25 आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची** : चतरा के टंडवा में भूमि अधिग्रहण के खिलाफ आंदोलन करने के मामले में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव सहित 25 आरोपित को अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट ने शुक्रवार को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। मामले में सीसीएल के आम्रपाली कोल परियोजना के विस्थापितों ने आंदोलन किया था। आंदोलन के नेतृत्व पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने किया था। आंदोलन के दौरान पुलिस और आंदोलनकारियों के बीच कई बार टकराव और झड़प हुई थी। मामले को लेकर सरकारी काम में बाधा डालने, रंगदारी मांगने, सरकारी संपत्ति का नुकसान पहुंचाने सहित अन्य आरोप लगाकर दो प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

### मध्यस्थता से 19 वर्ष बाद सुलझा दो भाईयों का सम्पत्ति विवाद

**रांची** : रांची सिविल कोर्ट में 19 वर्ष से चल रहे एक सम्पति विवाद का मामला शुक्रवार को आपसी सहमति के आधार पर मध्यस्थता के जरिये सुलझा लिया गया। इस केस के निपटारे में रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दोनों सहोदर भाईयों के बीच सम्पति विवाद था।दामोदर नाथ शाहदेव की ओर से अपने सगे भाई बड़ा लाल गोविंद नाथ शाहदेव एवं अन्य के खिलाफ रांची के लेक रोड, हरमू रोड, किशोरगंज स्थित भूमि 1.25 एकड़ पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। समझौता के बाबत दोनों पक्षकारों के बीच कई दौर की वार्ता हुई थी, लेकिन विवाद नहीं सुलझ पा रहा था।
इसके बाद न्यायालय के पहल पर समझौता के लिए दोनों पक्षों के बीच कई दौर की बैठकें हुई। तब दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं तथा मध्यस्थता की ओर से 19 वर्ष पुराने मामले को सुलझा लिया गया। पक्षकारों के बीच यह सहमति बनी कि एम.एस. प्लॉट नम्बर - 1165, 1167, 1168, लेक रोड स्थित भूमि में वादी दामोदर नाथ शाहदेव को 62.80 डिसमिल तथा प्रतिवादी बड़ा लाल गोविंद शाहदेव एवं अन्य को 62.80 डिसमिल भूमि मिलेगा, जिसमें दोनों पक्ष अपने-अपने हिस्से की जमीन में अपनी मर्जी से उस भूमि का उपयोग करेंगे। इस बाबत पक्षकारों की ओर से नक्शे की प्रति भी दायर की गयी, जिसमें उनके हिस्से का विवरण दर्ज है।

# जल संकट से बचने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग जागरुकता अभियान चलाने की तैयारी

स्वदेश संवाददाता

**रांची** : राजधानी रांची में भीषण जल संकट से बचने के लिए राज्य सरकार गंभीर है। नगर विकास विभाग ने रांची नगर निगम को जन जागरुकता अभियान चलाकर वर्षा जल संचयन और संरक्षण (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) कराने का निर्देश दिया है। अभी जो रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए नियम बना है उसके अनुसार 3000 स्क्वायर फीट से अधिक वाले आवासों के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग आवश्यक है। इस नियम के कारण लगभग 60 हजार आवास रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं करायें हैं जबकि यह सभी आवास पानी का उपयोग करते हैं। नियम के तहत रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सीमा में आने वाले 79772



आवास हैं। इसमें 52668 आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा हुआ है। 27104 आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं है। इसके लिए रांची नगर निगम जल्द ही सर्वे कराकर इन आवासों को सिस्टम लगवाने का प्रयास करेगा। इन आवासों के मालिकों को जुमार्ना स्वरूप डेढ़ गुना होल्डिंग टैक्स देना पड़ रहा है। रांची नगर निगम रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए फिलहाल प्रचार-प्रसार अभियान चला रहा है। इसके लिए लोगों को सूचना देने, शिक्षित करने और संचार की गतिविधियां भी चला रहा है। लगभग 15000 पम्फलेट का वितरण कराने के साथ शहर के 30 स्थलों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग से संबंधित होर्डिंग भी लगाये जायेंगे। इसके अलावा एनजीओ को भी जनजागरण अभियान चलाने के लिए घर-घर जाकर रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लाभ को बताने के लिए लगाया गया है। रांची नगर निगम ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग का काम करने वाली तीन एजेंसियों को कार्य आवंटित किया है। एक आवास में रेनवाटर कार्य पर लगभग 40 हजार रुपये खर्च आता है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग कराकर जीवनभर के जल संकट से बचा जा सकता है। अधिक भूगर्भ जल दोहन से बोरिंग फेल हो रहे है। कुंए सूख रहे हैं। पौध रोपण नहीं होने से वर्षा कम हो रही है, जिसका प्रतिफल यह है कि नदी, नहर, तालाब, आहर पोखर बंजर भूमि के रूप में तब्दील हो रहे हैं।

# आईजी अभियान ने चुनाव के मद्देनजर की बैठक, दिये कई दिशा-निर्देश

स्वदेश संवाददाता

**रांची** : आईजी अभियान सह राज्य पुलिस नोड्ल पदाधिकारी एवी होमकर ने पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बैठक की। बैठक में सभी जिलों में विधि-व्यवस्था, नक्सलियों, मादक द्रव्य, शराब इत्यादी के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के संबंध में विस्तृत रूप से समीक्षा की। बैठक में आईजी डीआईजी, एसएसपी और एसपी ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भाग लिया। आईजी ने बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश भी दिये। उन्होंने उग्रवाद प्रभावित सभी जिलों को लगातार योजनाबद्ध अभियान चलाने के लिए दिशा-निर्देश दिये । साथ ही कहा कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को नक्सली अंजाम नहीं दे सकें। इसका पूरा ध्यान रखें। साथ ही



अन्तरजिला एवं अंतरराज्यीय सीमा पर गतिशील नक्सलियों के खिलाफ सामंजस्य स्थापित कर सुरक्षा बलों के जरिये अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया गया। आईजी ने सभी सीमावर्ती क्षेत्रों पर पूर्व से संचालित पुलिस चेक पोस्ट-नाका पर अतिरिक्त बलों की प्रतिनियुक्ति करने , विशेष निगरानी रखने को कहा। साथ ही सभी एसपी को निर्देश दिया कि वह स्वयं संबंधित चेक पोस्ट-नाका का भौतिक रूप से सत्यापन करें ताकि अवैध रूप से ले जाने वाले कैश, अवैध शराब, अवैध हथियार एवं नशीले पदार्थों की तस्करी पर पूरी तरह से रोक लगाया जा सके। आईजी ने सभी डीआईजी , सभी वरीय पुलिस अधीक्षक और एसपी से उनके क्षेत्राधीन जिलों में लंबित वारंटों , कुर्कियों के निष्पादन पर कार्रवाई करने के लिए विशेष जोर दिया। साथ ही फरार अपराधियों पर कार्रवाई करने, निरोधात्मक कार्रवाई करने को कहा।

## गैंग्स ऑफ वासेपुर की तर्ज पर काम कर रहा गैंग्स ऑफ छोटानागपुर : प्रतुल शाहदेव



स्वदेश संवाददाता

**रांची** : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। प्रतुल ने आरोप लगाया की गैंग्स ऑफ वासेपुर की तर्ज पर गैंग्स ऑफ छोटानागपुर काम कर रहा है, जो पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झामुमो के कई अन्य बड़े नेताओं को जमीन कब्जा करने के लिए कागजात बनाने में मदद करता था। प्रतुल शाहदेव शुक्रवार को मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। प्रतुल ने कहा कि लव जिहाद को सरकार ने पूरे तरीके से नजरअंदाज कर-के रखा था। अब लैंड जिहाद भी इस सरकार में शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कब्जे वाली 8.86 एकड़ की बेनामी जमीन पर कब्जे में जिन लोगों पर कागजात के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगा उनमें इरशाद, अफसर अली, इम्तियाज, सद्दाम, ताल्हा और फैयाज प्रमुख हैं। प्रतुल ने जानना चाहा कि क्या यह बात सही है कि रात के 8:00 बजे के बाद इस गैंग्स ऑफ वासेपुर के सदस्यों को मुख्यमंत्री आवास में एंट्री करने की खुली छूट थी और उसे समय सीसीटीवी भी ऑफ कर दिया जाता था? प्रतुल ने एजेंसियों से आग्रह किया कि उस समय के सुरक्षा पदाधिकारी से बुलाकर इस मुद्दे पर जानकारी ली जाए। क्योंकि, अब तक तो सीसीटीवी फुटेज इन लोगों ने नष्ट कर दिया होगा। उन्होंने कहा कि लैंड जिहादी गैंग ने जगन्नाथपुर के कचनार टोली की बेशकीमती जमीन पर कब्जा कर लिया। इसमें भी गठबंधन से जुड़े जाकिर का नाम आया। जाकिर के साथ मुबारक खान, शमीम खान, इकबाल, नासिर इकराम, अब्दुल, सलीम, राशिद, हुसैन, मंजूर और अनवर को भी अभियुक्त बनाया गया है।

## भाजपा अपने छुपे एजेंडे पर काम करती है : कांग्रेस

स्वदेश संवाददाता

**रांची** : प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा इस देश में हमेशा अपने छुपे एजेंडे पर काम करती है। जबकि कांग्रेस अपने एजेंडे को जनता के सामने पूरे रोड मैप के साथ रखती है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि जब देश भाजपा से सवाल पूछ रहा है तो प्रधानमंत्री मोदी चुनाव की धारा दूसरी और मोड़कर देश में सांप्रदायिक माहौल बनाना चाहते हैं। जब कांग्रेस महंगाई की बात करती है तो भाजपा मुसलमान की बात करती है। कांग्रेस रोजगार पर सवाल करती है तो मोदी मंगलसूत्र की बात करने लगते हैं। कांग्रेस इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाला की बात करती है तो भाजपा जातिवादी राजनीति की बात करती है।



### कांग्रेस मीडिया विभाग के कोऑर्डिनेटर ने की बैठक

**रांची** : प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग की बैठक अध्यक्ष सतीश पॉल मुंजनी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के कोऑर्डिनेटर वैभव शुक्ला और सुमेर चारण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक में शुक्ला ने प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग की पूरी जानकारी प्राप्त कर मीडिया के साथ समन्वय बनाने की दिशा में गहन चर्चा कर कई दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के जरिये देश में सोशल मीडिया और मीडिया के अन्य माध्यम से झूठी अफवाहों का बाजार गर्म किया जा रहा है, ताकि जनता अपनी मूल समस्याओं को छोड़कर उनके द्वारा फैलाई जा रहे झूठ के झांसे में आकर अपना मतदान भाजपा के पक्ष में करें।

### एयरपोर्ट रोड पर चलती कार में लगी आग , चालक घायल

**रांची** : एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के हेथू जाने वाली सड़क पर अचानक चलती कार में शुक्रवार को आग लग गयी। घटना में कार चला रहा युवक बुरी तरह घायल हो गया है। आनन फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
जानकारी के अनुसार चलती कार में अचानक आग लगने से कार चला रहा युवक घबरा गया और उसने कार को सड़क के किनारे खड़ा करने की कोशिश की लेकिन तेज रफ्तार के कारण कार सड़क के किनारे गड्ढे में जा गिरी। घटना में कार चला रहा युवक किसी तरह जलती हुई कार से बाहर निकला। हालांकि इस दौरान चालक बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही एयरपोर्ट थाना प्रभारी कश्यप गौतम मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के दो वाहन पहुंचे और कुछ देर तक मशक्कत करने के बाद बाद आग पर काबू पा लिया। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से कार में आग लगी है।

## चुनाव आयोग ने की नयी परंपरा की शुरूआतः झामुमो

स्वदेश संवाददाता



**रांची** : झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने चुनाव आयोग की ओर से दो राष्ट्रीय दलों के स्टार प्रचारकों के संबंध में नोटिस भेजे जाने पर कड़ी नाराजगी जतायी है। भट्टाचार्य ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव आयोग ने दो राष्ट्रीय दलों को दो नोटिस भेजा है। दोनों पार्टियों से स्टार प्रचारकों के बारे में स्पष्टीकरण मांगा गया है। चुनाव आयोग ने ऐसी परंपरा की शुरूआत पहली बार की है। क्योंकि यह मांग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की है। चुनाव आयोग को यह साहस नहीं हुआ कि प्रधानमंत्री मोदी को नोटिस भेजा जाये। जब चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के बाद कांग्रेस प्रवक्ता को नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। दूसरा स्पष्टीकरण दिलीप घोष से मांगा गया। प्रधानमंत्री मोदी को नोटिस क्यों नहीं यह बहुत बड़ा सवाल है, ये सवाल साधारण नहीं है। भाजपा की तरफ से लगातार हेट स्पीचेज दिए जा रहे हैं। बिहार में गिरिराज सिंह के भाषा पर कोई कुछ नहीं बोल रहा है। भाजपा के कई अन्य नेता गलत भाषण और बयानबाजी करने से बाज नहीं आते है। लेकिन चुनाव आयोग उन नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

## एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीन कर मुस्लिमों को देना इंडी गठबंधन का हिडेन एजेंडा : अमित मंडल

स्वदेश संवाददाता



**रांची** : भाजपा विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने कहा कि एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीन कर अपने चहेतों को देना कांग्रेस और इंडी गठबंधन का हिडेन एजेंडा है। इंडी गठबंधन एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण का लाभ मुस्लिमों को देना चाहती है। कांग्रेस कहती है कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है। कांग्रेस और भाजपा में यही बड़ा अंतर है। अमित मंडल शुक्रवार को मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सदैव से सबक साथ-सबका विकास की पक्षधर रही है जबकि कांग्रेस का इतिहास सदैव तुष्टिकरण की राजनीति से भरा रहा है। कांग्रेस को एससी, एसटी और ओबीसी से नफरत है और उनके घोषणापत्र में भी तुष्टीकरण स्पष्ट दिखाई दे रहा है। मंडल ने कहा कि 09 दिसंबर, 2006 को राष्ट्रीय विकास परिषद के 52वें बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि हमें यह सुनिश्चित करने के लिए नवीन योजनाएं बनानी होंगी कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यकों को विकास के लाभों में समान रूप से साझा करने का अधिकार मिले। पहला दावा उनका होना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए अभिनव योजनाएं बनानी होंगी कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यकों को विकास के लाभों में समान रूप से हिस्सा लेने का अधिकार मिले। संसाधनों पर पहला अधिकार उनका होना चाहिए। मंडल ने कहा कि इससे एक खास वर्ग के प्रति कांग्रेस के अगाध प्रेम को समझा जा सकता है। मनमोहन सिंह ने यह बयान गलती से नहीं दिया था, बल्कि जानबूझ कर दिया था। क्योंकि 13 अप्रैल, 2009 को मनमोहन सिंह ने मुंबई में प्रेस कांफ्रेंस में एक प्रश्न का जवाब देते हुए फिर अपने बयान को सही ठहराया और कहा कि अल्पसंख्यकों का खासकर मुस्लिमों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए जब बात देश के संसाधनों की आती है। मंडल ने कहा कि कांग्रेस ने घोषणापत्र में कहा है कि देश में बहुसंख्यकवाद की कोई जगह नहीं है। मतलब उन्हें एससी, एसटी और ओबीसी से सख्त नफरत है। क्योंकि, देश में बहुसंख्यक आबादी इन्हीं गरीब लोगों की है। इन्हीं की साजिशों की वजह से जम्मू-कश्मीर में आजादी के 70 सालों तक एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण के साथ अन्य सामाजिक अधिकारों से वंचित थे।

### रांची में दंगे का फरार आरोपित गिरफ्तार



**रांची** : राजधानी की कोतवाली थाना पुलिस ने रांची दंगे के फरार आरोपित मो. सद्दाम को गिरफ्तार किया है। वह हिन्दपीढ़ी थाना क्षेत्र के एकरा मस्जिद के पास हुए साम्प्रदायिक दंगे में भी शामिल था। उसके खिलाफ रांची के 11 थानों में अलग-अलग मामले दर्ज हैं। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कोतवाली थाना के एक मामले के आरोपित मो सद्दाम उर्फ कोरेंट पगला एसएन गांगुली रोड पर रेकी कर रहा है। इसके बाद कोतवाली थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा के नेतृत्व में गठित टीम ने मो. सदाम को पकड़ लिया।

## राज्य में 30 अप्रैल तक लू चलने की चेतावनी

स्वदेश संवाददाता

**रांची** : राज्य में मई से पहले ही गर्मी झुलसाने लगी है। तेज धूप की तपिश ने लोगों को परेशान कर दिया। दिनभर तेज धूप के कारण लोग शहर की सड़कों पर कम ही दिख रहे हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं का असर भी राजधानी समेत अन्य हिस्सों में बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने भी इसे लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक 30 अप्रैल तक राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ता रहेगा। 27 अप्रैल को हीट वेव का असर संथाल और दक्षिणी हिस्से में देखा जायेगा जबकि 28 से 29 के



बीच हीट वेव का असर पलामू प्रमंडल और मध्य हिस्से में भी देखा जायेगा। ऐसे में लोगों को काफी सतर्क रहने की सलाह दी गयी है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को बताया कि आने वाले पांच दिनों के दौरान राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ेगा। इसमें पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गुमला और खूंटी में भी कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति बनी रहेगी। इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आने वाले तीन दिनों के दौरान राज्य के तापमान में चार डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी। बढ़ते तापमान और हीट वेव को लेकर मौसम विभाग ने विशेष अलर्ट जारी किया है। साथ ही लोगों को सलाह दी है कि दिन के 11 बजे से लेकर दोपहर के चार बजे तक बाहर न निकलें। समय-समय पर पानी पीते रहे। सूती कपड़े का इस्तेमाल करें।

बयानबाजी | रांची लोस सीट से बेटी को टिकट दिलाकर चौतरफा घिरे कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय

# सोशल मीडिया में अपनों ने उठाये सवाल

स्वदेश संवाददाता

**रांची** : झारखंड की हॉट सीट माने जाने वाली राजधानी रांची लोकसभा सीट कांग्रेस के लिए जी का जंजाल साबित हो रही है। इस सीट से कई बार उम्मीदवार रहे कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की कार्यशैली पर पार्टी के लोग ही सवाल उठा रहे हैं। इस सीट से वे बेटी को टिकट दिलाकर चौतरफा घिर गए हैं। राजनीतिक गलियारों में अंदर और बाहर यह चर्चा का विषय बना है कि सुबोधकांत सहाय नहीं चाहते हैं कि रांची लोस सीट पर उनके जाने के बाद इनके परिवार के अलावा कोई दूसरा आए। इसलिए राजनीतिक ताकत के सहारे बिटिया यशस्विनी सहाय को रांची से टिकट दिला दिया। कई लोग इसे



लेकर सोशल मीडिया में भी खुलकर बोल रहे हैं। कांग्रेस की महिला नेता और रांची नगर निगम की पूर्व मेयर रमा खलखो फेसबुक पर लिखती हैं कि जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। यह बात कांग्रेस नेता राहुल गांधी हमेशा कह रहे हैं। रमा ने लिखा है कि झारखंड प्रदेश में टिकट बंटवारे में कांग्रेस पार्टी की काफी फजीहत हुई। किसी को टिकट देकर काट देना यह स्वस्थ परम्परा नहीं है। राजधानी रांची में इतनी देरी बाद सहाय परिवार को ही टिकट देना था तो सुबोधकांत सहाय को ही दे देते। पार्टी में युवा, महिला और अनुभवी उम्र वालों का रहना पार्टी के सेहत के लिए फायदेमंद साबित होता है। खैर आलाकमान ने मुहर लगा दी है और यशस्विनी सहाय हम सबकी बिटिया रांची लोकसभा सीट से उम्मीदवार हैं। रमा खलखो के इस पोस्ट पर लोगों ने बहस छेड़ दी है। कांग्रेस नेता सागिर अंसारी कहते हैं कि कांग्रेस में टिकट चाहिए तो किसी सांसद-विधायक के परिवार से होना चाहिए। परिवारवाद जिंदाबाद। गोविंद टोप्पो कहते हैं कि झारखंड कांग्रेस कमेटी अब परिवारवाद की पार्टी बनकर रह गई है। यही कारण है युवा कांग्रेस से कनेक्ट नहीं हो पा रहे हैं। कांग्रेस को अब भगवान ही बचा सकता है। दूसरी ओर, रांची सीट से कांग्रेस से टिकट मिलने की उम्मीद में हाल ही में पार्टी में शामिल हुए रांची के पूर्व सांसद राम टहल चौधरी भी खासे नाराज हैं। राम टहल चौधरी दो बार रांची के विधायक और पांच बार सांसद रहे हैं। राम टहल कहते हैं कि टिकट की उम्मीद में ही कांग्रेस में शामिल हुआ था लेकिन उनके साथ छल हुआ है। कांग्रेस जीती हुई सीट हार गई है। कांग्रेस के लिए यह सही बात नहीं है।उल्लेखनीय है कि इससे पहले सुबोधकांत सहाय को रांची सीट से करारी हाल मिल चुकी है। इसके बाद उन्होंने भाई सुनील सहाय को 2012 में हटिया विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिलाई थी लेकिन वे भी चुनाव हार गए थे। अब सुबोधकांत सहाय ने बेटी को रांची संसदीय सीट से टिकट दिला दी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि रांची लोकसभा सीट पर कांग्रेस की नैया पार होती है या अंदरूनी कलह के चलते डूब जाती है।

# पोस्टल बैलेट एक्सचेंज सेंटर से फॉर्म 12 एवं 12 डी का हुआ आदान-प्रदान

- निर्वाचन सदन में बने एक्सचेंज सेंटर में निर्वाचन से जुड़े राज्य भर से पहुंचे थे पदाधिकारी

स्वदेश संवाददाता

**रांची** : लोकसभा आम चुनाव के लिए अंतरजिला स्थानांतरण के संदर्भ में पोस्टल बैलेट के निमित्त प्राप्त फार्म 12 एवं फॉर्म 12 डी का शुक्रवार को संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में स्थानांतरण किया गया। मुख्य निर्वाचन कार्यालय में बनाए गए एक्सचेंज सेंटर में राज्य के सभी जिलों, निर्वाचन क्षेत्रों से निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी अपने-अपने जिले में प्राप्त फॉर्म 12 एवं 12 डी को लेकर पहुंचे और संबंधित दूसरे जिलों को फॉर्म को उपलब्ध कराया। एक्सचेंज के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि एक भी मतदाता मतदान करने से नहीं छूटे, इसके लिए भारत निर्वाचन



आयोग द्वारा पोस्टल बैलेट से मतदान की व्यवस्था की गई है। पोस्ट बैलेट से मतदान के लिए प्राप्त फार्म 12 एवं 12 डी का एक्सचेंज फैसिलिटी से सर्विस वोटर एवं एसेंशियल सर्विसेस के मतदाताओं को मत देने में सुविधा होगी। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि फार्म 12 चुनाव ड्यूटी में कार्यरत यानी सर्विस वोटर के लिए है। फॉर्म 12 डी अब्सेंटी वोटर, अब्सेंटी वोटर फिजिकल डिसिबिलिटी, अब्सेंटी वोटर सीनियर सिटीजन तथा अब्सेंटी वोटर एसेंशियल सर्विसेस के लिए है, जो पोस्टल बैलेट के माध्यम से मत देने की प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। संबंधित मतदाता जो अपना फॉर्म जमा किए हैं, उसे एक्सचेंज फैसिलिटी के तहत एक दूसरे लोकसभा क्षेत्र में भेजा जा रहा है, ताकि वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। लोकसभा आम चुनाव के लिए अंतर जिला स्थानांतरण के संदर्भ में पोस्टल बैलेट के निमित्त प्राप्त फार्म 12 एवं फॉर्म 12 डी का स्थानांतरण, निर्गत पोस्ट बैलेट एवं पोस्टल बैलेट के आदान-प्रदान एवं अन्य के संबंध में एक्सचेंज कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत 30 अप्रैल को भी पोस्टल बैलेट एक्सचेंज फैसिलिटी उपलब्ध कराया जाएगा।

## NEWS IN Gallery

### 18 वर्षों से फरार लाल वारंटी प्रदीप साव गिरफ्तार

**रामगढ़ :** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो इसके लिए आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को 18 वर्षों से फरार लाल वारंटी प्रदीप साव को पकड़ने में वेस्ट बोकारो ओपी पुलिस सफल रही। इस संबंध में एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि लगातार चलाए जा रहे छापामारी अभियान के दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के बड़गांव निवासी प्रदीप साव कुज्जू स्थित एक फैक्ट्री में काम कर रहा है। वहां वह कई वर्षों से छुप कर रह रहा है। प्रदीप के खिलाफ थाने में कांड संख्या 175/2016 दर्ज है। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस मामले में उसके खिलाफ लाल वारंट जारी हुआ था। एसपी के निर्देश पर वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार ने टीम गठित कर प्रदीप साव को गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया है।

### देसी कट्टा एवं तीन जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**लोहरदगा :** बगडू थाना पुलिस ने एक युवक को एक देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान लोहरदगा दुपट्टा चौक स्थित ब्राह्मणडिहा निवासी विकास तिर्की (32 ) के रूप में हुई है ।युवक अपने ससुराल निरहू आया था, जहां रौब दिखाने के लिए देशी कट्टा लेकर घूम रहा था, जिसकी जानकारी लोगों ने पुलिस को दी। इसके आधार पर बगडू थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने निरहू गांव युवक के ससुराल पहुंचकर छापामारी की गई, जिमसें युवक के पास से देशी कट्टा औ? कारतूस बरामद हुआ।

### कार और बाइक में भीषण टक्कर,इलाज के क्रम में बाइक चालक की मौत

**गुमला :** गुमला-घाघरा मार्ग पर छोटा लोरो गांव के समीप शुक्रवार की सुबह कार और बाइक की भीषण टक्कर में टोटो थाना क्षेत्र के दसई टोली नवाडीह निवासी चंदर उरांव (40) गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में कार चालक लोहरदगा निवासी रामाशीष शर्मा के सिर पर गंभीर चोट लगी। घटना की जानकारी मिलने पर गुमला थाना की पुलिस घटनास्थल पहुंची और दोनों घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। वहीं रामाशीष शर्मा को इलाज के बाद छुट्टी कर दी गई। जबकि चंदर का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा था। शुक्रवार की अपराह्न इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।
बताया जाता है कि चंदर उरांव अपनी बाइक से गुमला की ओर आ रहा था। इसी बीच टोटो पेट्रोल पंप छोटा लोरो के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रक से पास लेकर निकलने के दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बाराती बोलेरो वाहन से भिड़ंत हो गई ।

## रामगढ़ में 43 असहाय घर पर करेंगे मतदान

# चुनाव में घर आ रहे तीन हजार से अधिक प्रवासी

स्वदेश संवाददाता

**रामगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में नामांकन 27 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। इसके लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसकी जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि तीन मई तक नामांकन पत्र भरे जाएंगे। चार मई को स्क्रुटनी होगी और छह मई तक नाम वापस लिए जाएंगे। इसके बाद 20 मई को लोकसभा क्षेत्र में मतदान होगा और चार जून को मतगणना के बाद यह प्रक्रिया खत्म होगी। डीसी ने बताया कि 20 मई को चुनाव कराने के लिए पोलिंग पार्टी को रामगढ़ कॉलेज परिसर में 19 मई को ईवीएम उपलब्ध कराया जाएगा। रामगढ़ जिले में सुबह 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान चलेगा। मतदान के बाद हजारीबाग में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा किए जाएंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी डॉ बिमल कुमार और निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र गुप्ता मौजूद थे। डीसी ने बताया कि रामगढ़ जिले में शत-प्रतिशत मतदाता मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए अनूठी योजना चलाई गई है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि वैसे मतदाता जिनकी उम्र काफी अधिक है या फिर वे दिव्यांग हैं। वे किसी भी परिस्थिति में मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच सकते हैं, तो उनके घर पर मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी। रामगढ़ जिले में 43 ऐसे मतदाताओं को चिह्नित किया गया है। चुनाव कार्य में लगी टीम उनके घर जाकर बैलेट से मतदान प्रक्रिया पूरी कराएगी। डीसी ने बताया कि रामगढ़ जिले के 10 हजार से अधिक मतदाता दूसरे जिले या राज्य में काम कर रहे हैं। इसकी सूची श्रम विभाग की ओर से दी गई थी। बीएलओ के द्वारा भी प्रवासी मजदूरों को चिह्नित किया गया था। इनमें से तीन हजार से अधिक मतदाता वोट डालने के लिए 20 में से पहले अपने घर पहुंच रहे हैं। यह अभी तक का आंकड़ा है। इसमें और भी इजाफा हो सकता है। कई लोगों ने कार्यालय में ईमेल किया है और कई लोगों ने फोन से टिकट बुक करने की बात कही है।



### एसएसटी और एफएसटी हुआ सक्रिय

डीसी चंदन कुमार ने बताया कि स्टेटिक स्क्वाड टीम और फ्लाइंग स्क्वायड टीम अधिसूचना जारी होने के साथ ही सक्रिय हो गए हैं। रामगढ़ जिले के प्रवेश मार्ग पर स्टेटिक स्क्वायर टीम ने जांच शुरू कर दी है। पतरातू प्रखंड में तालाटांड़ और पालू, रामगढ़ प्रखंड में बनखेता, गोला प्रखंड में चौपादारू, दुलमी प्रखंड में कुल्ही और मांडू प्रखंड में थाना के समीप चेकनाका बना कर वाहनों की जांच की जा रही है। कहीं भी चुनाव को प्रभावित करने के लिए पैसे, शराब वह अन्य चीजों का प्रलोभन दिया जा रहा है, तो उसकी सूचना मिलते ही फ्लाइंग स्क्वायड टीम कार्रवाई करेगी

### 80 वर्ष से अधिक वालों के लिए उपलब्ध होगी गाड़ी

80 वर्ष से अधिक उम्र के लोग या दिव्यांग व्यक्ति जो मतदान केंद्र पर पहुंचने में समर्थ नहीं होंगे, उन्हें बाकायदा गाड़ी पर बिठाकर मतदान केंद्र तक पहुंचाया जाएगा। डीसी ने बताया कि मतदान केंद्रों के पास छोटी गाड़ियों की व्यवस्था की जा रही है, ताकि आसानी से लोगों को उनके घर से लाया जा सके। बीएलओ को इसकी जिम्मेदारी दी गई है, ताकि वैसे लोगों को चिन्हित करके वे पहले से रखें।

### यूनिक होगा महिला और दिव्यांग बूथ, मिलेगा गोलगप्पा व आइसक्रीम

डीसी ने बताया कि 20 मई को मतदान होना है। जिले में यूनिक मतदान केंद्र भी बनाए जा रहे हैं। इसमें 14 महिला बूथ और छह दिव्यांग बूथ शामिल हैं। उन्होंने बताया कि महिला बूथ पर महिला सुरक्षा कर्मी और महिला पोलिंग पार्टी ही मौजूद रहेगी। इसके अलावा वहां मटके में पानी, शौचालय, टेंट आदि की व्यवस्था होगी। साथ ही उन बूथों से 200 मीटर दूर गोलगप्पे और आइसक्रीम के ठेले भी लगाए जाएंगे। यूनिक बूथ के पास मेले जैसा माहौल होगा। छह दिव्यांग बूथों के पास भी सारी व्यवस्था होगी। वहां व्हीलचेयर, रैम्प, शौचालय, पेयजल, अटेंडेंट के रुकने की व्यवस्था की जा रही है। उन स्थानों पर छांव के लिए टेंट भी लगाए जाएंगे।

# मजदूरों से भरी पिकअप वैन पलटी, एक की मौत, नौ घायल

स्वदेश संवाददाता



**पलामू :** जिले के पंडवा थाना क्षेत्र के लोहड़ा हाई स्कूल के समीप शुक्रवार को डालटनगंज-औरंगाबाद एनएच-98 पर मजदूरों से भरी पिकअप वैन पलटने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि 9 जख्मी हो गए। गंभीर रूप से जख्मी मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती किया गया है, जो आंशिक रूप से जख्मी थे, उनका मौके पर ही इलाज किया गया। घटना के बाद मजदूर के परिजन उग्र हो गए हैं और तत्काल मुआवजा की मांग को लेकर मुख्य सड़क को जाम कर दिया है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर स्थानीय थाना पुलिस पहुंची और घायलों को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भेजा। साथ ही मामले की जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि सारे मजदूर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के लिए काम कर रहे थे और मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के चियांकी के एक साइड पर काम करने जा रहे थे। सभी मजदूर वहां तीन माह से काम कर रहे थे। हर रोज की तरह शुक्रवार को सुबह 10 बजे हाजिरी बनाकर चियांकी साइड पर जा रहे थे, तभी इस तरह की घटना घट गयी। जानकारी के अनुसार एमआरएमसीएच में इलाज कराने आए मजदूर ने बताया कि पंडवा स्थित नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया कंपनी कार्यालय में हाजिरी बनाने के बाद साइड पर जाने के लिए निकले थे। इसी क्रम में अचानक अनियंत्रित होकर पिकअप पलट गयी। पिकअप का इंश्योरेंस फेल बताया गया है। ड्राइवर मुन्ना कुमार मौके से फरार हो गया। घटना के बाद कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक का पुत्र गौतम कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर मजदूरों को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया। इधर, घटना की सूचना मिलने पर मजदूर के परिजन इलाज कराने एवं हाल चाल जानने के लिए एमआरएमसीएच में पहुंच गए हैं। उनके रोने विलखने से माहौल गमगीन हो गया है। मृत मजदूर की पहचान पड़वा थाना क्षेत्र के कोकरसा गांव निवासी कोमल महतो (55) के रूप में हुई है। संजय महतो (40), मुरली महतो (50), उमेश राम (45) को गंभीर चोटें आई है, जबकि राजेश कुमार (35), जितेन्द्र कुमार, मुखर्जी, डोमन साव, राहुल कुमार, मुन्ना कुमार, वीरेन्द्र साव को मामूली चोट आई है।

### पलामू में बारातियों से भरी बस पलटी, 12 घायल



**पलामू :** बिहार के औरंगाबाद जिले के देव से बारातियों को लेकर वापस लौट रही गजना मईया नामक बस (बीआर-45पी-6203) शुक्रवार को पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव में नागबाबा चबूतरा के समीप पलट गई। आसपास के लोगों ने बस में फंसे सभी 12 बारातियों को बाहर निकाला और अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया। बारात भुनेश्वर प्रजापति के पुत्र अजय प्रजापति की थी और सभी बाराती गुरुवार को पतरिया से बिहार के देव गए थे। वापसी में पतरिया पहुंचने से एक किलोमीटर पहले ही यह घटना घट गई। ग्रामीणों में इस बात को लेकर रोष था कि गत वर्ष ही सरगड़ा मोड़ से वाया बिलासपुर, नौडीहा, सड़ेया गांव की सड़क मरम्मत कराई गई थी। इसके बावजूद वर्तमान में इस पथ की माली हालत खराब होने और जगह-जगह गड्ढे में तब्दील होने से बस अनियंत्रित होकर पलट गई। उन्होंने संबंधित निर्माण कंपनी को काली सूची में डालने व कानूनी कार्रवाई करने की भी मांग की। सूचना पर विधायक कमलेश सिंह, प्रतिनिधि अजित सिंह, योगेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने पहुंचकर सभी घायलों का हालचाल लिया। उन्होंने पतरिया गांव के घायल बाराती अर्जुन प्रजापति (45), गोपाल प्रजापति (50), महेन्द्र प्रजापति (45), जितेन्द्र प्रजापति (40), कमलेश राम (35), दुर्गा प्रजापति (45) सहित अन्य से कुशलक्षेम लेने के बाद उन्हें पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों से भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इनके समुचित इलाज में कहीं भी बाधा नहीं होगी।

## मतदान कर हम सरकार नहीं बल्कि भारत की दिशा तय करते हैं : निखिल

स्वदेश संवाददाता



**रामगढ़ :** हमारा एक वोट केवल सरकार नहीं बनाता, बल्कि वह भारत की दिशा तय करता है। यह बात शुक्रवार को रामगढ़ पहुंचे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बिहार-झारखंड क्षेत्रीय संगठन मंत्री निखिल रंजन ने कही। अभाविप की रामगढ़ जिला शाखा ने मतदाता जागरूकता अभियान हेतु बैठक का आयोजन होटल मिलन में किया था। इस मौके पर निखिल रंजन ने कहा कि भारत ने अपनी सफल निर्वाचन प्रक्रिया द्वारा विश्व की सबसे बड़े लोकतंत्र के सफल संचालन का परिचय कराया है। मतदाताओं की जागरूकता एवं भारत की चुनाव प्रक्रिया ही हमें और मजबूती देगा। हम अपने वोट से यह सुनिश्चित करते हैं कि भारत के भविष्य एवं विकास की गति क्या होगी। प्रत्येक चुनाव में मतदाता प्रतिशत में बढ़ोतरी ने भारत के नागरिकों की लोकतंत्र में आस्था को सिद्ध किया है। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक शुभम गिरी ने की। बैठक में रामगढ़ नगर अध्यक्ष डॉक्टर आशीष कुमार एवं जिला संगठन मंत्री विक्रम राठौड़ मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाने को लेकर कमेटी का गठन किया गया। नगर अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार ने कहा कि सरकार पर सवाल उठाने से अच्छा है हम अपने मतों का उपयोग कर निर्णय खुद करें। मत का उपयोग लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाता है। जिला संयोजक शुभम गिरी ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर अभियान समिति का गठन एक-दो दिन में किया जाएगा जिसमें आभियान के जिला संयोजक, नगर संयोजक, प्रखंड अभियान संयोजक के रूप में सभी को दायित्व सौंपा जाएगा।

# उत्साह से भरे मनीष जायसवाल की स्ट्राइक, गोटियों की तरह बिखरेंगे विपक्षी!

- 42 डिग्री सेल्सियस तापमान में चुनाव प्रचार करने पहुंचे गोला प्रखंड

स्वदेश संवाददाता

**रामगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव में किस्मत आजमा रहे प्रत्याशी भी लगातार जनता के बीच घूम रहे हैं। लेकिन उत्साह से भरे भाजपा के उम्मीदवार मनीष जायसवाल की स्ट्राइक से विपक्षी खेमा गोटियों की तरह बिखरा हुआ नजर आ रहा है। मनीष जायसवाल शुक्रवार को 42 डिग्री सेल्सियस तापमान में चुनाव प्रचार करने रामगढ़ के गोला प्रखंड में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जनता के साथ तो संवाद किया ही। लेकिन पेड़ के नीचे कैरम बोर्ड खेल रहे कुछ युवाओं के साथ भी उन्होंने चंद पल बिताए। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए कार्य और अपनी कर्मठता पर इतना भरोसा है कि वे चुनाव प्रचार से अलग होकर अपने मनोरंजन का साधन भी ढूंढ लेते हैं। चुनाव प्रचार के कई रंग आम जनता ने देखे हैं। लेकिन घर-घर जाकर मनीष जायसवाल का लोगों से आशीर्वाद मांगना स्पष्ट कर रहा है कि हजारीबाग का चुनाव इंडिया गठबंधन पर भारी पड़ने वाला है।



### 11 पंचायत के 18 गांव में चलाया जनसंपर्क अभियान

भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने गोला प्रखंड के 11 पंचायत के 18 गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। हुप्पु पंचायत स्थित ग्राम तोयर के स्व.दशरथ महतो चौक से शुरू हुआ उनका अभियान कई गांव से होकर गुजरा। इसमें हुप्पू, खोखा, बंदा, मूरपा, कोराम्बे, रकवा, सुतरी, मगनपुर बाजारटांड़, सोसोकला, कुम्हारदग्गा, डभातु बाजार टांड़, बरियातू अखाड़ा, कामता बरवाटांड़, गोला चौक बाजार और चाडी हेरमदग्गा शामिल हैं।

### मोदी की गारंटी को करें स्वीकार तीसरी बार बनाए मोदी सरकार

चुनाव प्रचार के दौरान मनीष जायसवाल ने कहा कि जनता मोदी की गारंटी को स्वीकार करें और तीसरी बार मोदी सरकार बनाएं। उन्होंने कहा कि लोगों में एनडीए और भाजपा विशेषकर मोदी सरकार को लेकर एक अलग तरीके का उत्साह देखा जा रहा है। मोदी सरकार ने राष्ट्रवाद, विकास, सुरक्षा और सुशासन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर देश और देश वासियों का मान-सम्मान बढ़ाया है।

## डॉ. अभिषेक कुमार सिंह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में किया नामांकन



स्वदेश संवाददाता

**चतरा :** चतरा लोक सभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ( एमडी एम्स नई दिल्ली ) ने अपना नामांकन निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में दाखिल किया । उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के समक्ष नामांकन दाखिल किया । नामांकन के पूर्व उन्होंने चतरा जिला मुख्यालय में एक रोड शो का आयोजन किया । रोड शो न्यू पेट्रोल पंप चतरा से निश्चित समय पर प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए फांसी तालाब पर जाकर संपन्न हुआ । रोड शो में शामिल समाप्त होने के बाद जतराहीबाग स्तिथ सेलिब्रेशन इन होटल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस मौके पर लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी डॉ अभिषेक ने कहा कि लोक सभा 2024 का यह चुनाव चतरा लोक सभा क्षेत्र की जनता के आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने वाला चुनाव है। निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेष्ज्ञ डॉ. अभिषेक कुमार सिंह लगातार आपकी अपेक्षाओं को पूरा करने और जन सेवा के कार्यों के साथ कृतसंकल्पित होकर कर कार्य कर रहे हैं।

## साहिबगंज में रंगदारी वसूली की योजना बना रहे दो बदमाश गिरफ्तार

स्वदेश संवाददाता

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने रंगदारी वसूली की योजना बना रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में बड़ा जिरवाबाड़ी के बबलू मंडल और पप्पू मंडल शामिल हैं। इनके पास से पुलिस एक देशी कट्टा और एक गोली बरामद किया है। पप्पू मंडल हाल ही में जमानत पर जेल से निकला है। बबलू मंडल बम कांड में वांछित था। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना पर निरापाडा जंगल में छापेमारी कर रंगदारी वसूली करने की योजना बना रहे बबलू मंडल और पप्पू मंडल को गिरफ्तार किया गया। बबलू मंडल तालझारी थाना क्षेत्र स्थित मसकलईया गांव में 15 सितंबर को हुए बम कांड, जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के चानन में राजा मंडल को गोली मारकर जख्मी करने में वांछित था। बबलू मंडल पर जिरवाबाड़ी थाना में चार मामले दर्ज हैं जबकि तालझारी थाना में एक मामला दर्ज है।



## सभी 11 उम्मीदवारों के नामांकन सही, 29 को तय होगा कितने चुनाव मैदान में

स्वदेश संवाददाता



**पलामू :** अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 13 पलामू लोकसभा निर्वाचन के लिए दाखिल किए गए सभी 11 नामांकन पत्रों की जांच शुक्रवार को की गयी। निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति में जांच प्रक्रिया पूरी की। हालांकि इस क्रम में किसी प्रत्याशी के नामांकन में त्रुटि नहीं पायी गयी। सभी के नामांकन सही पाए गए। 29 अप्रैल तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। इसके बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी कि चुनाव मैदान में कितने उम्मीदवार में बचे हैं। उपायुक्त कार्यालय में निर्धारित अवधि तक नामांकन पत्रों की जांच की गयी। एक एक करके सभी पर्चे की जांच के बाद सभी 11 उम्मीदवार बहुजन समाज पार्टी से कामेश्वर बैठा, राष्ट्रीय जनता दल से से ममता भुइयां, भारतीय जनता पार्टी से विष्णु दयाल राम, भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी से अभय कुमार, राष्ट्रीय समानता दल से ब्रजेश कुमार तुरी, एयूसीआई सी से महेंद्र बैठा, बहुजन मुक्ति पार्टी से राम वचन राम, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटी से वृंदा राम, भागीदारी पार्टी पी से सतेंद्र कुमार पासवान, लोकहित अधिकार पार्टी से सनन राम एवं निर्दलीय गणेश रवि के नामांकन सही पाए गए।

## कार्यक्रम | फिरायालाल पब्लिक स्कूल में संगीत सभा का आयोजन

# संगीत और छात्र के बीच होता है गहरा संबंध : विनोद

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** फिरायालाल पब्लिक स्कूल रांची के प्रांगण में ख्यातिलब्ध सितार वादक गौरव मजूमदार एवं प्रसिद्ध तबला वादक विनोद कुमार मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति से विद्यार्थी समूह आनंदित दिखे। संगीत और छात्र के बीच एक गहरा संबंध होता है। छात्रों की सोचने की क्षमता संवाद- कौशल संवेदनशीलता मानसिक शारीरिक और सामाजिक स्वास्थ्य के संतुलन और संवर्धन के विकास में संगीत बहुत सहायक होता है जिससे अध्ययन के प्रति रूचि भी जगती है। भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति से बच्चों को अभिसिंचित करने के उद्देश्य से समर्पित फिरायालाल पब्लिक स्कूल रांची के प्रेक्षागृह में स्पिकमैके झारखंड चैप्टर के तत्वावधान में संगीत सभा का आयोजन किया गया। माँ सरस्वती का आह्वान करते हुए अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सितार वादक उस्ताद गौरव मजूमदार ने रसमयी प्रस्तुति दी। उन्होंने राग चारूकेशी में आलाप एवं बन्दिशों की प्रस्तुति सितार पर दी। मंच पर तबले के साथ संगतकार के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के व्याख्याता विनोद कुमार मिश्रा जी थे। दादरा कहरवा आदि कई तालों की संगति एवं जुगलबंदी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वैष्णव जन तो तैने कहि के सुमधुर प्रस्तुति से इन्होंने समां बांध दिया। उस्ताद गौरव मजूमदार ने स्पिकमैके के लोगो में अंकित लाल रंग के बने वृत्त को ज्ञान चक्षु बताते हुए कहा कि यह मानव में अंतर्दृष्टि को जाग्रत कर परमात्मा से स्वंय को जोड़ने का माध्यम है। सुव्यवस्थित ध्वनि जो रस की सृष्टि से उत्पन्न होती है वह संगीत कहलाती है। संगीत की जननी ध्वनि उर्जा है जो कई रागों में बदल जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का जवाब देते हुए तबला और सितार आदि वाद्ययंत्रों से निकले ध्वनि सुर ताल और लय के वैज्ञानिक महत्व से भी बच्चों को भी अवगत कराया और बताया कि भारतीय शास्त्रीय संगीत से जुड़कर हम सृजनात्मकता का विकास और आत्मविश्वास में वृद्धि कर सकते हैं जिससे जीवन में सहजता और नैसर्गिक आनंद की प्राप्ति होती है। प्राचार्य नीरज कुमार सिन्हा ने गणमान्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ दुशाला और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं विद्यार्थियों से रूबरू होने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगीत का महत्व हमेशा से रहा है लेकिन आज के कम्पिटिटीव माहौल में तनाव पूर्ण परिस्थितियों से निजात पाने के लिए यह अत्यंत सहायक है। हर तरह की भावनाओं से निपटने और हमारे जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में इसकी अहम भूमिका है। जिस प्रकार पाठ्यगत विषयों में पारंगत होने के लिए अभ्यास की आवश्यकता होती है उसी प्रकार संगीत के क्षेत्र में दक्षता हासिल करने के लिए हर दिन रियाज जरूरी है। संगीत के मोहक सुर की मादकता का हम पर जो प्रभाव पड़ता है वह हमारे जीवन में आंतरिक और आवश्यक भूमिका निभाता है।

### पलामू में 5.15 केजी गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**पलामू :** नावाजयपुर थाना क्षेत्र के टुइयां गांव में छापामारी कर पुलिस ने 5.15 केजी गांजा के साथ गौतम यादव को गिरफ्तार किया है। युवक टुइयां का रहने वाला था। नावाजयपुर के थाना प्रभारी कमल किशोर पांडे को गुप्त सूचना मिली थी कि टुइयां गांव में अवैध गांजा की खरीद बिक्री की जा रही है। सूचना के अनुसार टीम बनाकर कार्रवाई की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी पाटन के नेतृत्व में छापामारी की गई। गौतम यादव के घर की तलाशी लेने के क्रम में उसके घर की कोठी पर प्लास्टिक में अवैध रूप से रखें दो प्लास्टिक में कुल 5.15 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसे जब्त किया गया और फिर अवैध गांजा की खेती एवं खरीद बिक्री करने के आरोप में गौतम यादव 30 वर्ष पिता स्वर्गीय रामचंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया।

## दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस ने मुरी रेल थाना प्रभारी सुनील का किया स्वागत



स्वदेश संवाददाता

**मुरीः** ज्ञात रहे के मुरी राजकीय रेल थाना का पदभार सुनील कुमार कुशवाहा जी ने ग्रहण किया है। इसी मौके पर रेलवे मेंस कांग्रेस के प्रतिनिधि मण्डल ने उनका जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया। तथा शिष्टाचार मुलाकात में कर्मचारियों के हितों को उनके समझ रखा उन्होंने भी बड़े सहजता भाव से कर्मचारियों के मुद्दो को सुना और हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। रेलवे कर्मचारियों के आवास क्षेत्र में मोबाइल पेट्रोलिंग पर भी उन्होंने सकारत्क विचार मानते हुए कहा के हरसंभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर रेलवे मेंस कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल में सहायक सचिव नीतीश कुमार सिंह,मीडिया प्रभारी सैयद नाशीर रजा, शिवशंकर प्रसाद ,बृजभूषण राय, करीम अख्तर,महेश्वर महतो, के जे किंडो, शामिल रहे।

NEWS IN Gallery

## सबसे बड़ा दान कन्या दान : अमल दास



**बोकारो** : महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर एवं शिक्षा, स्वास्थ की दिशा में लगातार कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक सह सचिव अमल दास जी के निदेर्शानुसार आज बोकारो जिला के विभिन्न क्षेत्रों के सात गरीब लड़की जैसी चास प्रखंड के कांड्रा गांव के धनजय रमणीक के पुत्री अंजना कुमारी,और कलामुद्दीन असरी के पुत्री सगुप्त खातून,चंद्रपुरा प्रखंड के खलचो तेलों गांव के महेंद्र महतो के पुत्री निशा कुमारी, बोकारो थर्मल के जैनंदन महतो के पुत्री लक्ष्मी कुमारी, कसमार प्रकांड के बागदा गांव के आनंद प्रजापति के पुत्री मधुवाला कुमारी, जरीडीह प्रखंड के कोरटांड गांव के आजम अंसारी के पुत्री गुलशिता खातून और बालीडीह प्रखंड के नातुडीह गांव के संकर सिंह के पुत्री लक्ष्मी कुमारी के शादी में सहयोग हेतु आज संस्था की ओर से से पांच पांच हजार रुपए के चेक और एक एक साड़ी संस्था के बोकारो जिला के जिला प्रभारी अशोक दास एवं एसोसिएट के द्वारा लड़की के माता पिता के हाथो ग्रामीणों के उपस्थिति में सौंपा गया। वहा उपस्थित सभी गाव वालो को बताते हुए जिला प्रभारी ने बताया कि संस्था 2019 से चंदनकियारी के एक सुदूर गांव पोलकिरी से सुरु करते हुए आज झारखण्ड के लगभग सभी जिलों के साथ साथ बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल में भी संस्था जो कार्य कर रही है जो बहुत ही सरणीय बात है।

## सड़का हादसे में दुल्हा-दुल्हन सहित चार घायल

**गिरिडीह** : देवरी थाना इलाके के चतरो के समीप जमुआ-देवघर रोड में शुक्रवार को एक थार गाड़ी पुल के नीचे गिर गया। थार में दुल्हा-दुल्हन सहित चार लोग सवार थे। चारों की हालत गंभीर है। फिलहाल चारों का इलाज देवरी के जलखरियोडीह स्थित एक प्राईवेट नर्सिंग होम में चल रहा है। लेकिन शुरूआती इलाज के बाद चारों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि गुरुवार को जिले के धनवार थाना क्षेत्र के भलूटांड में जमुई के चकाई से बारात आयी हुई थी। शादी के दूसरे दिन शुक्रवार को वधु की विदाई हुई। दुल्हा-दुल्हन जय कुमार साव और प्रीति कुमारी के साथ दुल्हन की बहन अजंली कुमारी इसी महिन्द्रा कंपनी की थार से वापस चकाई लौट रहे थे। चकाई लौटने के क्रम में देवरी के चतरो के जमुआ-देवघर रोड में सामने से आ रहे तेज गति से आ रहे ट्रक से बचने के लिए थार गाड़ी का संतुलन बिगड़ा और सड़क पर बने पुल की रैंलिग तोड़ते हुए नीचे गिर पड़ा, जिसमें दुल्हन प्रीति कुमारी, दुल्हा जयकुमार और दुल्हन की बहन अंजली कुमारी (7) गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जबकि थार के चालक मुकेश साव भी घायल हो गया।

# पीएम के 400 पार लोस सीट का लक्ष्य होगा पूरा : बाबूलाल मरांडी

- भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने किया नामांकन, उमड़ी हजारों की भीड़

स्वदेश संवाददाता




**चतरा** : चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार कालीचरण सिंह अपने समर्थकों संग नामांकन करने शुक्रवार को चतरा समाहरणालय पहुंचे । इस दौरान उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास पांकी विधायक शशिभूषण कुशवाहा राज्य सभा सांसद आदित्य साहू जी पूर्व विधायक जनार्दन पासवान पूर्व विधायक प्रकाश राम हरे कृष्ण जी जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह मण्डल अध्यक्ष देवकुमार सिंह भाजपा नेता जीतन राम और भाजपा के अन्य शीर्ष नेता मौजूद रहे । नामांकन से पूर्व शहर के बाबा घाट मैदान में आयोजित जनसभा को सभी वक्ताओं ने संबोधित किया । इसके बाद अपने समर्थकों के साथ गाजे-बाजे के साथ नामांकन करने समाहरणालय परिसर पहुंचे । समाहरणालय परिसर में उपायुक्त रमेश घोलप के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया । बाबा घाट मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का स्वागत बड़ा माला से किया किया गया । इस मौके पर अपार जनसभा में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है जब चतरा लोकसभा की जनता की मांगों और आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए चतरा के बेटे को किसी राष्ट्रीय पार्टी ने प्रतिनिधित्व का मौका दिया है । ऐसे में यहां की जनता काफी उत्साहित है और कालीचरण सिंह को भारी बहुमत के साथ लोकसभा भेजने के लिए तैयार है । उन्हें कहा कि ऐसे प्रधानमंत्री चाहिए जो मजदूरी के लिए कम करें गरीबों के लिए कम करें किसानों के लिए काम करें महिलाओं के लिए काम करें । माननीय प्रधानमंत्री ने जनता के समक्ष एक लक्ष्य रखा है 400 पार वह इस बार जरूर पूरा होगा । वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार अगर किसी पार्टी ने चतरा के लाल को प्रतिनिधित्व का अवसर दिया है तो इसमें कुछ कहने का विषय ही नहीं बचता है । इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि देश में कानून से बढ़कर कोई नहीं है । इसका परिणाम है कि आज हेमन्त सोरेन को जेल जाना पड़ा है । उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है युवाओं के भविष्य को जिसने बेचा है, उन्हें सलाखों के पीछे जाना पड़ा है । इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि जेल जाने से पहले हेमंत सोरेन ने भले ही चम्पई सोरेन को मुख्यमंत्री बना दिया है,परन्तु आज भी राज्य में भ्रष्टाचार और कोयला,बालू और पत्थर जैसे खनिज पदार्थों का धड़ल्ले से लूट जारी है. वहीं उन्होंने महागठबंधन के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी पर भी जमकर हमला बोलते हुए कहा कि जनता सब जानती है महागठबंधन को करारी हार का सामना करना पड़ेगा । भाजपा चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा है की आप सबों के सहयोग से माननीय बाबूलाल मरांडी नें केंद्रीय नेतृत्व से मुझे टिकट दिलवाया यह मेरा सौभाग्य है आप सबो का मैं आभारी हूँ । माननीय पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह को यहाँ की जनता व आप सबो नें 3 लाख 77 हजार मत से जिताया आशा है कि मुझे भी उस मत से पार करेंगे ताकि आप सबो का मान सम्मान बना रहे । उन्होंने कहा कि 1957 के बाद पहली बार चतरा संसदीय क्षेत्र के रहने वाले किसी कार्यकर्ता और व्यक्ति को किसी केंद्रीय पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है। यह अपने आप में न सिर्फ सौभाग्य की बात है, बल्कि चतरा की जनता के स्वाभिमान का भी बात है। कालीचरण ने कहा कि मैं चतरा का बेटा हूं। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने भरोसा जताया है अब जनता की बारी है। साथ देखर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूती प्रदान करना सब का दायित्व है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री की गारंटी अपने आप में सबसे विश्वसनीय है। नरेंद्र मोदी की छवि देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी सबसे अलग है। जिसका परिणाम लोकसभा चुनाव में साफ तौर पर देखने को मिलेगा। नामांकन के मौके पर चित्र लोकसभा के पांचो विधानसभा क्षेत्र के नेता कार्यकर्ता व जनता उपस्थित थे । मंच संचालन भाजपा के जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह ने किया ।

# देश की जय जयकार तभी होगी जब नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे : बाबूलाल मरांडी

स्वदेश संवाददाता




**गिरिडीह** : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को गिरिडीह के गांडेय स्थित लेद हटिया मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत की जय जयकार पूरी दुनिया में हो रही है। देश की जय जयकार तभी होगी जब नरेन्द्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि 2047 तक भारत को विकसित और समृद्ध भारत बनाएंगे। प्रधानमंत्री की सोच है कि हर व्यक्ति को भोजन मिलना चाहिए। बीमार होने पर उनका बेहतर इलाज होना चाहिए। ऐसे भारत को बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल को देखेंगे तो स्पष्ट होगा कि आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने इतना काम नहीं किया। प्रधानमंत्री मोदी ने मां बहनों की इज्जत का भी ख्याल रखा। हर घर में शौचालय बनवाया। गैस का कनेक्शन दिया। गरीबों को रहने के लिए प्रधानमंत्री आवास दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2014 से पहले आतंकवादी हमले देश पर होते थे। तब केंद्र सरकार कभी अमेरिका जाती थी तो कभी यूएनओ जाती थी। कहती थी कि हमारे यहां बम विस्फोट हो गया है। पूरी दुनिया भारत पर हंसती थी। वर्ष 2014 में जब नरेन्द्र मोदी की सरकार बनी तब उन्होंने कहा कि बाहर से एक भी आतंकवादी यदि यहां हमला करेगा तो उसे घुसकर मारेंगे। जब देश में एक दो घटना हुई तब सेना के जवानों ने घुसकर मारा। इसके बाद इंडी गठबंधन के लोग इसका सबूत मांगने लगे। यह लोग देश विरोधी हैं। विकास विरोधी हैं। इन लोगों से सावधान रहना होगा। मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग झारखंड और विकास विरोधी हैं। झारखंड अलग राज्य की लड़ाई देश आजाद होने के समय से चल रहा था। कांग्रेस 50-60 साल तक सत्ता में रही लेकिन झारखंड अलग राज्य का निर्माण नहीं किया। झारखंड अलग राज्य के लिए आंदोलन करने वालों को खरीद लिया। फिर उन्हें जेल में भेज दिया लेकिन झारखंड राज्य नहीं बनाया। भाजपा की सरकार बनने के बाद झारखंड अलग राज्य का निर्माण हुआ। भाजपा जो करती है, वह करती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एनडीए की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को फिर से रिकॉर्ड मतों से विजय बनाकर दिल्ली भेजना है। विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी दिलीप वर्मा को विजय बनाना है। दोनों ही बार कमल छाप पर वोट देना है।

## डीएवी सेक्टर-6 के नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए शेप हंट प्रतियोगिता का आयोजन



स्वदेश संवाददाता

**बोकारो** : डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 में शुक्रवार को पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप (नई शिक्षा नीति ) के अन्तर्गत कक्षा एलकेजी एवं यूकेजी के बच्चों के लिए विभिन्न आकृतियों पर आधारित ₹शेप हंट प्रतियोगिता₹ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ गायत्री मंत्र एवं डीएवी गान से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों में विभिन्न आकृतियों को सीखने में मदद मिलती है, विभिन्न आकृतियों के कितने कोने होते हैं, कितनी भुजाएं होती है आदि के बारे में जानने से विभिन्न वस्तुओं के बीच के अंतर को समझने में सक्षम होंगे। विद्यार्थियों ने काफी उत्साह पूर्वक इस कार्य क्रम में भाग लिया । इस प्रतियोगिता में एल के जी से अभिनन्दन सिन्हा, अर्णव मिश्रा, रोहन राज, श्रृष्टि कुमारी, सुष्मिता बेसरा, वंशिका कुमारी, मेवान कुमार, सात्विक तथा यू के जी से अर्णव मंडल, आरोही, आदित्य अखिल, आकृति अंश, दिशांत, हर्ष, निधि, निखिल, पलक, रिद्धि प्रिया, राजवीर, रौनक राणा, रिहान, रिधिमा, साहिल सक्षम शिवांश, शान्वी, श्रेया, शिवांश, यश, युग, सोनम ने भाग लिया। विद्यालय के चारों सदन श्रद्धानंद सदन, दयानंद सदन, हंसराज सदन एवं विवेकानन्द सदन के बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। मंच संचालन भावना घले एवं धन्यवाद ज्ञापन अराधना ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक मौजूद थे ।

## बलियापुर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर 30 हजार घूस लेते गिरफ्तार

**धनबाद** : धनबाद के बलियापुर प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार दोपहर बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की। एसीबी की टीम ने 15वीं बित्त ब्लॉक कोऑर्डिनेटर जयंत कुमार डे को तीस हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ धर दबोचा। यह टीम लगभग डेढ़ से 2 घंटे तक बलियापुर प्रखंड कार्यालय में टीम कागजातों को खंगालती रही। वहीं टीम के पहुंचने की सूचना से बलियापुर प्रखंड कार्यालय में अफरातफरी मच गई। टीम बलियापुर से गिरफ्तार कर कोऑर्डिनेटर को धनबाद ले आई है। ठेकेदार का यह काम फाइबर ब्लॉक से जुड़ा हुआ बताया जाता है। काम करने के बाद ठेकेदार बिल पास कराने के लिए कार्यालय का चक्कर लगा रहा था। उससे तीस हजार घूस की मांग की गई थी। परेशान ठेकेदार ने इसकी सूचना निगरानी ब्यूरो को दी। एसीबी ने शिकायत की जांच के बाद आज घात लगाकर छापेमारी की। कोऑर्डिनेटर ने जैसे ही हाथ में रुपया पकड़ा, वैसे ही वहाँ सादे लिबास में खड़ी टीम ने उसे दबोच लिया।

# डाड़ी कलां में नल-जल योजना बेहाल

## जलमीनार बने, पाइप बिछी, लेकिन एक बूंद पानी मयस्सर नहीं

रियासत हसन



**बड़कागांव** : प्रखंड के डाड़ी कलां में नल जल योजना अब भी अधूरी है। जलमीनार बन गए, सप्लाई पाइप बिछा दी गई, घरों में कनेक्शन जोड़कर नल तक लगा दिए गए पर उनसे एक बूंद पानी नहीं आया। बड़कागांव प्रखंड के डाड़ी कलां पंचायत के कुंवा टोला में 15वें वित्त आयोग के तहत सोलर जल मीनार एक ऐसे बोर में लगाया गया है जिसमें पूर्व से ही हैंडपंप खराब पड़ा हुआ था। ऐसे में उक्त खराब पड़े चापा नल को हटाकर सोलर चालित जलमीनार तो लग गई, लेकिन लोगों को इससे एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हुआ। यहां के लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए मशक्कत करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 में नदीम के घर के सामने 15वें वित्त से लगा जल मीनार कोई काम का नहीं है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय ग्रामीणो ने बताया कि यहाँ पानी की बहुत समस्या है। पहले इस बोरिंग में हैंड पंप लगा हुआ था जिससे पानी हमेशा आता था जो पिछले कुछ महीनों से खराब था लेकिन जबसे मुखिया फण्ड द्वारा इस जल मीनार को लगाया गया तब से एक बूंद भी पानी नसीब नही हो रहा है इससे अच्छा तो हैंड पंप ही था जब इसमें पानी ही नही था, वहां पर जल मीनार बनाने की क्या आवश्यकता थी। इस संबंध में बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। वहीं लाभुक समिति के अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इस बोरवेल में पानी के लेयर नहीं है जिसके कारण जल मीनार से पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। स्थानीय मुखिया इलियास अंसारी से फोन पर संपर्क करने पर उन्होंने ज्यादा कुछ बताना जरूरी नहीं समझा।

### तीन महीने पहले 15वें वित्त से मुखिया फंड से लगायी गयी थी जलमीनार

लगभग तीन माह पूर्व 15वें वित्त से सोलर चालित जल मीनार डाड़ी कला पंचायत मुखिया फण्ड द्वारा लगवाया गया है ऐसे बोर में जल मीनार लगवाया गया है जो पूर्व से ही बंद पड़ा था। जल मीनार लगने के पश्चात एक बूंद भी पानी नहीं मिला इससे साफ प्रतीत होता है कि मनमानी किया गया है इसकी सही से जांच हो क्योंकि 15वें वित्त की राशि का दुरुपयोग किया गया है।

## कोडरमा लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी आशीष कुमार ने भरा नामांकन पत्र

**गिरिडीह** : कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में नामांकन पत्र की बिक्री और नामांकन भरने का काम शुक्रवार से शुरू हो गया। पहले दिन तीन लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे जबकि आशीष कुमार ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने गिरिडीह के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के समक्ष अपना पर्चा भरा। आशीष कुमार बिरनी प्रखंड के माखमरगो गांव के रहने वाले हैं। कोडरमा में नामांकन की अंतिम तिथि तीन मई है। तीन मई तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) नामांकन पत्र भरा जाएगा। नाम वापसी छह मई के अपराह्न तीन बजे तक कर सकते हैं।

## कोडरमा में दो सड़क हादसों में 12 घायल, पांच की हालत गम्भीर

**कोडरमा** : जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-कोवाड मुख्य मार्ग पर ग्राम डुमरडीहा में एक बोलेरो एवं एक स्विफ्ट कार के बीच शुक्रवार दोपहर आमने-सामने की टक्कर में दोनों गाड़ी पर सवार एक महिला समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मदद के लिए पहुंचे आसपास के ग्रामीणों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पांच घायलों को कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया। घायलों की पहचान गिरिडीह जिले के सीमावर्ती क्षेत्र गोरहंद निवासी अयोध्या पासवान, प्रकाश पासवान, बिरेंद्र पासवान, पोखराज पासवान, उर्मिला देवी एवं राजेंद्र यादव के रूप में हुई है। जानकारी अनुसार अयोध्या पासवान समेत चार पुरुष महिंद्रा बोलेरो (जेएच 02 बीएन 5099) से कोडरमा की ओर जा रहे थे। विपरीत दिशा से स्विफ्ट कार (डब्ल्यूबी 19एच 9271) से महिला और पुरुष मरकच्चो की ओर जा रहे थे।

# बोकारो परिसदन का डीसी सह डीईओ ने किया निरीक्षण

स्वदेश संवाददाता




**बोकारो** : परिसदन का शुक्रवार को उपायुक्त (डीसी) सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) विजया जाधव ने निरिक्षण किया। मौके पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला नजारत उप समाहर्ता सदानंद महतो, प्रेक्षक कोषांग के समन्वय पदाधिकारी रवि कुमार सिंह, सहयोगी पदाधिकारी शक्ति कुमार, मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। डीसी सह डीईओ ने क्रमवार बोकारो परिसदन में चल रहें कार्यों का जायजा लिया। टीम ने परिसदन में संबंधित एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखा गया। परिसदन की साज-सज्जा के लिए लगाएं गए फोटो फ्रेम, पर्दों, गमलों आदि को एकरूपता के अनुरूप संबंधित एजेंसी को सुनिश्चित करने को कहा। वहीं, परिसदन के सभी कमरों/रसोई घर/फ्लोर एरिया आदि की नियमित साफ-सफाई का निर्देश दिया। इस कार्य को निष्पादित कर रहे एजेंसी को बेहतर से कार्य/दायित्वों को निष्पादन करने को कहा। मौके पर उपस्थित जिला नजारत उप समाहर्ता को निगरानी करते हुए इसे सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वहीं, इस दौरान परिसदन में संचालित प्रेक्षक कोषांग, प्रेक्षकों कोषांग के कार्यालय/उपलब्ध संसाधनों का भी जायजा लिया। प्रेक्षक कोषांग के समन्वय पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त प्रेक्षकों के लिए कमरों का आवंटन, परिवहन, सुरक्षा आदि की व्यवस्था ससमय सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी सह डीईओ ने कई दिशा - निर्देश उपस्थित पदाधिकारियों को दिया और ससमय कार्य पूरा करने को कहा।

अध्यात्म

## श्रद्धा और भक्ति के साथ तोरपा का नौ दिवसीय मंडा अनुष्ठान सम्पन्न

# शिव भक्ति की जितनी कष्टसाध्य है आराधना पंडा पर्व

स्वदेश संवाददाता



**खूंटी** : वैसे तो भगवान भोलनाथ को प्रसन्न करने के लिए अलग-अलग इलाकों में कई तरह के अनुष्ठान किए जाते है, पर शिव भक्ति की जितनी कष्टसाध्य आराधना पंडा पर्व है, उतना कष्ट सामान्य पूजा-अर्चना में देखने को नहीं मिलता। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के बाद से ही पूरे झारखंड में भगवान भोलेनाथ की कष्ट साध्य आराधना का पर्व मंडा शुरू हो जाता है, जो पूरे ज्येष्ठ महीने तक चलता है। यह ऐसा सार्वजनिक अनुष्ठान है, जिसमें न कोई जात भेद होता और न ही मंत्रोच्चार की जरूरत है। भक्त भगवान आशुतोष को प्रसन्न करने के लिए सिर्फ अपने शरीर को कष्ट देते हैं। मंडा अनुष्ठान कहीं-कहीं नौ दिनों का होता है, तो कही तीन दिनों का। भगवान शंकर का वरदान पाने के लिए भक्त जिन्हें भोक्ता कहा जाता है, अनुष्ठान पूरा होने तक अपना घर-परिवार त्याग कर किसी शिवालय में शरण लेते हैं। इस दौरान वे 24 घंटे में सिर्फ एक बार फलाहार करते हैं। मंडा पर्व ऐसा अनुष्ठान होता है, जहां जनजातीय और अनुसूचित जाति समुदाय के लोग काफी संख्या में भाग लेते हैं। झारखंड के अलग-अलग गांवों में अलग-अलग तिथियों में मंडा पर्व मनाया जाता है। हालांकि इसका अनुष्ठान सभी गांवों में नहीं होता। जिस परिवार से कोई भोक्ता मंडा अनुष्ठान में शामिल होता है, तो उसके पूरे परिवार और निकट के रिश्तेदारों मांस-मदिरा का सेवन पूरी तरह बंद हो जाता है। ऐस ही नौ दिवसीय कष्टसाध्य मंडा पर्व शुक्रवार को तोरपा में संपन्न हो गया। सुबह से लेकर शाम तक निराहार रहकर और दहकते अंगारों में नंगे पाव चलकर भगवान भोलेनाथ की भक्ति का परिचय देते हुए 20 फीट ऊंचे झूले में झूलकर मंडा पूजा का समापन हुआ। मंडा पूजा के अंतिम दिन बडाईक टोली स्थित शिवालय परिसर में भक्तों और श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। मंडा पूजा समिति तोरपा के तत्वावधान मे आयोजित लोटन सेवा, धुंआसी, फूलखंदी और झूलन के साथ संपन्न हो गया। धार्मिक अनुष्ठान पुजारी श्याम सुंदर कर और पाट भोक्ता धन सिंह महतो की अगुवाई में किया गया। फूलखंदी के तहत शिवभक्तों ने नंगे पाव दहकते अंगारों के बीच चलकर अपनी भक्ति और आस्था का परिचय दिया। वहीं झूलन के दौरान झूलते हुए शिवभक्तों ने श्रद्धालुओं के बीच आस्था के फूल बरसाए, जिसे पाने की होड़ महिलाओं के बीच मची रही। इसके बाद लोगों में प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय बड़ाईक, उपेंद्र साहू, राजेश नायक, मनु नायक लखन साहू देवनंदन साहू सहित आदि ने योगदान दिया।

## जनता पढ़ी लिखी है उन्हें खुद पता है किसे चुनना चाहिए और किसे नहीं : अनुपमा सिंह



स्वदेश संवाददाता

**बोकारो** : लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर सभी दल अपना अपना वोट बैंक बढ़ाने को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं। साथ ही लोगों से मिलजुल कर अपने समर्थन में वोट करने की अपील कर रहे हैं, इसी क्रम में इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह बोकारो कोर्ट पहुंचकर वहां मौजूद सभी लोगों से अपने पक्ष में वोट करने की अपील की, वही अनुपमा सिंह ने कहा कि लोगों ने दिल से हमें समर्थन किया है साथ ही कहां कि धनबाद लोकसभा की जनता पढ़ी लिखी है काफी जागरुक है उन्हें खुद पता है कि किसे चुनना चाहिए और किसे नही। एक सवाल के जवाब में कहा कि महिला क्या कर सकती है महिला तो तुच्छ होती है घर में खाना देती है पानी देती है उसके अलावा क्या कर सकती है । साथ ही कहां की जनता उन्हें बताएगी कि महिला क्या कर सकती है। महिला आज के समय में सब के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का काम कर रही है, हर क्षेत्र में अपनी भूमिका निभा रही हैं।

## संपादकीय

# आक्रामक हमलों से तिलमिलाई कांग्रेस!



**लोकसभा** चुनाव के दो चरणों का मतदान सम्पन्न हो चुका है। तीसरे चरण के लिए प्रचार अभियान जारी है। भाजपा रामलहर और मोदी के करिश्माई नेतृत्व के बल पर अबकी बार चार सौ पार के नारे के साथ आगे बढ़ रही है। भाजपा नेतृत्व अभी तक विपक्ष को परिवारवाद व उनके शासनकाल में किये गये अथाह भ्रष्टाचार और घोटालों की बात करके घेर रहा था। उसके मुस्लिम तुष्टिकरण पर सीधा प्रहार नहीं कर रहा था, किंतु कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र, राहुल गांधी व विपक्ष के नेताओं के कुछ आपत्तिजनक बयानों के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी भाजपा अब कांग्रेस तथा विरोधी दलों के घोर मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर आक्रामक हो गयी है। मोदी ने कांग्रेस के समय में प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह के भाषण और कांग्रेस के घोषणा पत्र में किये गये वादों पर चर्चा करते हुए स्वयं कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मोर्चा खोला। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने ही बयानों से फंस जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को फुल टॉस गेंद फेंक कर चुनाव के मैदान में चौके-छक्के लगाने का अवसर दे बैठते हैं। राहुल गांधी ने कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी हो जाने के बाद एक जनसभा में कहा - सत्ता में आने पर वह देश का एक्सरे कर देंगे। दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगा। पिछड़े, दलित, आदिवासी, गरीब, सामान्य वर्ग के लोगों को पता चल जायेगा कि इस देश में उनकी भागीदारी कितनी है। इसके बाद हम वित्त और संस्थागत सर्वे करेंगे और यह पता लगायेंगे कि हिंदुस्तान का धन किसके हाथों में है और इस ऐतिहासिक कदम के बाद हम क्रांतिकारी काम शुरू करेंगे। इस बयान ने प्रधानमंत्री मोदी को रन बनाने का सुनहरा अवसर दे दिया और वे हिंदुत्व को लेकर आक्रामक हो गये। अब स्वाभाविक है कि इससे कांग्रेस और उसके साथी तिलमिला गये हैं और वह मुख्यधारा तथा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी पर अमर्यादित शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं।

कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री मोदी की शिकायत लेकर चुनाव आयोग भी पहुंचा है। उधर, भाजपा का प्रतिनिधिमंडल भी राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंच गया है। चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयानों पर आपत्ति जताये जाने के बाद संज्ञान लिया है। आयोग ने आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में बीजेपी और कांग्रेस को नोटिस भेजकर उनसे जवाब मांगा है। दोनों पार्टियों को 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक जवाब दाखिल करने के निर्देश दिये गये हैं। इधर, अपने चुनावी सभाओं व भाषणों में प्रधानमंत्री मोदी सहित भाजपा के सभी बड़े नेता कांग्रेस के मुस्लिम प्रेम पर एक के बाद एक तीखा प्रहार कर रहे हैं जिससे कांग्रेस तिलमिला गयी है। प्रधानमंत्री मोदी एक के बाद एक कांग्रेस की सरकारों में हुए हिंदू विरोधी घटनाओं, निर्णयों, विवादों को उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले राजस्थान की जनसभा में कहा - कांग्रेस की नजर आम लोगों की मेहनत की कमाई पर है, प्रापर्टी पर है महिलाओं के मंगलसूत्र पर है। कांग्रेस ने इरादा जाहिर कर दिया है कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों के घरों, प्रापर्टी और गहनों का सर्वे करायेगी फिर लोगों की कमाई कांग्रेस के पंजे में होगी। कांग्रेस की नजर देश की महिलाओं के गहनों पर है, माताओं- बहनों के मंगलसूत्र पर है, वो उसे छीन लेना चाहती है। कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में उसके इरादे साफ जाहिर हो रहे हैं। अगर कांग्रेस की सरकार आयी तो लोगो के बैंक एकाउंट में झांकेगी, लॉकर खंगालेगी, जमीन-जायदाद का पता लगायेगी और फिर सबकुछ छीनकर उसे घुसपैठियों और ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस यह संपत्ति उन लोगों को बांटेगी जिन्हें मनमोहन सरकार ने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इस बयान से चुनाव के मैदान में तूफान आ गया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को धार्मिक आधार पर मुस्लिम आरक्षण को लेकर भी घेरा है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में 2004 से 2010 के बीच मुसलमानों को दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों का हिस्सा काटकर उसमें से ही विशेष आरक्षण देने का भरसक प्रयास किया, किंतु न्यायपालिका के हस्तक्षेप से कांग्रेस का यह विकृत पायलट प्रोजेक्ट लागू नहीं हो सका। जबकि अब यही कांग्रेस भारत का संविधान बदलकर दलित, पिछड़ों, अतिपिछड़ों के अधिकारों में कटौती करके मुस्लिम आरक्षण देने की बात कर रही है।

## अध्यात्म पथ

### बेहद रहस्यमयी है राधा-कृष्ण का यह मंदिर भगवान खुद सुनते हैं गांव वालों की परेशानियां



**हमारे** देश भारत को साधना और आध्यात्म का केंद्र माना गया है। देश में कई ऐसे मंदिर हैं, जिनका अपना विशेष महत्व है। साथ ही यह मंदिर देखने में भी काफी सुंदर है। वहीं, कई मंदिर देवी-देवताओं की वजह से पहचाने जाते हैं। आज हम एक ऐसे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, जो बेहद रहस्यमयी है। बता दें कि यह मंदिर मध्य प्रदेश के छतरपुर जिला मुख्यालय से 17 किलोमीटर दूर स्थित है। इस मंदिर का नाम बिहारी जू मंदिर है। बिहारी जू मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की मूर्ति स्थापित है। इस मंदिर से जुड़ी एक मान्यता के मुताबिक, श्रीकृष्ण और राधा रानी मंदिर से बाहर निकलकर गांव के लोगों की परेशानियां सुनते हैं। बताया जाता है कि कई सालों से लगातार यह सिलसिला चला आ रहा है। मंदिर के बारे में यह भी कहा जाता है कि साल में एक बार महाराजगंज और श्यामरी पुरवा गांव के लोग ढोल-नगाड़े बजाकर बिहारी जू मंदिर जाते हैं। फिर वहां से राधा रानी और श्रीकृष्ण को पालकी में विराजमान कर अपने गांव लेकर आते हैं। जिस-जिस मार्ग से भगवान की पालकी को लेकर जाया जाता है, उस रास्ते पर लोग शंक और ढोल-नगाड़े आदि बजाते हैं। इसके बाद श्रीकृष्ण और राधा रानी को गांव में एक बड़े चबूतरे पर बिठा दिया जाता है। फिर राधा-कृष्ण गांव वालों की परेशानियों को सुनते हैं और सुबह होते ही उनको वापस मंदिर में विराजमान कर दिया जाता है।

जानकारी के, मुताबिक सैकड़ों साल पहले महाराजगंज और श्यामरी पुरवा गांव के लोग परेशानी का सामना कर रहे थे। तब गांव के लोगों ने मंदिर के पुजारी के साथ मिलकर यह तय किया कि क्यों न बिहारी जू मंदिर से श्री कृष्ण और राधा रानी गांव लेकर आया जाये। जब श्रीकृष्ण और राधा रानी खुद गांव वालों की परेशानियों को देंखेगे। तब से लेकर आज तक यह प्रथा चली आ रही है। अगर आप भी बिहारी जू मंदिर जाना चाहते हैं, तो आप सड़क मार्ग से मंदिर पहुंच सकते हैं। इसके अवावा आप इंदौर एयरपोर्ट और खजुराहों एयरपोर्ट से भी मंदिर पहुंच सकते हैं।

# अर्थव्यवस्था और रोजगार में वृद्धि

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी वृद्धि दर रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जापान जैसे प्रमुख देशों से अधिक है। भारत एकमात्र एशियाई अर्थव्यवस्था है जिसने महामारी शुरू होने के बाद से अपने निवेश–से–जीडीपी अनुपात में वृद्धि की है। आयात पर इसकी निर्भरता भी कम हो गई है क्योंकि प्रेषण में वृद्धि हुई है और वैश्विक क्षमता केंद्र उभरे हैं, जो व्यापार प्रक्रिया आउटसोर्सिंग में भारत की पिछली सफलता पर आधारित है। 2022 से धन प्रेषण की मात्रा में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बंद अर्थव्यवस्था की वास्तविकताओं के बजाय, जो कभी भारत को परिभाषित करती थी, आज अर्थव्यवस्था चीन की तुलना में अधिक खुली है और विकास के समान स्तर पर है। पिछले दशक में व्यापार भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 50 प्रतिशत से अधिक रहा है, जो 1990 में 15 प्रतिशत से भी कम था। विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष दोनों ने भारत के विश्व स्तरीय डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की प्रशंसा की, जिसने सरकार को सामाजिक कार्यक्रमों पर बेहतर ध्यान केंद्रित करने और कर अनुपालन बढ़ाने में मदद की है।

**पंकज जगन्नाथ जयसवाल**

वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के व्यापक परिदृश्य में भारत अपने तेज विकास और नयी ऊंचाइयों को छूने के निरंतर संकल्प के लिए कार्यरत है। भारतीय संस्कृति की एक लंबी परंपरा है और 1.4 बिलियन से अधिक की आबादी के साथ, भारत एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में विकसित हो रहा है, जो लगातार दुनिया भर में अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण है। इसमें एक विशाल, युवा आबादी के साथ-साथ एक खुली, लोकतांत्रिक राजनीतिक प्रणाली भी है। यह वर्तमान में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (पीपीपी) है और वैश्विक आर्थिक विकास में एक प्रमुख योगदानकर्ता है, फिर भी अभी महत्वपूर्ण अप्रयुक्त क्षमता है। दुनिया की आबादी के छठे हिस्से से अधिक के साथ भारत वैश्विक उत्पादन का बमुश्किल सात फीसदी हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की उपलब्धियों का उसके वैश्विक आर्थिक और रणनीतिक महत्व पर जबरदस्त प्रभाव पड़ेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2035 तक एशिया की ओर अधिक से अधिक झुकने की उम्मीद है, क्योंकि भारत, चीन और आसियान देश धीमी गति से बढ़ने वाली उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के साथ तालमेल बिठा लेंगे। छह प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर के साथ भी, भारत की अर्थव्यवस्था 2017 की तुलना में दोगुनी से अधिक बड़ी होगी। क्रय शक्ति समता के संदर्भ में, वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 2016 में सात प्रतिशत से बढ़कर लगभग 13 प्रतिशत होने की उम्मीद है, जो इसे संयुक्त राज्य अमेरिका के बराबर लायेगी।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी वृद्धि दर रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जापान जैसे प्रमुख देशों से अधिक है। भारत एकमात्र एशियाई अर्थव्यवस्था है जिसने महामारी शुरू होने के बाद से अपने निवेश-से-जीडीपी अनुपात में वृद्धि की है। आयात पर इसकी निर्भरता भी कम हो गई है क्योंकि प्रेषण में वृद्धि हुई है और वैश्विक क्षमता केंद्र उभरे हैं, जो व्यापार प्रक्रिया आउटसोर्सिंग में भारत की पिछली सफलता पर आधारित है। 2022 से धन प्रेषण की मात्रा में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बंद अर्थव्यवस्था की वास्तविकताओं के बजाय, जो कभी भारत को परिभाषित करती थी, आज अर्थव्यवस्था चीन की तुलना में अधिक खुली है और विकास के समान स्तर पर है। पिछले दशक में व्यापार भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 50 प्रतिशत से अधिक रहा है, जो 1990 में 15 प्रतिशत से भी कम था। विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष दोनों ने भारत के विश्व स्तरीय डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की प्रशंसा की, जिसने सरकार को सामाजिक कार्यक्रमों पर बेहतर ध्यान केंद्रित करने और कर अनुपालन बढ़ाने में मदद की है।



विश्व बैंक अंतर्राष्ट्रीय गरीबी रेखा के अनुसार, गरीबी को परिभाषित करता है, जो प्रति व्यक्ति प्रति दिन 2.15 डॉलर पर अत्यधिक गरीबी, 3.65 डॉलर पर निम्न-मध्यम आय और 6.85 डॉलर पर उच्च-मध्यम आय निर्धारित करता है। विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार, 2011 में भारत की गरीबी दर 22.53 प्रतिशत थी और भयानक महामारी के बाद भी यह काफी कम होकर 2021 में 11.9 प्रतिशत हो गयी है। मानव विकास सूचकांक उन्नति के तुलनीय रुझान को दर्शाते हैं। पिछले दशक के दौरान फ्लशिंग शौचालय और खाना पकाने की गैस, शिशु मृत्यु दर और घरेलू बिजली तक पहुंच में काफी सुधार हुआ है। एक दशक पहले 40 फीसदी घरों में बिजली नहीं थी, आज यह आंकड़ा तीन प्रतिशत से भी कम हो गया है।

भारत में 111 यूनिकॉर्न हैं, जिनका संयुक्त मूल्यांकन 349.67 बिलियन डॉलर है। 2021 में, 45 यूनिकॉर्न का जन्म हुआ, जिनका कुल मूल्य 102.30 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जबकि 2022 में 29.20 बिलियन डॉलर के कुल मूल्यांकन के साथ 22 यूनिकॉर्न का जन्म हुआ। भारत वर्तमान में दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा यूनिकॉर्न बेस है। सरकार अक्षय ऊर्जा पर भी काम कर रही है, जिसका लक्ष्य 2030 तक गैर-जीवाश्म स्त्रोतों से अपनी ऊर्जा का 40 प्रतिशत उत्पन्न करना है। सरकारी अनुमानों के अनुसार, 31 दिसंबर, 2023 तक, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने लगभग 117,254 स्टार्टअप को मान्यता दी थी, जिसमें अनुमानित 111 यूनिकॉर्न शामिल थे। इन स्टार्टअप ने सामूहिक रूप से लगभग 1.24 मिलियन रोजगार सृजित किए हैं, जिसका काफी आर्थिक प्रभाव पड़ा है। ईपीएफओ एक सामाजिक सुरक्षा संस्था है जो कर्मचारी भविष्य निधि और विविध नियम अधिनियम, 1952 के नियमों के तहत देश के संगठित कार्यबल को भविष्य निधि, पेंशन और बीमा निधि के रूप में सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है। सितंबर 2023 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत औपचारिक नौकरी सृजन इस साल अगस्त में 1.69 मिलियन से बढ़कर 1.72 मिलियन हो गया। सितंबर में 0.89 मिलियन से अधिक नये ईपीएफओ सदस्य नामांकित हुए, जिनमें से 58.9 प्रतिशत 18 से 25 वर्ष की आयु के थे। यह दर्शाता है कि देश के संगठित क्षेत्र के कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं, जिनमें से कई पहली बार कर्मचारी हैं।

**मोदी सरकार की पहल :** पिछले कुछ वर्षों में भारत सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए कई उपाय किये हैं। भारत सरकार नागरिकों की वित्तीय स्थिरता के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के समग्र विकास को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने में प्रभावी रही है। पिछले कुछ दशकों में भारत की जबरदस्त आर्थिक वृद्धि के परिणामस्वरूप निर्यात मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अलावा, सरकार की कई प्रमुख परियोजनाएं, जैसे मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्मार्ट सिटी मिशन और कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन, भारत में अपार अवसर पैदा करने के लिए डिजाइन की गयी हैं।

**मोदी के नेतृत्व में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश :** पिछले चार वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद के हिस्से के रूप में भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश चीन के मुकाबले तीन गुना रहा है। पंद्रह साल पहले चीन में निवेश अक्सर भारत की तुलना में चार गुना अधिक था। अंतर्राष्ट्रीय ज्ञान रखने वाले प्रवासी अक्सर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की ओर आकर्षित होते हैं। पिछले दशक में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में वृद्धि हुई है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के सकारात्मक दीर्घकालिक विकास पूर्वानुमान को दर्शाता है, जिसे युवा जनसंख्या संरचना और तेजी से बढ़ते शहरी पारिवारिक आय से सहायता मिली है। यूएस डॉलर के संदर्भ में भारत का नाममात्र जीडीपी 2022 में 3.5 ट्रिलियन यूएस डॉलर से बढ़कर 2030 तक 7.3 ट्रिलियन यूएस डॉलर होने का अनुमान है। इस तीव्र आर्थिक विस्तार के कारण 2030 तक भारतीय जीडीपी जापानी जीडीपी से अधिक हो जायेगी, जिससे भारत एशिया-प्रशांत में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। संयुक्त राष्ट्र के विश्व आर्थिक स्थिति और संभावना 2024 अध्ययन के अनुसार, भारत की स्थिर वृद्धि के कारण 2024 में दक्षिण एशिया की जीडीपी में 5.2 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। भारतीय अर्थव्यवस्था पर बैंक के मुख्य अर्ध-वार्षिक मूल्यांकन आयडीयू ने नोट किया है कि गंभीर वैश्विक चिंताओं के बावजूद, भारत वित्त वर्ष 22/23 में 7.2 प्रतिशत की दर से सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक था। भारत की विकास दर जी-20 देशों में दूसरी सबसे अधिक थी, जो विकासशील बाजार अर्थव्यवस्थाओं के औसत से लगभग दोगुनी थी।

**- (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# दुनिया का सबसे 'महंगा चुनाव' गंभीर चुनौती

आमतौर पर चुनाव अभियान के लिए धन अलग–अलग स्रोतों से अलग–अलग तरीको से उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के पास आता है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार अभियान, रैली, यात्रा खर्च के साथ–साथ सीधे तौर पर गोपनीय रूप से मतदाताओं को सीधे नकदी, शराब, उपहारों का वितरण भी शामिल है। देश में 1952 में हुए पहले आम चुनाव की तुलना में 2024 में 500 गुणा अधिक खर्च होने का अनुमान है। प्रति मतदाता छह पैसे से बढ़कर आज 52 रुपये खर्च होने का अनुमान है। हालांकि, रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में होने वाले वास्तविक खर्च और अधिकारिक तौर पर दिखाये गये खर्चे में काफी अंतर है।

**ललित गर्ग**

**विश्व** के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लोकसभा चुनाव 2024 अनेक दृष्टियों से यादगार, चर्चित, आक्रामक एवं ऐतिहासिक होने के साथ-साथ अब तक का सबसे महंगा एवं दुनिया का सबसे खर्चीला चुनाव है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, इस बार का चुनावी खर्च एक लाख बीस हजार करोड़ रुपये के खर्च के साथ दुनिया का सबसे महंगा चुनाव होने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के खर्च की तुलना में इस बार दुगुना खर्च होगा। चुनाव प्रक्रिया अत्यधिक महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से राजनीतिक मूल्यों का विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन होना स्वाभाविक है। चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाये रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता, मितव्ययता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं। करोड़ों रुपये का खर्चीला चुनाव, अच्छे लोगों के लिए जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बंद करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिए रास्ता खोलता है। इन चुनावों में अर्थ का अनुचित एवं अतिशयोक्तिपूर्ण खर्च का प्रवाह जहां चिंता का कारण बन रहा है, वहीं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब भी बन रहा है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाना जरूरी है। यह समस्या या विकृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि दुनिया के समूचे लोकतांत्रिक राष्ट्रों की समस्या है। 18वीं लोकसभा चुनाव में हर राजनैतिक दल अपने स्वार्थ की बात सोच रहा है तथा येन-केन-प्रकारेण ज्यादा से ज्यादा वोट प्राप्त करने की अनैतिक तरकीबें निकाल रहा है। एक-एक प्रत्याशी चुनाव का प्रचार-प्रसार करने में करोड़ों रुपयों का व्यय करता है। यह धन उसे पूंजीपतियों, उद्योगपतियों, राजनीतिक दलों एवं प्रायोजकों से मिलता है। चुनाव जीतने के बाद वे



उद्योगपति उनसे अनेक सुविधाएं प्राप्त करते हैं। इसी कारण सरकार उनके अनुचित दबाव के विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठा पाती और अनैतिकता एवं आर्थिक अपराध की परंपरा को सिंचन मिलता रहता है। यथार्थ में देखा जाये तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। लेकिन इस तरह लोकतंत्र की आत्मा का ही हनन होता है, इस सबसे उन्नत एवं आदर्श शासन प्रणाली पर अनेक प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं।

सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज रिपोर्ट के मुताबिक, आमतौर पर चुनाव अभियान के लिए धन अलग-अलग स्त्रोतों से अलग-अलग तरीको से उम्मीदरवारों और राजनीतिक दलों के पास आता है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के लिए मुख्य रूप से रियल इस्टेट, खनन, कारपोरेट, उद्योग, व्यापार, ठेकेदार, चिटफंड कंपनियां, ट्रांसपोर्टर, परिवहन ठेकेदार, शिक्षा उद्यमकर्ता, फिल्म, दूरसंचार जैसे प्रमुख स्त्रोत है। इस साल डिजिटल मीडिया द्वारा प्रचार बहुत ज्यादा हो रहा है। राजनीतिक दल पेशेवर एजेंसिया की सेवाएं ले रहे हैं। इनसे सबसे अधिक राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार अभियान, रैली, यात्रा खर्च के साथ-साथ सीधे तौर पर गोपनीय रूप से मतदाताओं को सीधे नकदी, शराब, उपहारों का वितरण भी शामिल है। देश में 1952 में हुए पहले आम चुनाव की तुलना में 2024 में 500 गुणा अधिक खर्च होने का अनुमान है। प्रति मतदाता छह पैसे से बढ़कर आज 52 रुपये खर्च होने का अनुमान है। हालांकि, रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में होने वाले वास्तविक खर्च और अधिकारिक तौर पर दिखाये गये खर्चे में काफी अंतर है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2019 के लोकसभा चुनाव में देश के 32 राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों द्वारा आधिकारिक तौर पर सिर्फ 2,994 करोड़ रुपये का खर्च दिखाया। इनमें दिखाया गया कि राजनीतिक दलों ने 529 करोड़ रुपये उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए दिये थे। रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में पेश खर्च का ब्यौरा और वास्तविक खर्च के साथ-साथ उम्मीदवारों द्वारा अपने स्तर पर किये जा रहे खर्चे में काफी अंतर है। अमेरिकी चुनाव पर नजर रखने वाली एक वेबसाइट के रिपोर्ट का हवाला देते हुए, सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने कहा कि यह 2020 के अमेरिकी चुनावों पर हुए खर्च के लगभग बराबर है, जो 14.4 बिलियन डॉलर यानी 1 लाख 20 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि दूसरे शब्दों में कहें तो भारत में 2024 में दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव अब तक का सबसे महंगा चुनाव साबित होगा। भारत में होने वाले चुनाव में हो रहे बेसुमार खर्च की तपीश समूची दुनिया तक पहुंच रही है। समूची दुनिया के तमाम देशों में भारत के चुनाव को न केवल दम साध कर देखा जा रहा है बल्कि इन चुनाव के खर्चों एवं लगातार महंगे होते चुनाव की चर्चा भी पूरी दुनिया में व्याप्त है।

**- लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तंभकार हैं।**

RNI (JHAHIN/2016/69693) स्वत्वाधिकारी स्वदेश मीडिया नेटवर्क के लिए, मुद्रक एवं प्रकाशक मंगल प्रताप पाण्डेय द्वारा 237-बी,रोड़ न.2,अशोकनगर,रांची 834002 से प्रकाशित एवं शिवासाई पब्लिकेशन प्रा.लि. काठीटांड, (नियर टेंडर बगीचा) रातू, रांची-835222 झारखंड से मुद्रित।
**प्रधान संपादक :** मंगल पाण्डेय, **संपादक :** रौशन कुमार*, **विज्ञापन एवं प्रसार :** 8092174888, 9031730388, **कार्यालय:** 0651-7961780, किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायिक क्षेत्र रांची होगा। ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार* )

## संक्षिप्त समाचार

### बसपा ने सपा को फिर पछाड़ने की जुगत लगाई, साइकिल की हवा निकालने के लिए नई रणनीति से घेराबंदी



**लखनऊ , एजेंसी।** बसपा ने सपा को पछाड़कर लोकसभा चुनाव में खुद को दूसरी सबसे ज्यादा सांसदों वाली पार्टी बनाने के लिए अपनी रणनीति में कई अहम बदलाव किए हैं। पार्टी ने सपा की जीती हुई सीटों पर ऐसे प्रत्याशी उतारे हैं, जो सपा को नुकसान पहुंचाने का दमखम रखते हैं। बता दें कि बसपा ने पिछला लोकसभा चुनाव सपा के साथ मिलकर लड़ा था, जिसमें बसपा को 10 जबकि सपा को 5 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। सपा की जीती हुई पांच सीटों में से आजमगढ़ में भाजपा ने उपचुनाव में बाजी मार ली थी। जबकि रामपुर के सांसद आजम खां की सदस्यता समाप्त होने के बाद भाजपा के घनश्याम लोधी जीते थे। इस बार भी सपा को इन पांच सीटों पर जीत की उम्मीद है, लेकिन बसपा ने उसके प्रत्याशियों के सामने मुश्किल खड़ी कर दी है। बसपा ने मैनपुरी में सपा सांसद डिंपल यादव के खिलाफ शिव प्रसाद यादव को टिकट दिया है। इसी तरह रामपुर में सपा प्रत्याशी इमाम मोहिब्बुल्लाह का मुकाबला करने के लिए जीशान खान को टिकट दिया है।

### गजब का उत्साह, इन दिग्गज नेताओं ने डाला वोट, आखिर क्यों भड़कीं सपा प्रत्याशी सुनीता वर्मा?



**मेरठ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मेरठ और बागपत जनपद में लोकसभा चुनाव के लिए सुबह सात बजे ही मतदान जारी है। इस दौरान मेरठ व बागपत लोकसक्षा क्षेत्र में कई दिग्गज नेताओं ने मतदान किया है। उधर, सपा प्रत्याशी सुनीता वर्मा भाजपा कार्यकर्ताओं की इस हरकत पर भड़क गईं और डीएम से शिकायत की है। आइए जानते हैं कि आखिर किन-किन नेताओं ने वोट किया है। बागपत में सांसद सतपाल सिंह परिवार के साथ अपने गांव बासोली में मतदान करने पहुंचे। उधर, मेरठ में पूर्व भाजपा विधायक जितेंद्र सतवाई ने सुबह की मतदान किया। पूर्व मंत्री और बसपा के कद्दावर नेता हाजी याकूब कुरैशी ने मतदान किया। उन्होंने कहा कि विकास, नौकरी और शिक्षा के मुद्दे पर वोट किया है। कहा कि बदलाव होता दिख रहा है।

### रफान गैंग में शामिल शौकत अली की हिस्ट्रीशीट खुली, दर्ज हैं आगजनी



**कानपुर, एजेंसी।** जाजमऊ आगजनी के मामले में महाराजगंज जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी के गैंग में शामिल शौकत अली की हिस्ट्रीशीट ग्वालटोली थाने में गुरुवार को खुल गई। उसका एचएस नंबर 56 ए है। शौकत के खिलाफ विधायक के साथ आगजनी समेत नौ मामले दर्ज हैं।जाजमऊ निवासी नजीर फातिमा के प्लॉट में बनी झोपड़ी में आग लगाने के मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसका भाई रिजवान, ग्वालटोली के सूटरगंज निवासी शौकत अली समेत सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मामले में आरोपी सपा विधायक महाराजगंज और बाकी आरोपी कानपुर जेल में बंद हैं। शौकत के खिलाफ आगजनी के अलावा आधार कार्ड में धोखाधड़ी, नई सड़क हिंसा, मारपीट, गैंगस्टर, लूट, हत्या का प्रयास, लोक संपत्ति अधिनियम, रंगदारी समेत गंभीर धाराओं के नौ मामले दर्ज हैं। अपर पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर ने बताया कि माफिया शौकत अली की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त के चलते ग्वालटोली थाने में हिस्ट्रीशीटर खोली गई है।

# कैसरगंज सीट पर टिकट की गुत्थी के बीच शुरू हुई नई पैंतरेबाजी, राजनीतिक माहौल ऐसा कि हर कोई भौचक

**बलरामपुर , एजेंसी।** कैसरगंज लोकसभा सीट पर किसी भी दल ने अभी पत्ते नहीं खोले हैं। सियासी रण में टिकट की गुत्थी में उलझे दलों से जनता को उबारने का दांव चला गया है। सन्नाटे से बेसुर माहौल में सियासी बयार से पैठ बनाने की दस्तक तेज हो गई है। संसदीय चुनाव के दौर में एक नई इबारत लिखने की ओर बढ़ रहे कैसरगंज क्षेत्र की चर्चा प्रदेश ही नहीं, पूरे देश में हो रही है। सन्नाटे के दौर से गुजर रहे कैसरगंज के सियासी रण में बहार लाने की कोशिशें अब रंग दिखाने लगीं हैं। कयासों की कलाबाजियों में थमी सियासी बयार से बेसुरे हो रहे माहौल में सुरों का रस घोलने की कवायद से कई संकेत मिले हैं। टिकट की गुत्थी में उलझे दलों में भी हाल के दिनों में सियासी रण में शुरू हुए कदमताल से हलचल मच गई है। यह अलग बात है कि लाख प्रयासों के बाद भी कोई दल चुप्पी तोड़ने को तैयार नहीं है। इससे सियासी माहौल की तपिश बढ़ नहीं रही है, जबकि रणबांकुरों के नामांकन का दरवाजा खुल चुका है। दो जिलों में फैले कैसरगंज संसदीय सीट हमेशा से ही सियासत की केंद्र में रही है। हिंदुत्व को धार देने के लिए चर्चित क्षेत्र सपा व कांग्रेस का गढ़ भी रहा है। बीते दो संसदीय चुनावों से भाजपा का ही कब्जा है। अभी तक कद गढ़ने और दलों का गढ़ होने से चर्चा में रहने वाला कैसरगंज अब सियासती दांवपेच से चर्चित है। यहां की नुमाइंदगी कर रहे सियासत के राजा आरोपों से घिरे तो बात दूर तक बात गई। चुनाव में ताल ठोंकने की बारी आने पर दलों ने होंठ तो सिले ही कदम तक रोक लिए। इससे संसदीय सीट के भविष्य के सवालों की धूम मची। चुनावी समर में छाई खामोशी को तोड़ने के लिए सियासदां ने मंच सजाए और टिकट की गुत्थी से जूझे दलों के दांव में उलझे लोगों को उबारने की कोशिशों को आगे बढ़ाया। इससे कयासबाजी और तेज हो गई है।



आम लोगों को सवालों का जवाब नहीं मिल पा रहा है कि मैदान में उतरने के दावे की तरह ही टिकट का दावा क्यों नहीं है। उसमें अगर, मगर, किंतु, परंतु जैसे संशय वाले शब्दों के शामिल होने से जन्मे सवाल खड़े हैं। मौजूदा गतिविधियों को सियासी सन्नाटे को चीरने के साथ ही पैठ, पहुंच और पकड़ मजबूत बनाने के सिलसिले से जोड़कर देखा जा रहा है।

### राजनीतिक माहौल ऐसा कि हर कोई भौचक्का

देवीपाटन मंडल की सियासत में चमक और धमक के साथ ही टिकट की गारंटी वाले का ही टिकट अटका हुआ है। पंचायत की सियासत हो या फिर विधानसभा और अन्य चुनाव में जिनसे चमत्कार की उम्मीदें बड़े बड़ों की रहती है, उनकी दशा से एक नई सियासी दिशा जन्म लेती दिख रही है। असल में जिनकी छांव में राजनीति का ककहरा पढ़कर रुतबा हासिल किया, उन्हीं के साथ से कतराए और फिर मंच पर आए...। ऐसे माहौल से सियासी मैदान रोमांच से खिलखिला रहा है। मंडल ही नहीं, प्रदेश में ऐसा रोमांचक माहौल शायद ही किसी क्षेत्र में हो। यह देखकर हर कोई भौचक्का है।

### अन्य दलों में बेचैनी, हाईकमान मौन

कैसरगंज में भाजपा चाहे जो कर रही हो, उसकी टीम गांवों में मुस्तैद है। सियासी मैदान सजाए है और सिर्फ सेनापति का इंतजार है। लेकिन सपा व बसपा में अजीब सी बेचैनी है। बीते दिनों एक पूर्व विधायक पार्टी के जिलाध्यक्ष के साथ सपा हाईकमान से मिले। टिकट तय करने की गुजारिश की। भाजपा की तैयारियों की तस्वीर पेश कर देरी से पार्टी के नफा- नुकसान की ओर इशारा भी किया। बकौल सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन अभी इंतजार करने की नसीहत के साथ ही क्षेत्र में कवायद की हिदायत मिली है। उनका कहना है कि जल्द ही पार्टी टिकट तय करेगी। यह भी माना कि देर तो हो ही रही है। इसकी जानकारी भी राष्ट्रीय अध्यक्ष को देने का दावा किया।

### पिछली बार सपा नहीं थी मैदान में, बसपा ने मचाया था शोर

कैसरगंज संसदीय सीट पर 2019 के चुनाव में सपा मैदान में नहीं थी। गठबंधन में बसपा के खाते में सीट थी और आजमगढ़ के चंद्रदेव राम यादव मैदान में थे। उस समय भाजपा के बृजभूषण शरण सिंह ने जीत हासिल की थी। सपा ने चुनाव ही नहीं लड़ा था तो इस बार उसे नए सिरे से मैदान सजाना होगा। इसकी चिंता भी पार्टी नेताओं को सता रही है। गोंडा व बहराइच जिले की पांच विधानसभाओं तक पैठ बनाने के लिए वक्त की जरूरत भी है। इसके बाद भी पार्टी हाईकामन निश्चिंत है। इसी तरह बसपा की ओर से अभी कोई निर्णय ही नहीं लिया गया है। देवीपाटन मंडल की किसी सीट पर उसने प्रत्याशी नहीं उतारा है।

# यादवलैंड फतह करने के लिए पहली बार मुखर हुई भाजपा मुलायम के नहीं रहने पर खत्म हुआ सियासी लिहाज

**लखनऊ, एजेंसी।** भाजपा ने मुलायम परिवार के मजबूत गढ़ रही सीटों पर अपना फोकस बढ़ा दिया है। 28 अप्रैल को गृहमंत्री अमित शाह भी इटावा में जनसभा करेंगे। सपा के गढ़ यादवलैंड फतह के लिए भाजपा पहली बार मुखर नजर आ रही है। पार्टी ने इटावा- मैनपुरी पर फोकस बढ़ा दिया है। वह सियासी लिहाज खत्म कर आगे बढ़ने की रणनीति अपना रही है। इसके पीछे सियासी निहितार्थ हैं। क्योंकि मुलायम सिंह ने यहीं से सियासी सफर की शुरुआत की थी।

भाजपा जसवंत नगर से ही पूरे यादवलैंड में संदेश देने की तैयारी में है। यही वजह है कि पहले सैफई और मैनपुरी में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पहुंचते हैं। फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जसवंत नगर में जनसभा करते हैं और 28 अप्रैल को गृहमंत्री अमित शाह भी इटावा में ही जनसभा करेंगे।

सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी उपचुनाव में डिंपल यादव जीतीं, लेकिन, इटावा, फर्रुखाबाद, कन्नौज, फिरोजाबाद भाजपा के पास हैं। कन्नौज से अखिलेश यादव ने पर्चा दाखिल कर इस क्षेत्र के सियासी रण को रोचक बना दिया है। यही वजह है कि भाजपा एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। मध्य प्रदेश के





मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सैफई और मैनपुरी में अखिलेश का नाम लिए बिना परिवारवाद का आरोप लगाया और श्रीकृष्ण जन्मभूमि का मुद्दा उठाया था। इसके सियासी निहितार्थ हैं। इन मुद्दों के जरिए उन्होंने यह संदेश देने की कोशिश की कि सपा प्रदेश के अन्य यादवों का ख्याल नहीं रख रही है। इसके जवाब में बुधवार को जसवंत नगर के ताखा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनसभा कर साफ किया कि वह सिर्फ और सिर्फ पीडीए के साथ हैं। हालांकि अगले दिन कन्नौज में मुलायम सिंह यादव के साथ ही जनेश्वर मिश्र, आजम खां और अमर सिंह को याद करते हुए इतिहास दोहराने का आह्वान किया। जिस वक्त वह कन्नौज में रिश्तों की दुहाई दे रहे थे, उसी वक्त सीएम योगी जसवंत नगर में सपा पर सवाल उठा रहे थे।

उन्होंने सवाल किया कि आखिर सपा ने प्रदेश के अन्य यादवों को टिकट क्यों नहीं दिया? उन्होंने यहां तक कहा कि प्रदेश के विकास में योगदान देने की वजह से मुलायम सिंह के निधन पर वह खुद श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। लेकिन, कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि देने में सपा ने परहेज किया। मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीकृष्ण का जिक्र करते हुए ब्रजभूमि के विकास और उससे करहल व जसवंत नगर को जोड़ने की दुहाई देकर साफ कर दिया है कि पार्टी किसी भी तरह का चूक नहीं होने देना चाहती है।

### जसवंतनगर से जाता है बड़ा संदेश

जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र इटावा जिले में है, लेकिन लोकसभा क्षेत्र मैनपुरी में शामिल है। यहां से विधायक शिवपाल सिंह यादव हैं। वरिष्ठ पत्रकार रतनमणि लाल कहते हैं कि मुलायम सिंह यादव ने जसवंत नगर से अपनी सियासी पहचान कायम की। यहां से वह आगे बढ़े तो आसपास के लोकसभा क्षेत्र पर भी प्रभाव जमाया। फिर यहां से शिवपाल लगातार विधायक बन रहे हैं।

भाजपा की अब तक की रणनीति से यह बात स्पष्ट हो गई है कि वह जसवंत नगर में जमीं तैयार कर मुलायम के किले को ढहाना चाहती है। पिछले चुनाव में मैनपुरी छोड़ अन्य सीटों पर कब्जा जमा लिया। इस बार वह मैनपुरी में भी सियासी लिहाज को दरकिनार करते हुए पूरी तरह से आक्रामक है। दूसरी बात यह है कि अखिलेश यादव ने पहले करहल और फिर कन्नौज हो की चुना है। इससे यह भी स्पष्ट है कि सैफई परिवार इस इलाके को अपनी सियासी नाभी के तौर पर देख रहा है।

# मेले में लगा झूला टूटने से एक दर्जन से अधिक लोग घायल, एक की हालत गंभीर, मची भगदड़

**लखनऊ, एजेंसी।** बाबा की दरगाह पर लगे विशाल मेले में झूला टूट जाने से एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे में घायल एक की हालत गंभीर है।

बहराइच जिले के जरवलरोड थाना के अंतर्गत नगर पंचायत जरवल के बाबा अहमद शाह नगर में स्थित मजार पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष बाबा अहमद शाह का उर्श मनाया जा रहा था। बीती रात उर्श पर



बाबा के दरगाह पर विशाल मेले का भी आयोजन होता है। मेले मे तमाम तरह के दूर दराज के व्यापारी मेले मे आकर अपनी दुकानें लगाते हैं। रात्रि मे लगभग 10 बजे मेले मे लगा झूला टूटने से तमाम बच्चे चोटिल हो गये। झूला टूटने से जो उसमे बैठे थे उनके साथ ही जो लोग उसके बगल खड़े थे वह भी चोटिल हुए।

झूले में बैठी सूफिया (16) पुत्री वसीम निवासी बसहियापाते, विकास खण्ड जरवल, प्रतिभा चौधरी पुत्री पलटू राम चौधरी, अनीशा खातून पत्नि कल्लू निवासी मोहल्ला जामा मस्जिद, सोहेल अहमद पुत्र अजीज उनके दो बच्चे निवासी तकिया समेत एक दर्जन लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है की झूला हाथ से चलने वाला था, जब झूला टूटा है उस समय उसमे लोग बैठ रहे थे। झूला चल नहीं रहा था। उर्स मेले में झूला टूटने से भगदड़ मच गई। चौकी इंचार्ज राघवेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को सीएचसी मुस्तफाबाद पहुंचाया।

# विधानसभा उपचुनाव- भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने किया नामांकन, कलेक्ट्रेट के पास तीन मई तक रहेगा डायवर्जन





**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ पूर्व सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन को लेकर कलेक्ट्रेट के आसपास ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है। राजधानी लखनऊ की विधानसभा सीट लखनऊ पूर्व पर भाजपा के प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल कर दिया। वह बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ जुलूस निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं, इस सीट पर इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने भी नामांकन किया और समर्थकों के साथ जुलूस निकाला। लखनऊ पूर्वी सीट पर भाजपा से आशुतोष टंडन विधायक थे पर बीते दिनों उनका निधन हो गया था जिसके बाद इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। इस सीट पर मतदान लखनऊ लोकसभा चुनाव के साथ ही होगा।

# हिम्मत है तो कन्नौज की बजाय बनारस से लड़ें चुनाव, सपा के इस नेता पर डॉ. पल्लवी ने साधा निशाना

**वाराणसी, एजेंसी।** डॉ. पल्लवी ने कहा कि न्याय यात्रा में मैं बनारस में राहुल गांधी के साथ थी। उन्हें बताया कि किसानों की जमीन लूटी जा रही है। बुनकरों का हक मारा जा रहा है। नौजवानों के हाथ में काम नहीं है। मगर, राहुल गांधी को कुछ नहीं दिखा। उन्हें बनारस में शराब पीते कुछ लोग ही दिखे। बुनकर कॉलोनी के मैदान, नाटी इमली में अपना दल कमेरावादी की विधायक डॉ. पल्लवी पटेल सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर उन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर हिम्मत है तो बनारस आकर चुनाव लड़ें, हम समर्थन देंगे। कन्नौज का रुख क्यों कर रहे हैं। हिम्मत होती तो खुद सामने उतरते। भाजपा के पुराने कार्यकर्ता को न उतारते। डॉ. पल्लवी पटेल ने कहा कि हमारी क्या गलती थी। राज्यसभा की तीन सीटें थीं। हमने कहा कि पिछड़ा, दलित और मुसलमान प्रत्याशी क्यों नहीं हो सकते। उन्हें पिछड़े, दलित और मुसलमान का सौ प्रतिशत वोट चाहिए, लेकिन उनका सम्मान नहीं चाहिए। वह वही हैं जिसके




खिलाफ खनन घोटाले की जांच है और आय से अधिक संपत्ति का मामला चल रहा है। 2014 से अब तक के चुनाव में उनके साथ पिछड़ा, दलित और मुसलमान साथ खड़ा रहा। मगर, वह सब हारते चलते गए। डॉ. पल्लवी ने कहा कि बीजेपी के राज में सबसे ज्यादा अत्याचार पिछड़ा, दलित और मुसलमान पर हुआ है। भाजपा भ्रष्टाचार का दलदल है। इस दौरान अपना दल कमेरावादी की अध्यक्ष कृष्णा पटेल, प्रमासपा के अध्यक्ष प्रेमचंद्र बिंद, राष्ट्रीय उदय पार्टी के अध्यक्ष बाबूलाल पाल और गगन यादव सहित अन्य नेता मौजूद थे।

# मुख्तार अंसारी शहीद, ऐसे लोग मरा नहीं करते हैं, PDM की जनसभा में बोले: IMIM प्रमुख ओवैसी

**वाराणसी, एजेंसी।** ओवैसी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जेलों में सबसे ज्यादा दलित, पिछड़ा, आदिवासी और मुसलमान हैं। बुलडोजर से घर हमारा तोड़ा जाता है। पैर में गोली हमारे मारी जाती है और जेल में जहर हमें दिया जाता है। इसलिए हम चाहते हैं कि हम सिर्फ वोट डालने वाले न रह जाएं। हम वोट लेने वाले भी बनें। हमारा और डॉ. पल्लवी पटेल का साथ लोकसभा चुनाव तक सीमित नहीं है। यह सफर की शुरुआत है। मुख्तार अंसारी न्यायिक अभिरक्षा में मार दिए गए। वह शहीद हैं और ऐसे लोग कभी मरा नहीं करते, वो जिंदा रहते हैं। उन्हें बचाने की जिम्मेदारी बीजेपी सरकार की थी, मगर वह नाकाम रही। जो जुल्म करेगा, उससे कुदरत नाराज होती है। यह बातें एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने रात बुनकर कॉलोनी के मैदान, नाटीइमली में पीडीएम न्याय मोर्चा की जनसभा में कहीं। असदुद्दीन ओवैसी



ने 40 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। कहा कि हम पर आरोप लगाया जाता है कि हम बीजेपी के बी पार्टी हैं। यदि हम बी पार्टी हैं तो अखिलेश यादव 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव और 2017 व 2022 का विधानसभा चुनाव भाजपा से क्यों हार गए? क्या उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या योगी आदित्यनाथ से कोई डील कर रखी है? ओवैसी ने कहा कि अखिलेश यादव का आधा परिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठकर चाय पीता है और वह हमसे कहते हैं कि जान दे दो। पूर्व सांसद को हथकड़ी में गोली मारी जाती है। उनका एमएलए जेल चला जाता है। मदरसों के बंद कराने की बात आती है, मगर अखिलेश यादव की जुबान से एक शब्द नहीं निकलता। वह बस इतना ही चाहते हैं कि भैया के लिए जान दो, पीछे चलो और दरी बिछाओ।

# गाजा पट्टी के लोगों के लिए अमेरिका के छात्रों का छलका दर्द, इस्राइल के खिलाफ किया प्रदर्शन, 93 गिरफ्तार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। वहीं हमास और इस्राइल बीते छह महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर अमेरिका में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अब इसकी चपेट में विश्वविद्यालय भी आ गए हैं।दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में प्रदर्शन के दौरान कई छात्रों को गिरफ्तार किया गया है।

**93 छात्रों को गिरफ्तार किया :** लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने बताया कि दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में 93 छात्रों को गिरफ्तार किया गया है।

**इस्राइल-हमास के बीच छह माह से जंग जारी :** हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इस्राइल और गाजा में कुल मिलाकर 30000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। बता दें कि गाजा के अधिकारियों का कहना है कि सात अक्तूबर के बाद से गाजा में इस्राइल के सैन्य अभियान में अब तक उनके 34,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जबकि हजारों शवों के अब भी मलबे में दबे होने की आशंका है।




**समूह कुछ आदेशों का उल्लंघन कर रहा था :** लॉस एंजिल्स के पुलिस कप्तान केली मुनीज का कहना है कि विश्वविद्यालय एक निजी परिसर है। समूह कुछ आदेशों का उल्लंघन कर रहा था। इसलिए छात्रों को गिरफ्तार करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा एक व्यक्ति को घातक हथियार से हमला करने के लिए भी गिरफ्तार किया गया। हालांकि, फिलहाल किसी प्रदर्शनकारी या अधिकारी के घायल होने की खबर नहीं है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यूएससी के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग ने बुधवार दोपहर को परिसर के एलुमनी पार्क में इकट्ठा हुए प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए गिरफ्तारी का आदेश दिया।

प्रदर्शन के दौरान तनाव तब बढ़ गया विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान तनाव तब बढ़ गया, जब प्रदर्शनकारियों ने अपने टेंट और सामानों को हटाने से इनकार कर दिया। इसके बाद विश्वविद्यालय ने बुधवार शाम को परिसर बंद करवा दिया। वहीं, एलएपीडी ने प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करना शुरू कर दिया। कब्जा करने का आरोप लगाया अमेरिकी संसद अध्यक्ष माइक जॉनसन ने कोलंबिया विश्वविद्यालय का दौरा किया। उन्होंने यहूदी छात्रों की रक्षा करने में विफल रहने के लिए कोलंबिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष मिनोचे शफीक को इस्तीफा देने के लिए कहा। उन्होंने यहूदी विरोधी भीड़ पर अमेरिकी विश्वविद्यालयों पर कब्जा करने का आरोप लगाया। हालांकि, इस दौरान जॉनसन को छात्रों के विरोध का सामना करना पड़ा। छात्रों ने उनके खिलाफ नारे लगाए और संबोधन के दौरान अपशब्द भी कहे।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यूड पार्टी आयोजित कर बुरी फंसी एक्ट्रेस, कोर्ट ने लिया ऐक्शन ; लगाया भारी जुर्माना



**मॉस्को, एजेंसी।** रूस की एक अदालत ने न्यूड पार्टी की मेजबानी कर चर्चा में आने वाली टीवी एंकर और एक्ट्रेस अनास्तासिया इविलेवा पर 50,000 रूबल (560 अमेरिकी डॉलर) का गुरुवार को जुर्माना लगाया। अदाकारा पर अपने सोशल मीडिया पोस्ट में यूक्रेन के साथ शांति का आह्वान कर सेना को बदनाम करने के लिए जुर्माना लगाया गया। इविलेवा के खिलाफ तब जनआक्रोश फूट पड़ा था जब उन्होंने दिसंबर में एक पार्टी की मेजबानी की जिसमें मेहमानों को लगभग निर्वस्त्र अवस्था में आने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इविलेवा गैर-आपराधिक मामले में अदालत में पेश नहीं हुईं। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के शुरुआती दिनों में शांति और बातचीत का आह्वान करने वाले दो सोशल मीडिया पोस्ट के लिए उन पर जुर्माना लगाया गया। अदालत ने उन्हें सेना को बदनाम करने वाली टिप्पणियों के संदर्भ में कानून का उल्लंघन करने का दोषी पाया, हालांकि पोस्ट के कई दिन बाद कानून पारित किया गया था। मास्को के एक नाइट क्लब में पार्टी की मेजबानी करने के बाद इविलेवा सुर्खियों में आ गई थीं। उन्होंने जो निमंत्रण पत्र भेजा था उसमें मेहमानों से ड्रेस कोड के तौर पर लगभग निर्वस्त्र अवस्था में आने को कहा गया था। एक जाने-माने रैपर भी बेहद कम कपड़ों में नजर आए थे। पार्टी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब प्रसारित हुईं। जन प्रतिनिधियों, ब्लॉगर और अन्य ने इस तरह के आयोजन की कड़े शब्दों में आलोचना करते हुए युद्ध में उलझे देश के लिए इसे अशोभनीय बताया था।

### इस्राइल ने राफा पर हमले किए तेज, हमास ने फिर दिया उकसाने वाला बयान

**यरुशलम, एजेंसी।** हमास को निशाना बनाने के लिए दक्षिणी गाजा में अपने सैन्य अभियान के साथ आगे बढ़ने के संकल्प के साथ ही इस्राइल ने राफा पर हमले तेज कर दिए हैं। हालांकि, हमास ने कह दिया है कि इस्राइल अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाएगा। आइए जानते हैं अब तक क्या कुछ हुआ। दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। वहीं ईरान और इस्राइल के बीच भी जंग छिड़ती दिख रही है। दो कट्टर दुश्मन देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। इधर, हमास और इस्राइल बीते छह महीने से लड़ाई लड़ रहे हैं। हमास को निशाना बनाने के लिए दक्षिणी गाजा में अपने सैन्य अभियान के साथ आगे बढ़ने के संकल्प के साथ ही इस्राइल ने राफा पर हमले तेज कर दिए हैं। हालांकि, हमास ने कह दिया है कि भले ही इस्राइल ने हमले तेज कर दिए हो पर वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाएगा। वहीं, एक दिन पहले ही मिस्र ने भी चेतावनी दी थी।

### कनाडा में मुफ्त खाना लेना भारतीय छात्र को पड़ा महंगा, छह दिनों तक कमरे में रहा बंद

**ओटावा, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर गलत जानकारियां अक्सर आग की तरह फैल जाती हैं और फिर उसका खामियाजा किसी न किसी को भुगतना पड़ता है। ऐसा ही कुछ एक भारतीय डाटा वैज्ञानिक के साथ हुआ। उन पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने कनाडाई फूड बैंकों से मुफ्त खाने का फायदा उठाया है। हालांकि, बढ़ते विवाद के बीच अब पढ़ाई के लिए कनाडा गए भारतीय छात्र मेहुल प्रजापति ने सफाई दी है। उन्होंने दावा किया कि यह नस्ली हमला था। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे वह पिछले छह दिनों से एक कमरे में बंद थे। वह डर की वजह से बाहर नहीं निकल रहे थे। विवाद की शुरुआत एक वीडियो से होती है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रजापति ने कनाडाई फूड बैंकों से मुफ्त खाने का फायदा उठाने को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया था। वीडियो में प्रजापति ने बताया था कि वह हर महीने खाने और किराने के सामान में सैकड़ों रुपये बचाते हैं। वीडियो में मेहुल ने बताया था कि वे कैसे हर महीने फूड और ग्रॉसरी में सैकडों रुपये आसानी से बचा रहे हैं। उन्होंने वीडियो में बताया था कि ये ग्रॉसरी सभी छात्रों के लिए हैं। उन्होंने वीडियो में कहा था, यहां ज्यादातर कॉलेज और यूनिवर्सिटी में फूड बैंक होते हैं, जिन्हें ट्रस्ट, चर्च या नॉन प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन द्वारा चलाया जाता है। छात्र के तौर पर यह मेरे लिए काफी मददगार है। आप यूनिवर्सिटी वेबसाइट पर चेक करें और आपको फूड बैंक की जगह का पता मिल जाएगा।

### ब्रिटेन में पहली सिख कोर्ट का शुभारंभ, घरेलू हिंसा समेत इन मामलों पर होगी सुनवाई

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में पारिवारिक और नागरिक विवादों में फंसे सिख समुदाय के लोगों लिए एक सुखद खबर है। लंदन में ब्रिटिश सिख वकीलों द्वारा एक नई अदालत की शुरुआत की गई है। सिख समुदाय के लोग एक विवाद समाधान मंच के रूप में नई अदालत को स्थापित करने के लिए एकजुट हुए। एक न्यूज रिपोर्ट में बताया गया है कि लंदन के लिंकन इन के ओल्ड हॉल में एक समारोह में धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ सिख अदालत की शुरुआत की गई। अदालत के संस्थापकों में से एक वकील बलदीप सिंह का कहना है कि इसका उद्देश्य संघर्ष और विवादों से निपटने के दौरान जरूरत के समय सिख परिवारों की सहायता करना है। बताया गया है कि नई अदालत व्यक्तिगत रूप से संचालित होगी।

## सैन एंटोनियो पुलिस की फायरिंग में भारतीय मूल के व्यक्ति की गई जान, पकड़ने की कोशिश करते हुए चलाई गोली

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** सैन एंटोनियो में भारतीय मूल के एक 42 साल के शख्स की पुलिस की गोली लगकर मौत हो गई। दरअसल, पुलिस एक गंभीर मामले में उसे पकड़ने की कोशिश कर रही थी, तभी उसने अधिकारियों के वाहन को टक्कर मार दी।

**अमेरिकी नागरिक हो सकता है :** 21 अप्रैल को पुलिस अधिकारी टायलर टर्नर द्वारा सचिन साहू को गोली मारने के बाद घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया था। साहू मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि वह अमेरिकी नागरिक हो सकता है।

**हथियार से हमले की मिली थी जानकारी :** सैन एंटोनियो पुलिस विभाग ने कहा कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि 21 अप्रैल को शाम करीब साढ़े छह बजे अधिकारियों को घातक हथियार के साथ गंभीर हमले के बारे में एक रिपोर्ट के लिए सैन एंटोनियो के चेविओट हाइट्स में एक घर भेजा गया था। जब अधिकारी पहुंचे तो वहां एक 51 साल की महिला मिली, जिसे जानबूझकर एक वाहन से टक्कर मारी गई थी। साहू पर हमले का आरोप था। वह मौके से फरार हो गया था। पीड़िता को गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। वहीं, पुलिस ने साहू के लिए एक गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

**पुलिस पर किया हमला :** कई घंटे बीतने के बाद पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि साहू घर लौट आया है। सूचना पर अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और उसे पकड़ने की कोशिश की। हालांकि, आरोपी ने भागने की कोशिश की और अपने वाहन से दो अधिकारियों को टक्कर मार दी। इस पर एक अधिकारी ने साहू को गोली मार दी, जिससे उसके मौत हो गई। एक घायल अधिकारी को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। वहीं, दूसरे का घटनास्थल पर ही इलाज किया गया। घटना के दौरान कोई और घायल नहीं हुआ। पुलिस ने बताया कि जांच अब भी जारी है।

**महिला की हालत गंभीर :** पुलिस प्रमुख बिल मैकमैनस ने कहा कि साहू ने अपने साथ रहने वाली महिला को वाहन से कुचल दिया था। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। उसकी कई सर्जरी की गई है।

## सांसद प्रमिला जयपाल की बहन सुशीला ने किया अपने विज्ञापन अभियान का शुभारंभ, ओरेगन से हैं कांग्रेस दावेदार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय मूल की अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल की बहन सुशीला ने संसदीय चुनाव के लिए अपना पहला विज्ञापन अभियान का शुभारंभ गुरुवार को ओरेगन से किया। सुशीला पहले मल्टनोमा में काउंटी कमिश्नर रही हैं। ओरेगॉन के तीसरे कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट में कांग्रेस (संसद) के लिए उम्मीदवार सुशीला जयपाल ने अपने विज्ञापन अभियान में अपने प्रगतिशील कामों और गर्मभात अधिकार कार्यकर्ता के रूप में अपनी सेवा पर प्रकाश डाला। जयपाल ने प्राइमरी मतदाताओं तक अपना संदेश पहुंचाने के लिए टेलीविजन और डिजिटल मंचों पर तीस सेकंड के दो विज्ञापन टॉक अबाउट इट और पर्सनल जारी किए। टॉक अबाउट इट विज्ञापन में सुशीला की निजी यात्रा के बारे में जानकारी दी गई। इसमें बताया गया है कि जब वह छोटी थीं तब उन्होंने कैसे गर्भपात कराने का मुश्किल भरा फैसला लिया। इस अनुभव ने उनके वकालत के काम को गहराई से प्रभावित किया, खासतौर पर महिलाओं के गर्भपात के अधिकारों का समर्थन करने में। उनके प्रयासों में दवा सहायता प्राप्त गर्भपात सेवाओं को शुरू करने के लिए एक स्थानीय क्लीनिक के साथ सहयोग करना शामिल है, जो इसे देश में अपनी तरह का पहला क्लीनिक बनाता है। दूसरा विज्ञापन पर्सनल उनकी आप्रवासी पृष्ठभूमि के बारे में बताता है।

## यह भारत सरकार ही तय करेगी, ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार को चुनाव कवर करने की अनुमति न देने के दावे पर अमेरिका

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा, हम दुनिया के देशों के साथ यह बात स्पष्ट कर चुके हैं कि लोकतंत्र के ताने-बाने में प्रेस की आजादी अभिन्न भूमिका निभाती है। यही वजह है कि हम यहां आते हैं और नियमित रूप से सवाल लेते हैं। ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार को भारतीय आम चुनावों को कवर करने की अनुमति न देने के दावों पर अमेरिका ने प्रतिक्रिया दी। वॉशिंगटन ने कहा कि यह देश तय करेगा कि किन विदेशी नागरिकों को प्रवेश की अनुमति दी जाए, चाहे वह अल्पकालिक यात्री हों या अंतरराष्ट्रीय पत्रकार के रूप में। दरअसल, अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान एक पाकिस्तानी पत्रकार ने ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार अवनी डायस के वीजा को रिन्यू करने से इनकार करने के आरोप पर सवाल किया। इस पर पटेल ने कहा, भारत सरकार अपनी वीजा नीति के बारे में बात कर



सकती है। यह ऐसा कुछ मामला नहीं है, जिसे मैं यहां से आगे बढ़ाने जा रहा हूं। उन्होंने लोकतंत्र के ताने-बाने में स्वतंत्र प्रेस की भूमिका पर जोर दिया। पटेल ने कहा, हम दुनिया के देशों के साथ यह बात स्पष्ट कर चुके हैं कि लोकतंत्र के ताने-बाने में प्रेस की आजादी अभिन्न भूमिका निभाती है। यही वजह है कि हम यहां आते हैं और नियमित रूप से सवाल लेते हैं। लेकिन मैं इस मुद्दे को भारत के अधिकारियों पर छोड़ता हूं। ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार अवनी ने दावा किया कि उन्हें 2024 के लोकसभा चुनावों को कवर करने की अनुमति नहीं दी गई और उन्हें देश छोड़ने के लिए मजबूर किया गया। हालांकि सूत्रों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उनके दावे सही नहीं हैं। सूत्रों ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया प्रसारण निगम की दक्षिण एशिया संवाददाता अवनी को अपने पेशेवर कार्यों को करते हुए वीजा नियमों का उल्लंघन करने हुए पाया गया था। सूत्रों ने इस बात पर जोर दिया कि अवनी के चुनाव को कवर करने की अनुमति न होने के दावे भी तथ्यात्मक रूप से गलत हैं। बूथ के बाहर चुनाव गतिविधियों को कवर करने की अनुमति सभी वीजा-धारक पत्रकारों को है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पटेल ने खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की साजिश पर भारत सरकार की आंतरिक जांच रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान, पटेल ने खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नून की कथित हत्या की साजिश पर भारत सरकार की आंतरिक जांच रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

**अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत :काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान के काबुल-जलालाबाद राजमार्ग पर सुरुबी जिले में एक सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना बुधवार रात को हुई। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया कि यह दुर्घटना काबुल की राजधानी को पूर्वी प्रांतों से जोड़ने वाले राजमार्ग पर हुई, जब एक यात्री वाहन सड़क से उतर गया और पहाड़ से टकरा गया। दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। घायलों का अब स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। अफ़गानिस्तान में सड़क की खराब स्थिति, लापरवाही से गाड़ी चलाना, कठिन इलाके, ओवरलोडिंग, ओवरटेकिंग और तेज गति के कारण सड़क दुर्घटनाएं आम बात है।

## अंतरिक्ष में महत्वाकांक्षी चीनी छलांग, अंतरिक्ष स्टेशन टियांगोंग भेजे गए तीन यात्री

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन की महत्वाकांक्षी परियोजना शेनझोउ-18 के तहत तीन सदस्यीय चालक दल को अंतरिक्ष में भेजा गया है। इस परियोजना के तहत यात्रियों को निचली-पृथ्वी की कक्षा में भेजा गया है। बता दें कि चीन 2030 तक अंतरिक्ष यात्रियों को चांद की सहत पर भेजना चाहता है। गुरुवार तो तीनों यात्रियों को जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से अंतरिक्ष में भेजा गया। चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) ने जिन तीन लोगों को अंतरिक्ष में भेजा है, उनमें एक का नाम 43 वर्षीय कमांडर ये गुआंगफू है। गुआंगफू एक अनुभवी अंतरिक्ष यात्री हैं, जो 2021 के शेनझोउ-13 मिशन का हिस्सा रह चुके हैं। उनके साथ 34 वर्षीय ली कांग और 36 वर्षीय ली गुआंगसु पहली बार अंतरिक्ष की यात्रा पर भेजे गए हैं। तीन सदस्यीय चालक दल वाला अंतरिक्ष यान देश के उत्तर-पश्चिम में गोबी रेगिस्तान के किनारे से लॉन्च किया गया। जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से रात करीब 8ः59 बजे (1259 तख्ख्) लॉन्च हुआ। चीनी परियोजना से जुड़ी खबरों के मुताबिक तीनों



अंतरिक्ष यात्रियों के टियांगोंग स्पेस स्टेशन पहुंचने के बाद शेनझोउ-17 टीम को राहत मिलेगी। शेनझोउ-17 टीम पिछले अक्तूबर से ही चीन के तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन का संचालन कर रही है। तीन सदस्यीय दल अंतरिक्ष स्टेशन पर लगभग छह महीने बिताएगा। सीएमएसए के उप निदेशक लिन ज़िकियांग के अनुसार, चीनी अंतरिक्ष यात्रियों का दल वैज्ञानिक परीक्षण करेगा। अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष मलबे का संरक्षण उपकरण स्थापित कर, पेलोड प्रयोग करेगा। लिन ने यह भी कहा कि चीन विदेशी अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरिक्ष पर्यटकों को अपने अंतरिक्ष स्टेशन तक ले जाने की दिशा में काम कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर किए जाने के बाद चीन ने अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन बनाया। इसका मुख्य कारण कार्यक्रम में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी - चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की सैन्य शाखा की भागीदारी को लेकर अमेरिका की चिंताएं थीं। चीन ने 2003 में अपना पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन चलाया। ऐसा करने पर चीन सोवियत संघ और अमेरिका के बाद अपने संसाधनों का उपयोग करके किसी व्यक्ति को अंतरिक्ष में भेजने वाला तीसरा देश बन गया।

## दुनिया में भूख से तड़प रहे 28.2 करोड़ लोग, यूएन की 'ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' में खुलासा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिणी सूडान, बुर्किना फासो, सोमालिया और माली में हजारों लोग भूख से तड़प रहे हैं। रिपोर्ट में भावी परिदृश्य का अनुमान है कि गाजा में 11 लाख व दक्षिण सूडान में 79 हजार लोग जुलाई तक 5वें चरण में पहुंच सकते हैं।



वर्ष 2023 में 59 देशों के करीब 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने को मजबूर हुए और युद्धग्रस्त गाजा में सबसे ज्यादा लोगों ने अकाल की गंभीर स्थिति का सामना किया। संयुक्त राष्ट्र ने 'ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' में इसकी जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 2.4 करोड़ से अधिक लोगों को खाद्य सामग्री की भारी कमी से जूझना पड़ा। इसके चलते गाजा पट्टी और सूडान में खाद्य सुरक्षा के बिगड़े हालात थे। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भूख का एक पैमाना तय किया है, जिसमें पांच देशों के 7,05,000 लोग पांचवे चरण में हैं, जिसे उच्च स्तर माना जाता है।

**भूख पीड़ितों की संख्या सर्वाधिक :** संयुक्त राष्ट्र में खाद्य-कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने कहा, 2016 में वैश्विक रिपोर्ट जारी करने की शुरुआत के मुकाबले भूख से तड़पने वालों की यह संख्या अब तक सर्वाधिक है।

**अकाल के लिए होंगे मजबूर :** संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिणी सूडान, बुर्किना फासो, सोमालिया और माली में हजारों लोग भूख से तड़प रहे हैं। रिपोर्ट में भावी परिदृश्य का अनुमान है कि गाजा में 11 लाख व दक्षिण सूडान में 79 हजार लोग जुलाई तक 5वें चरण में पहुंच सकते हैं। इसी के साथ उनके अकाल का सामना करने के लिए मजबूर होने का दौर भी शुरू हो सकता है। साथ ही, 2016 में दर्ज संख्या के मुकाबले इसमें चार गुना वृद्धि हो चुकी है। अर्थशास्त्री ने बताया कि गंभीर अकाल का सामना कर रहे लोगों में से 80 फीसदी लोग यानि 5,77,000 अकेले गाजा में हैं।

## पूर्व पीएम इमरान खान को दोहरा झटका, भड़काऊ बयान पर कोर्ट ने फटकारा, रक्षा मंत्री ने भी साधा निशाना

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं। अब इस्लामाबाद की एक अदालत ने गुरुवार को इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को पाकिस्तानी सेना और बाकी संस्थानों के खिलाफ भड़काऊ बयान देने पर रोक लगाई है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश बसीर जावेद राणा ने कहा कि मीडिया को कोर्ट की सुनवाइयों को लेकर एक सीमा के अंतर्गत रिपोर्ट्स तैयार करनी चाहिए और आरोपियों के बयानों पर किसी तरह की रिपोर्ट नहीं बनानी चाहिए।

**भड़काऊ बयान देने पर लगी फटकार :** अदालत के आदेश के अनुसार पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी द्वारा सेना के उच्च अधिकारियों, न्यायपालिका और सेनाध्यक्ष को लेकर भड़काऊ बयान दिए गए हैं। कोर्ट ने इमरान और उनकी पार्टी को फटकार लगाते हुए कहा है कि इस तरह के बयान न्यायिक मर्यादा को बाधित करते हैं और न्यायिक कार्यों में भी बाधा डालते हैं। आगे कहा गया है कि इमरान खान के जेल मुकदमे के दौरान मीडिया द्वारा अपनी रिपोर्टिंग को सीमित रखा जाएगा। एक खबर के अनुसार, अदालत ने अपने आदेश में अभियोजन पक्ष, आरोपियों और उनके बचाव पक्ष के वकीलों को निर्देश दिया कि वे ऐसे



भड़काऊ बयान न दें जिससे अदालत की मर्यादा भंग हो।

**इमरान खान ने पंजाब पुलिस पर भी लगाया था आरोप :** इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पंजाब पुलिस पर भी धांधली का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि पंजाब में उपचुनाव को प्रभावित करने के लिए पहले से धांधली की रणनीति तय की गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी हमारी याचिका को अनसुना किया गया।

**रक्षा मंत्री ने गोहर खान के दावों का खंडन किया :** उधर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा इमरान खान के करीबी गोहर खान के दावों को सिरे से नकार दिया गया है। गोहर खान ने दावा किया था कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री पर एक सौदा स्वीकार करने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। इसके जवाब में रक्षा मंत्री ने कहा कि इन दावों में कोई सच्चाई नहीं है। गोहर ने कहा कि जिस तरह से इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को जेल में रखा गया है, उससे पता चलता है कि दोनों पर किसी सौदे के लिए सहमति जताने के लिए दबाव डाला जा रहा है। गोहर के बयान के जवाब में रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि इमरान खान की पार्टी सिर्फ खबरों में बने रहने के लिए ऐसे बयान दे रही है। बता दें कि अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव में सत्ता से हटने के बाद से इमरान खान को चार मामलों में दोषी ठहराया गया है। इसके बाद उन्हें रावलपिंडी की अदियाला जेल में रखा गया है। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश का बयान न्यायिक मामलों में शक्तिशाली खुफिया एजेंसियों के कथित हस्तक्षेप पर विवाद के बीच पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने कहा कि उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान हस्तक्षेप की कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा 'जब से मैं मुख्य न्यायाधीश रहा हूं, मुझे किसी भी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से एक भी शिकायत नहीं मिली है कि उनके काम में हस्तक्षेप किया गया है। यदि उनके काम में हस्तक्षेप हुआ है, तो इसकी सूचना मुझे नहीं दी गई है।' बता दें कि इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के छह न्यायाधीशों ने पिछले महीने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों द्वारा न्यायपालिका के कामकाज में हस्तक्षेप के खिलाफ सर्वोच्च न्यायिक परिषद से हस्तक्षेप की मांग की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### भांजे की शादी में सिर पर मटकी रखकर झूम रहा था मामा, अचानक गिरा और हो गई मौत



**झुंझुनूं, एजेंसी।** अचानक मौत होने की घटनाएं लगातार सामने आ रहे हैं। राजस्थान से भी एक घटना सामने आई है, जहां शादी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं जब डांस करते-करते अचानक मामा की मौत हो गई। मामला झुंझुनूं जिले की नवलगढ़ तहसील की लोछवा की ढाणी का है। मृतक का नाम कमलेश ढाका है, जो कि 20 अप्रैल को भांजे की शादी में भात भरने के लिए लोछवा की ढाणी गए थे। इसी दौरान भात भरने की रस्म अदा करने के बाद वे चाक-पूजन के दौरान डीजे की धुन पर सिर पर मटकी रखकर खुशी से झूम रहे थे। मटकी डांस करने के दौरान वे घूम-घूम कर नाच रहे थे, इसी दौरान अचानक लड़खड़ा कर गिरे और बेसुध हो गए। इस दौरान मटकी गिरकर टूट गई और वे भी जमीन पर गिर गए। इसके बाद उन्हें तुरंत उठाकर स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर्स ने मौत की वजह कार्डियक अरेस्ट से होना बताया है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें मामा की मस्ती और फिर उनका अचानक लड़खड़ाकर गिरना दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि मृतक नवलगढ़ की एक गैस एजेंसी पर काम करता था और घर-घर गैस सैलेंडर वितरित किया करता था। अचानक हुई मौत से शादी वाले घर में हंगामा मच गया और फिर शादी की बाकी रस्में सादगीपूर्ण तरीके निभाई गईं।

### लोगों की संपत्ति हड़पकर मुसलमान को देना चाहती है कांग्रेस : उपमुख्यमंत्री साव



**रायपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के बीच छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा है।? रायपुर में पत्रकारों शिव चर्चा करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के विरासत टैक्स को लेकर बड़ा बयान दिया है। अरुण साव ने कहां की घोषणा पत्र के जरिए कांग्रेस का एक हिडन एजेंडा सामने आया है उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति हड़प कर मुसलमान को देना चाहती है। साथ ही कहा? कि? अब देश की जनता कांग्रेस के बहकावे में नहीं आने वाली है।? छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव प्रदेश में इंडिया गठबंधन के? लोगों के द्वारा कांग्रेस के लिए वोट मांगने को लेकर कहा कि कांग्रेस इस चुनाव में बुरी तरह से हर का स्वाद चखना वाली है। साव ने कहा यही हर का डर है कि इंडिया गठबंधन के दल एकजुट हो रहे हैं। इसका लाभ कांग्रेस को कभी मिलने वाला नहीं है। अब जनता का भरोसा कांग्रेस पार्टी के ऊपर से उठ चुका है। अरुण साव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार होने वाली है और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। दूसरे चरण के मतदान को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने चर्चा करते हुए कहा कि पहले चरण में बस्तर की सीट पर समीक्षा पूरी हो चुकी है। इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ जीत रही है। इसके साथ ही दूसरे चरण के चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी ने लगातार अभियान चलाते हुए सभाएं और बैठक की हैं। दूसरे चरण की तीनों सीट भारतीय जनता पार्टी बड़े वोट के अंतराल से जीतने वाली है।

### पंडित धीरेंद्र शास्त्री के भाई पर टोल प्लाजा कर्मियों से मारपीट करने का आरोप, मामला दर्ज

**छतरपुर , एजेंसी।** बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के छोटे भाई शालिग राम गर्ग एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार उन पर टोल प्लाजा कर्मियों से मारपीट करने का आरोप लगा है। छत्तरपुर पुलिस ने शालिग राम सहित 11 लोगों के खिलाफ आईपीसी की कई धाराओं में मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से शालिग राम और अन्य सभी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार, बागेश्वर धाम के महंत धीरेंद्र शास्त्री के भाई शालिग राम गर्ग गुरुवार देर रात सागर रोड पर स्थित मुगवारी टोल प्लाजा से अपने 10 अन्य साथियों के साथ छतरपुर की ओर आ रहे थे। टोल प्लाजा कर्मियों ने जब उनकी गाड़ी रोकी, जिससे शालिग राम गुस्सा हो गए और अपने साथियों के साथ मिलकर टोल कर्मचारियों से मारपीट कर दी। इसके बाद सभी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने पुलिस को मारपीट की सूचना दी। छत्तरपुर पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 294, 506, 427(34) के तहत शालिगराम गर्ग सहित 10 अन्य पर मामला दर्ज कर है7 छतरपुर एसपी अगम जैन ने जानकारी देते हुए बताया है कि फिलहाल टोल प्लाजा के कर्मचारियों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भरपाई कर रहा चुनाव आयोग? मोदी-राहुल को एकसाथ नोटिस पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ शिकायत का निर्वाचन आयोग द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जवाब मांगे जाने के बाद बृहस्पतिवार को दावा किया कि जनता के दबाव में यह कदम उठाया गया है और प्रधानमंत्री को लेकर आयोग 'अत्यधिक सावधान' रहता है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि संतुलन बनाने के लिए राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर नोटिस जारी कर दिया गया, जबकि दोनों नेताओं की टिप्पणियों को एक तरह से देखना अनुचित है।

आयोग ने मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कुछ टिप्पणियों को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा क्रमश- भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस से जवाब तलब किये हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री के चुनावी भाषण के उस हिस्से को लेकर भाजपा अध्यक्ष को नोटिस जारी किया है, जिस पर कांग्रेस ने शिकायत दर्ज कराई थी। साथ ही साथ, लगभग उसी भाषा में, आयोग ने राहुल गांधी की उस टिप्पणी को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष को भी नोटिस जारी किया है, जिस पर भाजपा ने शिकायत की थी। उन्होंने कहा, ''क्या चुनाव आयोग का समान अवसर से यही मतलब है? यह





तो साफ है कि प्रधानमंत्री की अपमानजनक टिप्पणियों के कारण उपजे जनता के दबाव ने चुनाव आयोग को ऐसा करने के लिए मजबूर किया। लेकिन सवाल उठता है कि क्या आयोग को इसकी भरपाई राहुल गांधी की टिप्पणी पर भी नोटिस भेजकर करनी पड़ी?'' रमेश ने दावा किया कि दोनों को एक समान मानकर चुनाव आयोग ने अपनी ही मजबूरियों को उजागर किया है, जबकि किसी भी मानक के अनुसार, इसे बराबर करके देखना विचित्र और पूरी तरह से अनुचित है। उन्होंने कहा, ''इस बीच भाजपा के उम्मीदवार अपने चुनाव प्रचार में धार्मिक प्रतीकों का बेशर्मी से इस्तेमाल करते जा रहे हैं।'' इससे पहने रमेश ने संवाददाताओं से कहा, ''चुनाव आयोग से हमने शिकायत की थी। हम आयोग के संज्ञान में यह बात लाए कि जिस भाषा का इस्तेमाल प्रधानमंत्री कर रहे हैं वह आदर्श आचार संहिता, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की संबंधित धाराओं और उच्चतम न्यायालय के कई निर्णयों के खिलाफ है। उन्होंने कहा, ''.... कुछ देरी हुई है। हमने और भी शिकायतें की हैं। जिस तरह से अलग-अलग उम्मीदवार धर्म का दुरुपयोग कर रहे हैं, उस बारे में हमने निर्वाचन आयोग को अवगत कराया है। हमें भरोसा है कि आयोग कार्रवाई करेगा।'' उन्होंने कहा, ''नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह के खिलाफ कोई नोटिस जारी नहीं हुआ था। हम उम्मीद करते हैं कि आयोग निष्पक्ष तरीके से शिकायतों पर ध्यान देगा। जहां नोटिस देना जरूरी है, आयोग वहां नोटिस भी दे।

यह पूछे जाने पर कि क्या निर्वाचन आयोग की तटस्थता सवालों के घेरे में है, रमेश ने कहा, ''जब प्रधानमंत्री की बात आती है तो वे (निर्वाचन आयोग) ''अत्यधिक सावधान'' और गृहमंत्री की बात आती है तो ''अधिक सावधान'' हो जाते हैं।'' प्रधानमंत्री के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोपों का पहली बार संज्ञान लेते हुए निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को बताया कि उसने विपक्षी दलों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों पर भाजपा से जवाब मांगा है। शिकायत के अनुसार, मोदी पर राजस्थान के बांसवाड़ा में विभाजनकारी व मानहानिजनक भाषण देने का आरोप है। आयोग ने कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर भाजपा द्वारा दर्ज करायी गयी शिकायत पर भी विपक्षी दल से जवाब तलब किया है।

## शिया धर्म गुरु बोले- अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण दुनिया को बड़ा तोहफा

**मुरादाबाद, एजेंसी।** शिया धर्म गुरु मौलाना कोकब मुजतबा ने कहा कि पांच सौ वर्षों से राम जन्म मंदिर भूमि अक्रांताओं के कब्जे में था।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून के अनुसार इसे आजाद कराया। इन्होंने श्री राम के अनुसार ही वहां राम मंदिर का निर्माण कराकर देश और दुनिया को बड़ा तोहफा दिया है। शिया धर्म गुरु गुरुवार को बुद्धि विहार में आयोजित श्री बालाजी जन्मोत्सव में आए थे। इस दौरान हिन्दुस्तान से हुई बातचीत में उन्होंने कहा कि जब इस मंदिर के लिए धन संग्रह हो रहा था तक मैंने भी एक लाख सौ रुपये देकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। साथ ही उन्होंने मथुरा, काशी सहित अन्य धर्म स्थलों की वकालत की। कहा यहां भी भव्य मंदिरों का निर्माण होना चाहिए। सभी धर्मों के लोगों को इनमें भागीदारी कर सांप्रदायिक सौहार्द, राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का संदेश देना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता और चारों वेद भी समर्पण, त्याग और सहयोग की शिक्षा देते हैं। इनके बताए रास्ते पर ही चल कर विश्व में शांति संभव है।

**कई संतों ने धर्म को लेकर श्रद्धालुओं का मार्ग दर्शन किया :** श्री महाकालेश्वर बालाजी धाम ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्री बालाजी जन्मोत्सव में हुई धर्म सभा को आनंद पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरि महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी सत्यानंद गिरि महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी राम बालक दास, महामंडलेश्वर साध्वी सविता गिरि, आचार्य अनिल कृष्ण, पीठाधीश्वर स्वामी संजय नंद गिरि,महंत स्वामी दीनानाथ, स्वामी रमेशानंद, महामंडलेश्वर स्वामी महेश दास, स्वामी श्याम गिरि, स्वामी नारायण गिरि, साध्वर भवंता सरस्वती, स्वामी वृदानंद, साध्वी गीता प्रधान व महंत गंगा दास ने भी धर्म को लेकर श्रद्धालुओं का मार्ग दर्शन किया।

**भजनों की प्रस्तुति ने लोगों का मनमोहा :** भजन गायक अनिल सक्सेना एवं अभिनव सक्सेना ने भजनों की प्रस्तुति कर मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पूर्व सुबह महायज्ञ किया। मुख्य रूप से महामंडलेश्वर संजय नंद गिरि, अनीता अग्रवाल, कमल, अराधना, विनोद राय, नीलम, देव, प्रिया, अमित, निधि, संजीव, राखी, सुनील, सारिका शैलेंद्र प्रकाश, संजीव अग्रवाल, राजीव गुप्ता, डा. डीएस चौहान, हरिओम गुप्ता, मयंक अग्रवाल, मनु अग्रवाल छवि, इला, मीनू, प्रिया, सारिका आदि का सहयोग रहा।

## अवसरवादी हैं नीतीश, अटल बिहारी वाजपेयी होते तो नहीं टूटती शिवसेना और एनसीपी : शरद पवार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के दिग्गज नेता शरद पवार का कहना है कि विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए को 4 जून के बाद भी साथ रहना होगा। इस दौरान उन्होंने जनता दल यूनाइटेड के प्रमुख नीतीश कुमार को भी अवसरवादी करार दे दिया। उन्होंने कहा कि अगर हम साथ काम नहीं करेंगे, तो लोकतंत्र मुश्किल में आ जाएगा। शरद पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी राज्य की 10 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। विपक्षी गठबंधन को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने साथ रहने की जरूरत पर बात की। उन्होंने कहा, मुझे कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन नीतीश कुमार अवसरवादी हैं। आईएनडीआईए गुट के अन्य लोगों के बारे में ऐसा है कि हम हो सकता है कि चुनाव के दौरान साथ काम नहीं कर रहे हों, उदाहरण के लिए ममता बनर्जी, लेकिन आम धारणा है कि चुनाव के बाद हमें साथ रहना होगा। उन्होंने कहा, बहुमत हो या न हो, हमें साथ काम करना ही होगा। अगर हम साथ काम नहीं करेंगे, तो संसदीय लोकतंत्र मुश्किल में पड़ जाएगा। बारामती सीट को पवार परिवार का गढ़ माना जाता है। यहां चुनाव को लेकर शरद पवार ने कहा, मेरी समझ है कि केंद्र सरकार अपनी पूरी ताकत लगा रही है (सुप्रिया को हराने में)। सभी एजेंसियां सक्रिय हैं और काफी धनबल भी नजर आ रहा है।

# महादेव गेमिंग ऐप से अरबों रुपए की ठगी में लखनऊ से इंडिया हेड अभय सिंह समेत दो गिरफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एसटीएफ ने दुबई में महादेव बेटिंग और अन्य दर्जन भर गेमिंग ऐप से सट्टा लगवाकर अरबों रुपये की ठगी के मामले में इंडिया हेड अभय सिंह व संजीव सिंह को गुरुवार शाम विभूति खंड से गिरफ्तार किया। आरोप है कि महादेव गेमिंग ऐप का प्रमोटर सौरभ चन्द्राकर और अभय का फुफेरा भाई अभिषेक सिंह दुबई में गिरोह का संचालन कर रहे हैं। अभिषेक ने ही अभय को लालच देकर साथ में जोड़ा था। इन लोगों ने कई फर्जी कंपनियां बनाईं जिनके नाम से गेमिंग ऐप बनाकर ठगी हुई। अभय व संजीव मजदूरों व अन्य लोगों के नाम से सिम खरीदकर पोर्ट करवाते, फिर कारपोरेट सिम कार्ड के रूप में दुबई भेजते। इन सिम कार्ड से गेमिंग ऐप चलाकर ठगी की जाती थी।

**आईपीएल के हर मैच में करोड़ों का सट्टा :** गिरफ्तार अभय सिंह ने एसटीएफ अफसरों के सामने खुलासा किया कि




आईपीएल के कर मैचों में करोड़ों रुपये का सट्टा लगाया जा रहा है। ये सट्टा टेलीग्राम व व्हाटसएप के जरिये लगाया जा रहा है। दूसरे आरोपी संजीव कुमार ने भी इसे सही बताया है। चार हजार सिम दुबई भेजे, अरबों का खेल महादेव बुक व अन्य नामों से बनाये गये गेमिंग एप से अरबों रुपये का फर्जीवाड़ा करने वालों ने सारा खेल दुबई से ही खेला। दुबई में संचालन कर रहे सौरभ चन्द्राकर व अभिषेक सिंह ने इंडिया हेड अभय सिंह के जरिये करोड़ों रुपये की कमाई हर महीने की। अभय ने खुलासा किया कि उसने वर्ष 2021 से अब तक चार हजार से अधिक सिम कार्ड दुबई भेजे। कारपोरेट सिम लेने के लिये 32 कम्पनियां बनायी। फिर इन कम्पनियों के नाम से ही सिम लिये और उन्हें दूसरी टेलीकॉम कम्पनी में पोर्ट कराया। छह माह में वेतन 75 हजार अभय को जब कम्पनी से जोड़ा गया तो उसने 25 हजार रुपये महीना और प्रति सिम पांच सौ रुपये अलग से देने को कहा गया था। उसने बताया कि सिम पोर्ट कराने का काम उसने तेजी से शुरू किया। पोर्ट करने के लिये यूपीसी कोर्ड छत्तीसगढ़, भिलाई निवासी चेतन जोशी भेजता था। वह दुबई में अभिषेक के साथ काम कर रहा था। अभय ने एक महीने में 35 सिम एक्टीवेट कराये, फिर शुभम सोनी उर्फ पिंटू के जरिये दुबई भेजने लगा था। उसकी सैलरी तीन गुना बढ़ा कर 75 हजार रुपये कर दी गई। सिम के एक्टीवेट कराने पर दो हजार अलग से दिये जाने लगे।

**केवाईसी में दिक्कत हुई तो नया खेल किया :** अभय ने खुलासा किया कि ट्राई ने फरवरी 2024 से कारपोरेर्ट सिम लेने पर कम्पनी के साथ कर्मचारियों के नाम भी केवाईसी होना अनिवार्य कर दिया गया था। यह केवाईसी लिंक के जरिये होती थी। इस पर इन लोगों ने एक कम्पनी में पांच-छह कर्मचारी ही दिखाये और फर्जी दस्तावेज से केवाईसी कराने लगे। एक व्यक्ति के नाम पर पांच-छह सिम खरीद जाते थे। इस गिरोह ने गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, जयपुर, पुणे, मुंबई, भुवनेश्वर समेत कई शहरों से फर्जी तरीके से सिम पोर्ट/एक्टिवेट कराये। इन मोबाइल नम्बरों से ही ये लोग व्हाट्सएप या टेलीग्राम एक्टिवेट कर ग्रुप बनाते, फिर उससे ठगी करने लगते।

## निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे को लेकर हाईकोर्ट में हुई बहस, कांग्रेस एमएलए बोले- सदस्यता रद्द करें

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के तीनों निर्दलीय विधायकों के इस्तीफा मंजूर न होने के मामले में दायर याचिका पर गुरूवार को हिमाचल हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की तरफ से हाईकोर्ट में अपनी-अपनी दलीलें दी गईं। इस मामले में लगभग तीन घंटे तक कोर्ट में बहस चली। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पैरवी की। मुख्य न्यायाधीश एम. रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। हाईकोर्ट के एडवोकेट जनरल अनूप रत्न ने बताया कि समय की कमी के चलते हाईकोर्ट ने मामले को अब 30 अप्रैल को शाम सवा चार बजे सुनने का निर्णय लिया है जिसमें विधानसभा अध्यक्ष की तरफ से बहस पूरी की जाएगी। तीन निर्दलीय विधायक होशियार सिंह, कृष्ण लाल ठाकुर और आशीष शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस्तीफा स्वीकार न होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। अपनी याचिका में इन विधायकों ने 22 मार्च से उनका इस्तीफा स्वीकार करने की मांग की है। विधायकों का कहना है कि बिना किसी दबाव के उन्होंने इस्तीफा दिया है।




बता दें कि इस्तीफा मंजूर न होने पर तीनों निर्दलीय विधायक कुछ दिन पहले विधानसभा परिसर में धरना देकर अपना विरोध जाहिर कर चुके हैं। निर्दलीय विधायकों का आरोप है कि स्पीकर सरकार के दबाव में काम कर रहे हैं। तीनों निर्दलीय विधायक कई बार स्पष्ट कर चुके हैं कि हमने बिना किसी दबाव के स्वेच्छा से अपने इस्तीफे दिए हैं और स्पीकर को ये तत्काल मंजूर कर लेने चाहिए। दरअसल 27 फरवरी को हिमाचल की एकमात्र राज्यसभा सीट पर चुनाव के दौरान तीनों निर्दलीय विधायकों ने भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था। हालांकि इससे पहले निर्दलीय विधायक राज्य की सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार को समर्थन दे रहे थे। मंत्री व विधायक ने की निर्दलीय विधायकों की सदस्यता रद्द करने की मांग, याचिका दायर निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे स्वीकार न होने पर जहां मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस सरकार के मंत्री जगत सिंह नेगी ने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष एक याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि निर्दलीय विधायकों ने इस्तीफा स्वीकार होने से पहले ही भाजपा ज्वाइन कर ली थी ऐसे में यह मामला दलबदल कानून के दायरे में आता है, लिहाजा विधानसभा अध्यक्ष इनकी सदस्यता को रद्द करें। इसी तरह शिमला से कांग्रेस विधायक हरीश जनार्था ने भी मामले में निर्दलीय विधायकों की सदस्यता रद्द करने को लेकर एक अलग याचिका हाईकोर्ट में दी है। शिमला में आज पत्रकार वार्ता में बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा ने षड्यंत्र के तहत प्रदेश की चुनी हुई सरकार को गिराने का प्रयास किया था जिसमें उसे कामयाबी नहीं मिली है। निर्दलीय विधायकों ने भी दबाव में इस्तीफे दिए हैं और इस्तीफे स्वीकार होने से पहले ही भाजपा में शामिल हुए हैं।

## संजय राउत के भाई के खिलाफ ईडी का बड़ा ऐक्शन, 73 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति कुर्क

**मुंबई, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) ने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत के भाई प्रवीण राउत की 73.62 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। पात्रा चॉल पुनर्विकास मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई की है। यह मामला मेसर्स गुरु आशीष कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (जीएसीपीएल) की ओर से मुंबई के गोरेगांव में पात्रा चॉल परियोजना के पुनर्विकास में कथित अनियमितताओं से संबंधित है।

कुर्क की गई संपत्तियों में आरोपी प्रवीण राउत और उनके करीबी सहयोगियों के पालघर, दापोली, रायगढ़, ठाणे और उसके आसपास के कई भूमि पार्सल शामिल हैं। आर्थिक अपराध शाखा, मुंबई ने महाराष्ट्र गृहनिर्माण व क्षेत्रविकास प्राधिकरण (म्हाडा) के अभियंता की ओर से दायर शिकायत के आधार पर मेसर्स जीएसीपीएल, राकेश कुमार वाधवान, सारंग कुमार वाधवान और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी।

साथ ही 11 दिसंबर 2020 को इस मामले में आरोप पत्र दाखिल किया था। इसी प्राथमिकी और आरोप पत्र के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की। ईडी की जांच से पता चला कि मेसर्स जीएसीपीएल, जिसे 672 किरायेदारों के पुनर्वास के लिए पात्रा चॉल परियोजना के पुनर्विकास का काम सौंपा गया था, महत्वपूर्ण वित्तीय कदाचार में



शामिल रही है।

सोसायटी, म्हाडा और जीएसीपीएल के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किये गए थे, जिसमें डेवलपर (जीएसीपीएल) को 672 किरायेदारों को फ्लैट प्रदान करना था, म्हाडा के लिए फ्लैट विकसित करना था और उसके बाद शेष भूमि क्षेत्र को बेचना था। मेसर्स जीएसीपीएल के निदेशकों ने म्हाडा को गुमराह किया और 672 विस्थापित किरायेदारों के पुनर्वास हिस्से और म्हाडा (महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी) के लिए फ्लैटों का निर्माण किए बिना नौ डेवलपर्स के साथ धोखाधड़ी करके करीब 901.79 करोड़ रुपये में फ्लोर स्पेस इंडेक्स (एफएसआई) बेचने में कामयाब रहे।

## 15 दिन में 40 प्रदर्शन, उम्मीदवारों को गांवों में जाने से रोका; पंजाब में किसानों से कैसे पार पाएगी बीजेपी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब में भाजपा उम्मीदवारों को लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रचार करने में मुश्किलें पेश आ रही हैं। खासतौर से ग्रामीण हिस्सों में, जहां विभिन्न किसान संगठनों ने राज्य में केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवारों को आने की इजाजत नहीं देने की अपील की है। बीजेपी अब तक पंजाब की 13 सीटों में से 9 पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। मालूम हो कि यहां कि सभी सीटों पर सातवें और आखिरी चरण में 1 जून को वोट डाले जाएंगे। अगर बीते 15 दिनों की बात करें तो यहां भाजपा उम्मीदवारों को विभिन्न किसान समूहों के करीब 40 विरोध प्रदर्शनों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने न केवल बीजेपी विरोधी नारे लगाए और काले झंडे दिखाए, बल्कि कई मौकों पर उनके साथ धक्का-मुक्की भी हुई।

संयुक्त किसान मोर्चा ने भाजपा उम्मीदवारों को विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार करने की इजाजत नहीं देने की अपील की है। पंजाब पुलिस की खुफिया शाखा के आंकड़ों के मुताबिक, सबसे ज्यादा 15 विरोध प्रदर्शन फरीदकोट निर्वाचन क्षेत्र में हुए हैं। यहां से भाजपा ने हंसराज हंस को चुनावी मैदान में उतारा है। उन्होंने 4 अप्रैल को अपना प्रचार अभियान शुरू किया। इसके बाद से गायक-राजनेता को लगभग हर दिन किसान संघों के



विरोध का सामना करना पड़ा है। पिछले बुधवार को अरैनवाला गांव में उत्तर पश्चिम दिल्ली के निवर्तमान सांसद हंसराज को किसानों ने रैली स्थल तक पहुंचने से रोक दिया। ऐसी स्थिति में एक एसपी-रैंक अधिकारी के नेतृत्व में बड़ी पुलिस इकाई को हस्तक्षेप करना पड़ा। इस दौरान 25 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया।

**कांग्रेस के 3 पूर्व नेताओं को वाय कैटेगरी की सुरक्षा :** इस बीच, पंजाब कांग्रेस के 3 पूर्व नेताओं को केंद्र सरकार ने वाय कैटेगरी की वीआईपी सुरक्षा मुहैया कराई है जिसके तहत इनकी सुरक्षा में अर्द्धसैनिक बलों के कमांडो तैनात रहेंगे। इन तीन नेताओं में से 2 भाजपा में शामिल हो चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि विक्रमजीत सिंह चौधरी, उनकी मां करमजीत कौर चौधरी और तजिंदर सिंह बिट्टू को केंद्रीय खुफिया एजेंसियों द्वारा खतरे का पता चला। इसे देखते हुए वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। करमजीत कौर और बिट्टू हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को गृह मंत्रालय की ओर से सुरक्षा कवर प्रदान करने का निर्देश दिया गया। फिल्लौर से विधायक विक्रमजीत सिंह चौधरी को हाल ही में कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में निलंबित कर दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यूज़ीलैंड ने चौथे टी-20 में पाकिस्तान को हराया: सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई



न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में गुरुवार को पाकिस्तान को 4 रन से हराया। इस जीत के बाद न्यूजीलैंड पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 2-1 से आगे हो गई है। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला लिया। पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 178 रन बनाए। जवाब में पाक टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 174 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड के लिए ओपनर टिम रॉबिन्सन (51) ने अर्धशतक लगाया। राइट आर्म पेसर विलियम ओरूर्के ने तीन विकेट लिए। ओरूर्के को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। रॉबिन्सन ने 51 रन की पारी खेली न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 7 विकेट पर 178 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से इसी सीरीज में डेब्यू करने वाले टिम रॉबिन्सन ने 36 गेंदों पर 51 रन बनाए। उनके अलावा डीन फॉक्सक्रॉफ्ट 26 गेंदों पर 34 और टॉम ब्लंडल ने 15 गेंदों पर 28 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से अब्बास अफरीदी ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।
जमान का अर्धशतक पाक के काम न आया 179 रन के टारगेट का पीछा कर रहे पाकिस्तान ने पावरप्ले के अंदर ही अपने 3 विकेट खो दिए।

### 7 बल्लेबाज 0 पर आउट... 17 साल की गेंदबाज ने मचाई सनसनी, फेंका बेस्ट स्पेल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट में रिकॉर्ड का बड़ा क्रेज होता है. दिलचस्प आंकड़े हमेशा लुभाते रहे हैं. कई बार तो ऐसा लगता है कि यह रिकॉर्ड नहीं टूट पाएगा. लेकिन तभी कोई ख?लाड़ी अपने प्रदर्शन से चौंका देता है. ऐसा ही एक रिकॉर्ड 17 साल की गेंदबाज ने बनाया है. इस इंडोनेशियाई किशोरी ने टी20 इंटरनेशनल में बिना कोई रन दिए 7 विकेट चटकाए (3.2-3-0-7), जो वर्ल्ड रिकॉर्ड है. इतना ही नहीं टी20 फॉर्मेट में यह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है.
दरअसल, अपना डेब्यू मैच खेल रही इंडोनेशिया की रोहमालिया रोहमालिया ने यह कारनामा कर दिखाया है. यहां गौर करने वाली बात यह है कि इंडोनेशिया की रोहमालिया ने शून्य रन देकर देकर 7 विकेट हासिल किए, जो सभी टी20 इंटरनेशनल (पुरुष और महिला) में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का आंकड़ा है. ऐसा आज तक कोई नहीं कर सका है. बाली में मंगोलिया के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज के पांचवें टी20 इंटरनेशनल में स्पिनर रोहमालिया ने 20 गेंदें फेंकी, ये सभी डॉट गेंदें रहीं. इस दौरान रोहमालिया ने सात बल्लेबाजों को शून्य पर आउट किया.

# 14 साल पुराना रिकॉर्ड बराबर!

## रजत पाटीदार ने रिकॉर्ड में की रॉबिन उथप्पा की बराबरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का 41वां मैच सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया. यह मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुआ. रजत पाटीदार ने इस मैच में अर्धशतक लगाया है. वहीं, यह अर्धशतक लगाते ही पाटीदार ने एक रिकॉर्ड के मामले में रॉबिन उथप्पा की बराबरी कर ली.

रजत पाटीदार ने आईपीएल 2024 के 41वें मैच में अर्धशतक लगाया. इस अर्धशतक के बाद रजत पाटीदार ने रॉयल चैलेंजर्स के लिए सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में रॉबिन उथप्पा की बराबरी कर ली है. पाटीदार ने 19 गेंदों में यह कारनामा किया. इससे पहले रॉबिन उथप्पा ने साल 2010 में महज 19 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी.

### आईपीएल में आरसीबी के लिए सबसे तेज अर्धशतक

- 2013, क्रिस गेल, 17 गेंदों में पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ, बेंगलुरु
- 2010, रॉबिन उथप्पा, 19 गेंदों में पंजाब किंग्स के खिलाफ, बेंगलुरु
- 2024, रजत पाटीदार, 19 गेंदों में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ, हैदराबाद
- 2012, एबी डिविलियर्स, 21 गेंदों में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ, जयपुर
- 2024, रजत पाटीदार, 21 गेंदों में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ, कोलकाता

### रजत पाटीदार बनाम सनराइजर्स हैदराबाद पारी

रजत पाटीदार ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 20 गेंदों में 50 रन बनाए. उन्होंने ये रन 250 के स्ट्राइक रेट से बनाए हैं. पाटीदार ने इस पारी में 2 चौके और 5 छक्के लगाए. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ये दूसरी जीत है.

बतौर ओपनर विराट कोहली का बड़ा कारनामा

## 4000 रन आईपीएल में पूरे किए, धवन-वॉर्नर के क्लब में बनाई जगह



**हैदराबाद , एजेंसी।** हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में आरसीबी ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 206 रन बनाए। इसके जवाब में सनराइजर्स 20 ओवर में आठ विकेट खोकर सिर्फ 171 रन बना सकी। किंग कोहली ने 43 गेंदों में 51 रनों की शानदार पारी खेली। आईपीएल 2024 का 41वां मैच गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया। इस मुकाबले में आरसीबी ने एसआरएच का किला भेद दिया। बल्लेबाजी के दौरान विराट कोहली औ र रजत पाटीदार ने दमदार प्रदर्शन किया। दोनों ने ताबड़तोड़ अर्धशतक लगाए। दिलचस्प बात यह है कि किंग कोहली ने बतौर सलामी बल्लेबाज आईपीएल में 4000 रन पूरे कर लिए। हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में आरसीबी ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 206 रन बनाए। इसके जवाब में सनराइजर्स 20 ओवर में आठ विकेट खोकर सिर्फ 171 रन बना सकी। किंग कोहली ने 43 गेंदों में 51 रनों की शानदार पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से चार चौके और एक छक्का निकला। इस सीजन में यह उनका चौथा अर्धशतक है। वहीं, पाटीदार ने महज 20 गेंदों का सामना किया और 50 रनों की तूफानी पारी खेली। उनके बल्ले से इस सीजन का यह तीसरा अर्धशतक निकला।



## कर्ण, कैमरून, स्वप्निल की शानदार गेंदबाजी, छह हार के बाद आरसीबी की जीत

**हैदराबाद, एजेंसी ।** कर्ण शर्मा, कैमरून ग्रीन और स्वप्निल सिंह की शानदार गेंदबाजी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुरुवार को यहां राजीव गांधी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद को 35 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में लगातार छह हार के बाद अपनी पहली जीत दर्ज की। तीनों ने दो-दो विकेट चटकाए। कर्ण शर्मा ने तीन ओवरों में 29 रन देकर दो विकेट लिए। कैमरून ग्रीन ने दो ओवरों में 12 रन देकर दो विकेट हासिल किए जबकि स्वप्निल सिंह ने खतरनाक एडेन मार्क्रम (7) और हेनरिक क्लासेन (7) को आउट करके एक प्रभावशाली खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई। इससे पहले विराट कोहली और रजत पाटीदार के अर्धशतकों की मदद से बेंगलुरु ने 20 ओवरों में 206/7 का स्कोर खड़ा किया। कैमरून ग्रीन ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन किया और गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन के अलावा 20 गेंदों में 37 रनों की पारी खेली और एक अच्छा कैच भी लिया। एसआरएच लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवरों में 171/8 ही बना सकी। यह देखते हुए कि एसआरएच ने इस सीज़न में दो सबसे बड़े स्कोर बनाए हैं, यह उनके लिए बहुत कठिन लक्ष्य नहीं था।
आईपीएल की अपनी तीसरी हार के साथ टीम तीसरे स्थान पर बनी हुई है। आरसीबी ने अब दो जीत के साथ सबसे नीचे है।सनराइजर्स हैदराबाद को पावर-प्ले में चार झटके लगे और उन्होंने मैच लगभग वहीं गंवा दिया था।
**संक्षिप्त स्कोर**-रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 20 ओवर में 206/7 (विराट कोहली 51, रजत पाटीदार 50, कैमरून ग्रीन 37 नाबाद; जयदेव उनादकट 3-30, टी.नटराजन 2-39) ने सनराइजर्स हैदराबाद 20 ओवर में 171/8 (शाहबाज अहमद 40 नाबाद, अभिषेक शर्मा 31, पैट कमिंस 31; कैमरून ग्रीन 2-12, कर्ण शर्मा 2-29, स्वप्निल सिंह 2-40) को 35 रन से हरा दिया।

## आईपीएल के बीच धोनी के नाम से वायरल हो रहा फर्जी पोस्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 में बल्ले से धूम मचा रहे एमएस धोनी के नाम को लेकर एक फर्जी पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक मैसेज है और उनके नाम पर पैसे की मदद मांगी गई है। पोस्ट में स्कैमर्स ने धोनी बनकर यह दावा किया है कि मैं महेंद्र सिंह धोनी हूं और मैं एक प्राइवेट अकाउंट से आप लोगों को मैसेज कर रहा हूं। मैं रांची के बाहरी क्षेत्र में फंस गया हूं और मैं यहां आते वक्त अपना वॉलेट लाना भूल गया था। मुझे वापस बस से घर लौटना है। क्या आपलोग मुझे फोन पे पर 600 रुपए ट्रांसफर कर दोगे। मैं घर जाकर आपके पैसे लौटा दूंगा। इस पोस्ट में ठग ने धोनी की एक फोटो भी शेयर की है। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है।

## चयनकर्ता इस सप्ताह के अंत में टी-20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा कर सकते हैं : बीसीसीआई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में खेले जाने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा करने के लिए वरिष्ठ राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की इस सप्ताह के अंत में मुंबई में बैठक होने की संभावना है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। आईसीसी ने भाग लेने वाले बोर्डों के लिए विश्व कप के लिए अपने अस्थायी टीमों की घोषणा करने के लिए 1 मई की समय सीमा निर्धारित की है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीज़न में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर एक संतुलित 15 सदस्यीय टीम चुनने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

सूत्रों ने कहा कि वे (चयनकर्ता) 15 सदस्यीय टीम चुनने के लिए 27 या 28 अप्रैल को बैठेंगे। टीम का नाम बताना वास्तव में कठिन होगा क्योंकि मौजूदा आईपीएल में कुछ युवा खिलाड़ी वास्तव में प्रभावशाली हैं।

# नडाल ने मैड्रिड में ब्लैंच को हराया, अगला मुकाबला डी मिनौर से होगा



**मैड्रिड, एजेंसी।** राफेल नडाल ने मैड्रिड ओपन में विजयी शुरुआत की, जब उन्होंने 16 वर्षीय वाइल्ड कार्ड डार्विन ब्लैंच को 64 मिनट के बाद 6-1, 6-0 से हराया। मैड्रिड में पांच बार के चैंपियन, नडाल काजा मैगिका में सबसे अधिक जीत (57) जीत हासिल कर चुके हैं, जहां घरेलू पसंदीदा ने पहली बार 2008 में खिताब जीता था और हाल ही में 2017 में जीत हासिल की थी।

एटीपी आंकड़ों के अनुसार, एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर दो विरोधियों के बीच उम्र का सबसे बड़ा अंतर (21 वर्ष, 117 दिन) था, जिसमें नडाल ने अपने रिटर्न पॉइंट का 59 प्रतिशत जीता और उन्हें अपनी सर्विस पर एक भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा। नडाल ने कहा, वह एक बहुत युवा खिलाड़ी है, मुझे लगता है कि उसके सामने बहुत अच्छा भविष्य है। उसके पास बहुत शक्तिशाली शॉट हैं, लेकिन मुझे लगता है कि उसमें निरंतरता की कमी है। मैं उसे शुभकामनाएं देता हूं। मैंने अच्छा खेला, मैं खुश हूं, इससे मुझे फायदा हुआ। मैड्रिड में एक और दिन बिताने का अवसर, जो मेरे लिए बहुत मायने रखता है, मुझे इन टूर्नामेंटों में खेलने की ज़रूरत है और मुझे लगता है कि यह सुधार की प्रक्रिया का हिस्सा है। नडाल, जो मैड्रिड में अपनी 20वीं उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं, टूर्नामेंट के दूसरे दौर में दसवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर के खिलाफ खेलेंगे, जिनसे उनका सामना एक सप्ताह पहले बार्सिलोना की धरती पर हुआ था। नडाल ने कहा, पिछले सप्ताह ऐसा नहीं होना था और इस सप्ताह मुझे यकीन है कि यह अधिक कठिन होगा। लेकिन मुझे फिर से खेलने का मौका मिलेगा। अब जो कुछ भी आता है वह एक उपहार है, इसलिए मैं खुश हूं। फिर से कोर्ट पर हूं और जितना संभव हो उतना अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हूं।

# आईपीएल इतिहास में पहली बार सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से लगे 100 छक्के

**हैदराबाद, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद की टीम का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में अब तक पैट कमिंस की कप्तानी में बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला है। हैदराबाद ने 8 मैचों में खेलते हुए 5 में जीत दर्ज की है, तो उन्हें सिर्फ 3 में हार का सामना करना पड़ा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम के खिलाफ भले ही टीम को पिछले मैच में 35 रनों से हार मिली लेकिन इसके बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद प्वाइंट्स टेबल में 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर मौजूद हैं। आईपीएल के 17वें सीजन में हैदराबाद के इस बेहतरीन प्रदर्शन की सबसे बड़ी वजह उनका मैदान पर आक्रामक खेल दिखाना है, जिसमें टीम बल्लेबाजी में छक्के मारने के मामले अभी बाकी टीमों से काफी आगे दिखाई दे रही है और उन्होंने एक खास कारनामा भी इस सीजन कर दिया है।

सनराइजर्स हैदराबाद टीम की तरफ से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में कुल 9 छक्के लगे जिसके साथ ही वह आईपीएल के 17वें सीजन में 100 छक्के पूरे करने वाली पहली टीम बन गई है। इसी के साथ सनराइजर्स हैदराबाद पहली बार आईपीएल के किसी सीजन में 100 या उससे अधिक छक्के भी लगाने में कामयाब हुई है। इस लिस्ट में पहले स्थान पर मुंबई इंडियंस की टीम है, जिन्होंने अब तक 8 सीजन में ये कारनामा किया है। वहीं आईपीएल के 17वें सीजन को लेकर बात की जाए तो 41 मैचों के बाद छक्के लगाने के मामले में 108 सिक्स के साथ हैदराबाद की टीम पहले स्थान पर है, जबकि दूसरे नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम है जिन्होंने इस सीजन 90 सिक्स लगाए हैं।



### आईपीएल 2024 में 41 मैचों के बाद सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली टीमें

- सनराइजर्स हैदराबाद - 108 छक्के
- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु - 90 छक्के
- दिल्ली कैपिटल्स - 86 छक्के
- मुंबई इंडियंस - 85 छक्के
- कोलकाता नाइट राइडर्स - 69 छक्के

**हेनरिक क्लासेन के बल्ले से निकले अब तक सबसे ज्यादा छक्के**-आईपीएल के 17वें सीजन में 41 मैचों के बाद सबसे ज्यादा छक्के वाले खिलाड़ी के तौर पर पहले 2 स्थानों पर सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन और अभिषेक शर्मा हैं। क्लासेन ने जहां 27 तो वहीं अभिषेक ने 26 छक्के लगाए हैं। इसके बाद तीसरे नंबर पर चेन्नई सुपर किंग्स टीम का हिस्सा शिवम दुबे हैं जिन्होंने अब तक 22 छक्के लगाए हैं।

# विरासत टैक्स सीधे मध्यम वर्ग पर प्रतिकूल असर डालेगा, मतदान के बाद बोलीं वित्त मंत्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुक्रवार को बंगलूरू के जयनगर में मतदान के बाद वित्त मंत्री सीतारमण ने विरासत टैक्स पर बात की। इस दौरान उन्होंने कड़ी मेहनत करने वाले मध्यम वर्गीय परिवारों पर विरासत टैक्स लगाने से पड़ने वाले प्रभावों पर चिंता व्यक्त की।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बंगलूरू में मतदान करने के बाद विरासत टैक्स पर बात की। उन्होंने कहा कि यह मध्यम वर्ग पर प्रतिकूल असर डालता है, जिससे उनकी गाढ़ी कमाई प्रभावित होती है। उन्होंने कहा, यह (विरासत टैक्स) सीधे मध्यम वर्ग पर प्रहार करता है। वे कड़ी मेहनत करते हैं, उनका पसीना और मेहनत इधर-उधर की छोटी-छोटी बचतों के रूप में बचती है, या तो वे सपनों का घर खरीद लेते हैं या कुछ फिक्स्ड डिपॉजिट रख लेते हैं। अगर विरासत टैक्स लगाई जाती है तो ये सभी प्रभावित होंगे। वित्त मंत्री सीतारमण ने ये बातें बेंगलुरु में लोकसभा चुनाव के लिए अपना वोट डालने के बाद कही।


शुक्रवार को बंगलूरू के जयनगर में मतदान के बाद वित्त मंत्री सीतारमण ने विरासत टैक्स पर बात की। इस दौरान उन्होंने कड़ी मेहनत करने वाले मध्यम वर्गीय परिवारों पर विरासत टैक्स लगाने से पड़ने वाले प्रभावों पर चिंता व्यक्त की। वित्त मंत्री की ओर से यह प्रतिक्रिया सैम पित्रोदा की ओर से विरासत टैक्स पर चर्चा शुरू करने के बाद आई। उन्होंने कहा कि केवल अपना बचत बनाए रखने के लिए पैसे जोड़ने वालों को दंडित करने से पिछले कई दशकों में हासिल आर्थिक लाभ सामाप्त हो सकता है।

उन्होंने कहा, मुझे याद है कि 1968 में एक अनिवार्य जमा योजना थी जहां लोगों की जमा राशि 18 प्रतिशत 20 प्रतिशत थी। इसमें से कुछ छीन लिया गया। उस समय उसका कोई कारण नहीं बताया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि अगर धन सर्जकों को सिर्फ इसलिए दंडित किया जाएगा कि उनके पास कुछ पैसा बचा हुआ है, तो पिछले दस वर्षों में हुई भारत की प्रगति शून्य हो जाएगी।

सीतारमण ने कांग्रेस के समय की उस स्थिति को भी याद किया जब 90त्न कर की दर लागू की गई थी वित्त मंत्री ने इसके साथ ही समाजवादी मॉडल और वर्तमान सरकार के दृष्टिकोण के बीच विरोधाभास का भी उल्लेख किया। वित्त मंत्री ने कहा, कांग्रेस ने 90त्न कर लगाया था। आप शायद विश्वास नहीं करेंगे कि वर्तमान पीढ़ी को इसके बारे में कुछ भी याद नहीं होगा या पता भी नहीं होगा। एक ऐसा भारत था जहां कांग्रेस के शासन में हम अपने द्वारा अर्जित सभी आय का 90 प्रतिशत कर के रूप में भुगतान करते थे। क्या यह वह समाजवादी मॉडल है जिसके साथ कांग्रेस पार्टी सहज है। कर्नाटक में चल रहे लोकसभा चुनावों में कांग्रेस और भाजपा-जद (एस) गठबंधन के बीच कड़ी टक्कर दिख रही है। राज्य में दूसरे चरण के दौरान 14 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए वोट डाले जा रहे हैं।

## जीडीपी की रफ्तार सबसे तेज, दुनिया में मंदी की आशंका घटी; वित्त मंत्रालय का दावा





**नई, एजेंसी।** वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जारी मार्च की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा, अंतराष्ट्रीय संगठनों और आरबीआई ने भारत के लिए चालू वित्त वर्ष का वृद्धि संबंधी नजरिया सकारात्मक रखा हुआ है। यह बताता है कि वैश्विक स्तर पर मुश्किल हालातों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बनी हुई है।

वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। मजबूत वृद्धि, मूल्य स्थिरता और बाहरी क्षेत्र के स्थिर दृष्टिकोण से भारत के आशाजनक आर्थिक प्रदर्शन को समर्थन मिल रहा है। इसके साथ ही, वैश्विक आर्थिक वृद्धि परिदृश्य एक बार फिर उत्थान की राह पर है। इससे मंदी की आशंकाएं घटी हैं और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में तेजी की स्थिति बन रही है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर तनाव चिंता का विषय बना हुआ है।

वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जारी मार्च की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और आरबीआई ने भारत के लिए चालू वित्त वर्ष का वृद्धि संबंधी नजरिया सकारात्मक रखा हुआ है। यह बताता है कि वैश्विक स्तर पर मुश्किल हालातों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने हाल ही में जारी विश्व आर्थिक परिदृश्य (डब्ल्यूईओ) में 2023-24 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर के अनुमान को 6.7 फीसदी से बढ़ाकर 7.8 फीसदी कर दिया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में प्रगति के संकेत दिख रहे हैं, लेकिन असमानताएं बरकरार हैं। प्रमुख संकेतक जहां आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि और भू-राजनीतिक तनाव में कमी का इशारा कर रहे हैं, वहीं हाल के संघर्षों से जोखिम पैदा हो रहे हैं। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के साथ अलग दिख रहा है। भारत सभी क्षेत्रों में व्यापक आधार वाली वृद्धि दर्शा रहा है और वैश्विक वृद्धि के समर्थन में अपनी अहम भूमिका का दावा कर रहा है।

वैश्विक सुस्ती से भारत के निर्यात और आयात में नरमी आई है। 2023-24 में वस्तु व्यापार घाटे में कमी आई है। इसकी वजह...आयात की तुलना में निर्यात में कम गिरावट है। हालांकि, गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न एवं आभूषण निर्यात ने पिछले कुछ माह में निरंतर वृद्धि के साथ जुझारूपन दिखाया है।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी अप्रैल, 2024 में सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह भंडार 11 महीने के आयात के लिए पर्याप्त है।

## संक्षिप्त समाचार

### वोडा-आईडिया का 18,000 करोड़ जुटाना कंपनी में नई जान फूंकने जैसा : कुमार मंगलम बिड़ला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने गुरुवार को कहा कि वोडाफोन-आइडिया का 18,000 करोड़ रुपए जुटाना कंपनी में नई जान फूंकने जैसा है। कंपनी भारी प्रतिस्पर्धा के बीच ग्राहकों को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही है। बिड़ला ने FPO के सूचीबद्ध कार्यक्रम में पत्रकारों से कहा कि कंपनी अपने नेटवर्क को बढ़ाने और चुनिंदा 5 प्रतिशत सेवाओं को पेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या पूंजी जुटाने से कंपनी की ज्यादातर समस्याएं सुलझ जाएंगी बिड़ला ने ''हां'' में जवाब दिया। उन्होंने कहा, ''यह कंपनी में एक तरह से नई जान फूंकने जैसा होगा।'' हालांकि, बिड़ला ने इंडस टावर्स में हिस्सेदारी बेचने की खबरों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### कोटक महिंद्रा बैंक पर आईबीआई की बड़ी कार्रवाई, नए क्रेडिट कार्ड जारी करने पर लगाई रोक




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ बैंकिंग सेक्टर के रेग्यूलेटर भारतीय रिजर्व बैंक ने बड़ी कार्रवाई की है। आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक को ऑनलाइन या मोबाइल बैंकिंग चैनल के जरिए नए ग्राहक जोड़ने पर रोक लगा दी है। इसके अलावा आरबीआई ने कोटक बैंक के नए क्रेडिट कार्ड्स भी जारी किए जाने पर रोक लगाने का फैसला किया है। हालांकि आरबीआई ने कहा कि कोटक महिंद्रा बैंक अपने मौजूदा कस्टमर्स जिसमें क्रेडिट कार्ड कस्टमर्स भी शामिल हैं उन्हें सभी सर्विसेज उपलब्ध कराती रहेगी। बैंक पर ये प्रतिबंध लगाने का कारण बताते हुए आईबीआई ने कहा कि 2022 और 2023 के बीच उसने पर्याप्त आईटी इंफ्रास्टक्चर नहीं होने को लेकर बैंक को अपनी चिंता जताई थी लेकिन बैंक इन कमियों को दूर करने में लगातार विफल रहा। बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट 1949 के सेक्शन 35 ए की तहत आईबीआई ने अपनी पावर का इस्तेमाल करते हुए कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ यह कार्रवाई की है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र का चौथी तिमाही में मुनाफा 45 प्रतिशत बढ़कर 1,218 करोड़ रुपए




**नई, एजेंसी।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 45 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,218 करोड़ रुपए रहा। पुणे स्थित सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता का एक साल पहले इसी तिमाही में शुद्ध लाभ 840 करोड़ रुपए था। बीओएम ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 6,488 करोड़ रुपए हो गई। पिछले साल समान अवधि में यह 5,317 करोड़ रुपए थी।

## शुरुआती बढ़त के बाद कमजोर पड़ा बाजार; सेंसेक्स 250 अंक टूटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुक्रवार को जैसे-जैसे दिन चढ़ा बाजार पर बिकवाली हावी होती गई और इसने अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी। सुबह 11.14 मिनट पर सेंसेक्स 200.15 (0.26 प्रतिशत) अंकों की गिरावट के साथ 74,139.29 पर और निफ्टी 54.30 (0.24 प्रतिशत) अंक टूटकर 22,516.05 अंकों के स्तर पर कारोबार करता दिखा। एशियाई बाजारों में दिखी बढ़त के बाद भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क इंडेक्स लगातार छठे दिन हरे निशान पर खुले। हालांकि शुरुआती कारोबार में बढ़त मामूली ही रही और धीरे-धीरे बाजार पर बिकवाली हावी होती गई।

## सरकार ने सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील दी, तीन बंदरगाहों से तय मात्रा में होगा शिपमेंट

**नई, एजेंसी।** भारत ने सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील दी है। तय किए गए तीन बंदरगाहों से अधिकतम दो हजार मीट्रिक टन सफेद प्याज का निर्यात किया जा सकता है।

भारत सरकार द्वारा सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील दी गई है। सरकार ने देश के तीन बंदरगाहों से सफेद प्याज के विदेशी शिपमेंट को मंजूरी दे दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि सफेद प्याज का निर्यात करने वाले निर्यातक को सामान और सामान की मात्रा को प्रमाणित करने के लिए गुजरात सरकार के बागवानी आयुक्त से प्रमाण पत्र लेना जरूरी होगा। सरकार द्वारा सफेद प्याज के निर्यात के लिए कुछ बंदरगाहों के नाम तय किए गए हैं। डीजीएफटी की अधिसूचना में कहा गया है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से जारी होता कि तय किए गए बंदरगाहों से अधिकतम दो हजार मीट्रिक टन सफेद प्याज का निर्यात किया जा सकता है। सरकार द्वारा निर्यात के लिए मुंद्रा बंदरगाह, पिपावाव बंदरगाह और न्हावा शेवा (जेएनपीटी) बंदरगाह के नाम तय किए गए हैं। अधिसूचना में आगे बताया गया है कि राजनीतिक रूप से संवेदनशील वस्तु प्याज के निर्यात पर सामान्य तौर पर प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन मित्र राष्ट्रों के अनुरोध पर सरकार द्वारा एक तय मात्रा में इसके शिपमेंट की अनुमति दी गई है।

## निरंकारी मिशन द्वारा समाज कल्याणार्थ विभिन्न कार्य

स्वदेश संवाददाता



**दिल्ली :** बाबा गुरबचन सिंह जी ने अपना संपूर्ण जीवन समाज कल्याणार्थ अर्पित किया। एक ओर जहाँ सत्य के बोध द्वारा मानव जीवन को सभी प्रकार के भ्रमों से मुक्त करवाया वही दूसरी ओर नशाबंदी, सादा शादियाँ एवं शिक्षा जैसे समाज सुधार कार्यों से संसार के समक्ष एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। इसी संदर्भ में बाबा गुरबचन सिंह जी की सिखलाईयों से प्रेरणा लेते हुए निरंकारी मिशन के समाज कल्याण विभाग द्वारा दिनांक 25 अप्रैल, 2024 को दो कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें सादा शादियाँ एवं पहाडगंज स्कूल की प्लेटिनम जयंती सम्मिलित है।

**सादगी एवं एकत्व का सुंदर प्रतीकः निरंकारी सामूहिक शादियाँ**

सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीष से सन्त निरंकारी मिशन के समाज कल्याण विभाग द्वारा मैरिज ग्राउंड, निरंकारी कॉलोनी, दिल्ली में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन हुआ जिसमें 14 नव युगल परिणय-सूत्र में बंधे। नव-विवाहित जोड़ों को दिव्य युगल ने संयुक्त रूप में अपना पावन आशीर्वाद प्रदान किया। इस शुभ अवसर पर मिशन के श्रद्धालु भक्त, वर-वधु के माता-पिता एवं परिजन उपस्थित थे। निरंकारी मिशन द्वारा हर वर्ष सादा शादियों का आयोजन किया जाता है। सामुहिक विवाह कार्यक्रम का आरम्भ पारम्परिक जयमाला एवं निरंकारी शादी के विशेष चिन्ह सांझा-हार द्वारा हुआ। उसके उपरांत निरंकारी लावों का गायन हुआ जिसकी प्रत्येक पंक्ति में नव विवाहित युगलों के सुखमयी जीवन हेतु अनेक कल्याणकारी शिक्षाएं प्रदत्त थी। सतगुरु माता जी, निरंकारी राजपिता जी एवं वहां उपस्थित समस्त जनों ने नव युगलों पर पुष्प वर्षा करके उनके मंगलमयी जीवन की कामना करी। नव विवाहित जोड़ों को पावन आशीर्वाद प्रदान करते हुए सतगुरु माता जी ने फरमाया कि गृहस्थ जीवन के लिए यह आवश्यक है कि एक दूसरे को आपस में आदर एवं सत्कार देते हुए परिवारों को भी अपना मानकर एक सुखद वैवाहिक जीवन का वास्तविक रूप में आरम्भ किया जा सकता है। भक्ति मार्ग के लिए एक दूसरे को प्रोत्साहित करते हुए सेवा, सुमिरण एवं सत्संग के साथ जोड़े। गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारी को प्रेमपूर्वक संतुलन बनाकर जीये तभी एक सुखद जीवन का आनंद प्राप्त किया जा सकता है।

**पहाड़गंज स्कूल के 75वें प्लेटिनम जयंती पर निरंकारी सतगुरु का दिव्य आशीष**

सभी प्यार से रहें, तालमेल और पढ़ाई का जज्बा बना रहे, जिससे जीवन का सुन्दर विकास हो साथ ही मानवीय मूल्यों को अपनाकर एक बेहतर इन्सान बने। सन्त निरंकारी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, पहाड़गंज दिल्ली के 75वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों, अभिभावकों, विद्यालय स्टाफ, टीचर्स तथा अन्य उपस्थित सज्जनों को सम्बोधित करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने उक्त आशीर्वाद प्रदान किए। सतगुरु माता जी ने कहा कि आज इस विद्यालय का जो सजल रूप बना है निसंदेह यह लम्बी तैयारियों और 75 वर्षों के तप-त्याग का सुन्दर परिणाम है। शिक्षकों, प्रबन्धकों और छात्रों के लगातार किए गए प्रयासों से यह निखार आया है। सतगुरु माता जी के उद्बोधन से पूर्व छात्रों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसमें सर्वप्रथम दिव्य युगल के आगमन पर एन.सी.सी. विंग के छात्रों ने सलामी देकर उनका स्वागत किया। प्राचार्या सीमा कोचर, चेयरपरसन आशा कपूर एवं विद्यालय के मैनेजर डा विजय शर्मा ने सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी का हृदय से अभिवादन किया। आदरणीय जोगिन्दर सुखीजा, संत निरंकारी मंडल सचिव एवं आदरणीय श्री राकेश मुटरेजा प्रभारी द्वारा दिव्य युगल के कर कमलों से नींव पत्रिका का विमोचन करवाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के 75 वर्षों के इतिहास की डाक्यूमेंटरी भी दिखाई गई। जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि शहंशाह जी द्वारा आध्यात्मिक शिक्षा का प्रथम स्थान पहाड़गंज का प्राइमरी स्कूल बना जिसका व्यापक स्वरूप आज हम सभी को यहाँ प्रदर्शित हो रहा है। कार्यक्रम में सम्मिलित हुए विद्यालय से जुड़े अनेक महात्माओं को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमेन, मैनेजर, टीचर इत्यादि ने सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अंत में चेयरपरसन श्रीमती डा आशा कपूर ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## भारत का सेवा निर्यात 11 फीसदी बढ़कर 345 अरब डॉलर पहुंचा, चीन में 10 फीसदी गिरावट

**नई, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) के तिमाही बुलेटिन के मुताबिक, भारत से सेवाओं का निर्यात बढ़ाने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, मेडिकल और आतिथ्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। दुनियाभर में आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत ने 2023 में 345 अरब डॉलर के सेवाओं का निर्यात किया। यह आंकड़ा एक साल पहले की तुलना में 11.4 फीसदी अधिक है। हालांकि, इस अवधि में चीन का सेवा निर्यात 10.1 फीसदी घटकर 381 अरब डॉलर रह गया। संयुक्त राष्ट व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) के तिमाही बुलेटिन के मुताबिक, भारत से सेवाओं का निर्यात बढ़ाने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, मेडिकल और आतिथ्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हालांकि, 2023 में भारत का सेवा आयात एक साल पहले की तुलना में 0.4 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 248 अरब डॉलर रह गया।

-: कार्यालय :-
प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल

-: आवश्यक सूचना :-

भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु अगली तिथि 25.05.2024 निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | अभियुक्त का नाम | वाहन का प्रकार/वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 35/2023 | 11.10.2023 | रविन्द साव | पियागो टेम्पू रजि नं0 JH-19C-9160 | सेमल पटरा 25 पीस |
| 02 | 34/2023 | 23.09.2023 | सुरेन्द्र प्रसाद, गंगा राम | पियागो टेम्पू रजि नं0 JH-08F-0615 | साल चौकठ 10 पीस |
| 03 | 37/2023 | 30.10.2023 | लक्ष्मण यादव, नारायण भोक्ता | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-19A-4416 | बालू 80 CFT |
| 04 | 42/2023 | 02.01.2024 | मुनु उरांव, महेश्वर नायक, सरोज देवी, पप्पु कु0 सिंह | ट्रैक्टर इंजन नं0 RHC2EAN3535 | बल्ली साल 17 पीस |
| 05 | 01/2024 | 18.01.2024 | छोटू राय, सफीक राय | – | यूकेलिप्टस बोटा 19 पीस |
| 06 | 02/2024 | 22.02.2024 | गुमानी भुईयां, बलराम उरांव, रामकेश यादव | – | आसन फल्ली 05 पीस |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त सभी अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.05.2024 को 11:00 बजे पर्वाह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल

PR 324108 Forest, Environment and Climate Changes(24-25).D

## भारत, यूएई 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल व्यापार लक्ष्य को पार करने की राह पर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीईपीए परिषद के निदेशक अहमद अलजनेबी ने बुधवार को कहा कि मई 2022 में मुक्त व्यापार समझौते के लागू होने के बाद से भारत और संयुक्त अरब अमीरात के व्यापार में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दोनों देश 2030 तक गैर-तेल व्यापार में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य को पार करने की राह पर हैं। यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) को जनवरी में वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के मौके पर पेश किया गया था। दोनों देशों ने मई 2022 में व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को लागू किया था।

अलजनेबी ने कहा कि व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर के बाद से यूएई-भारत व्यापारिक संबंध तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने कहा, ''एक मई 2022 को सीईपीए लागू होने के बाद से द्विपक्षीय व्यापार करीब 15 प्रतिशत बढ़ गया है। दोनों देश 2030 तक गैर-तेल व्यापार में 100 अरब अमरीकी डॉलर हासिल करने के लक्ष्य को पार करने की राह पर हैं। अलजनेबी ने जयपुर में व्यापार गोलमेज बैठक में यह बात कही। दवा, रत्न व आभूषण, पर्यटन, कपड़ा, नवीकरणीय ऊर्जा, मोटर वाहन कल-पुर्जो और स्वास्थ्य सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों के राजस्थान स्थित उद्यमों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

इसे भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) द्वारा आयोजित किया गया। यह भारतीय उद्यमों के लिए यूएई के साथ अपने जुड़ाव का विस्तार करने के लिए नए मार्ग तथा अवसर तलाशने के एक मंच के रूप में काम करता है। यूएई, भारत का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य, तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और चौथा सबसे बड़ा निवेशक है। 2023 में द्विपक्षीय व्यापार कुल मिलाकर 85 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है और भारत में यूएई का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़कर 3.3 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। अलजनेबी ने कहा कि यूआईसीसी का काम यह सुनिश्चित करना है कि यूएई और भारतीय व्यवसायों (चाहे उनका आकार या क्षेत्रीय केंद्र कुछ भी हो) के पास सीईपीए से लाभ उठाने के लिए समावेशी तथा खुले मार्ग हों। उन्होंने कहा कि राजस्थान की अत्यधिक विविध अर्थव्यवस्था और संयुक्त अरब अमीरात के साथ मजबूत व्यापारिक संबंध पारस्परिक रूप से लाभप्रद संबंधों के विकास के लिए उसे एक उचित गंतव्य बनाते हैं। राजस्थान ने 2023 में यूएई के साथ 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर का व्यापार किया था।

# पाकिस्तान की जेलों में बंद 35 मछुआरे किये जायेंगे रिहा

एजेंसी

**अहमदाबाद :** पाकिस्तान की जेलों में बंद गुजरात के 35 मछुआरों को 30 अप्रैल को पाकिस्तान सरकार मुक्त करेगी। यह सभी लोग दो मई को वाघा बॉर्डर पर भारत सरकार को सौंप दिये जायेंगे। मछुआरों के छोड़े जाने की सूचना पर मछुआरों के परिवार में खुशी की लहर दौड़ी है। पोरबंदर बोट एसोसिएशन के पूर्व प्रमुख और मछुआरों के अग्रणी जीवनभाई जुंगी ने बताया कि पाकिस्तान सरकार ने सभी छोड़े जाने वाले भारतीय मछुआरों और एक सिविलियन के नाम जारी किये हैं। इसमें पोरबंदर के विजय मोहन नामक खलासी समेत गुजरात के अन्य 34 मछुआरे शामिल हैं। इसके अलावा एक अन्य सिविलियन को भी छोड़ा जायेगा। जीवणभाई ने बताया कि मुक्त होने वाले सभी मछुआरे पाकिस्तान की विभिन्न जेलों में डेढ़ से दो साल से बंद हैं। मत्स्याटन के दौरान पाकिस्तानी मरीन ने उनका अपहरण कर लिया था। हाल में पाकिस्तान की जेलों में 189 भारतीय मछुआरे बंद हैं। इनमें से 35 मछुआरों के मुक्त होने के बाद पाकिस्तान के जेलों में 154 मछुआरे बंद रहेंगे। इन सभी को भी शीघ्र छुड़ाने की मांग की गयी है। उन्होंने बताया कि मछुआरों की करीब 1200 फिशिंग बोट भी पाकिस्तान मरीन के कब्जे में है। पिछले साल 10 नवंबर, 2023 को दिवाली के त्योहार के पहले पाकिस्तान ने गुजरात के 80 मछुआरों को जेलों से मुक्त किया था।

## निर्मला सीतारमण ने किया मतदान, कहा –

# विपक्ष के पास अपना कोई मुद्दा नहीं

एजेंसी

**बेंगलुरु/नई दिल्ली :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को बेंगलुरु के एक मतदान केंद्र पर मतदान किया। सीतारमण के साथ उनके पिता ने भी वोट डाला। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को कर्नाटक की 14 सीटों पर मतदान हुआ।

वित्तमंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में बताया - सीतारमण ने कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में एक मतदान केंद्र पर अपने पिता के साथ वोटिंग करने के बाद मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट डालने की अपील की। वित्त मंत्री ने बेंगलुरु के जयनगर में मतदान केंद्र पर



मतदाताओं से बातचीत भी की। सीतारमण ने मतदान के बाद संवाददाताओं के पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए कहा कि विपक्ष के पास अपना कोई मुद्दा नहीं है। उनके पास कोई सकारात्मक एजेंडा नहीं है। इसलिए वे लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साध रहे हैं, वे व्यक्तिगत हमले कर रहे हैं। इससे भी बुरी बात यह है कि वे ऐसी चीजें ला रहे हैं, जिन्हें वे खुद लागू नहीं कर सकते..."!

## केंद्रीय गृह मंत्री ने मध्य प्रदेश में चुनावी सभा के दौरान कांग्रेस पर साधा निशाना

# दिग्विजय की राजनीति से हो परमानेंट विदाई : अमित शाह

एजेंसी

**भोपाल :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिग्विजय सिंह पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि अब दिग्विजय सिंह की राजनीति से परमानेंट विदाई देने का समय आ गया है। दिग्विजय सिंह की विदाई आपको करनी है। आशिक का जनाजा है, जरा धूम से निकले। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह शुक्रवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान दिग्विजय सिंह के गढ़ राजगढ़ के खिलचीपुर में भाजपा उम्मीदवार रोडमल नागर के समर्थन में सभा को संबोधित कर रहे थे। राजगढ़ सीट से दिग्विजय सिंह कांग्रेस उम्मीदवार हैं। उनका मुकाबला मौजूदा सांसद और भाजपा उम्मीदवार रोडमल नागर से है।



शाह ने दिग्विजय सिंह पर कई आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि दिग्गी राजा की सलाह से राहुल बाबा ने अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है कि कांग्रेस सरकार आयेगी तो मुस्लिम पर्सलन लॉ लायेगी। सरकार तो आनी नहीं है। फिर भी क्या ट्रिपल तलाक फिर से लाना चाहिए क्या? शरिया कानून से देश चलना चाहिए क्या? कांग्रेस मुस्लिम पर्सनल लॉ लाकर पिछले दरवाजे से शरिया कानून लाना चाहती है। ये दिग्गी राजा इनसे भी दो कदम आगे हैं..भगवा आतंकवाद। शर्म करो दिग्गी राजा। शाह ने कहा कि आतंकवाद को देखने के आपके चश्मे अब बेकार हो गये हैं। ये पाकिस्तान के आतंकवादी हाफिज सईद को साहब कहते हैं। ये हाफिज आपका साहब होगा। ये तो आतंकवादी है, जिसने भारत का नुकसान किया। ये जाकिर नाईक को गले लगाते हैं। संसद पर हमला करने वाले अफजल गुरु की फांसी का विरोध करते हैं। सीएए के समर्थक पर लाठी चलाने का ये काम करते हैं। बंटाधार को बता देना कि हम मप्र को फिर से बंटाधार नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि दिग्गी राजा के समय में मध्य प्रदेश नक्सलवाद से पीड़ित राज्य माना जाता था। आज भाजपा ने यहां से नक्सलवाद समाप्त कर दिया।

शाह ने कहा कि कांग्रेस सालों से गरीबी हटाने की बात करती थी। चार-चार पीढ़ियों तक इन्होंने यही बात कही, मगर कुछ नहीं हुआ। 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का काम किया है। नरेंद्र मोदी ने 10 साल में पूरे देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि दिग्गी राजा कांग्रेस पार्टी के सलाहकार हैं। कांग्रेस 70 साल से अयोध्या के राम मंदिर के मुद्दे को अटका रही थी, लटका रही थी, भटका रही थी। आपने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया, उन्होंने पांच साल में केस जीता, भूमिपूजन किया। लोकार्पण भी किया और 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा कर जय श्रीराम कर दिया। मोदी ने ठीक ही कहा कि यह 1000 साल का एक पल रहा है। रामलला टेंट से निकलकर मंदिर में पधारे। कांग्रेस के शहजादे राहुल बाबा को निमंत्रण भेजा, वे नहीं गये। दिग्गी राजा भी नहीं गये। वे वोट बैंक से डरते हैं।

## पीएम मोदी का अपमान करनेवाले राहुल गांधी को मतदाता सिखायेंगे सबक : भाजपा

**मुंबई :** महाराष्ट्र भाजपा प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्ये ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में विवादित बयान देने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी को देश की जनता सबक सिखायेगी। राहुल गांधी सिर्फ नरेंद्र मोदी का नहीं बल्कि संवैधानिक पद का भी अपमान किया है। महाराष्ट्र भाजपा प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता उपाध्ये शुक्रवार को यहां मुंबई में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उपाध्ये ने कहा कि राहुल गांधी ने सोलापुर की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपमान किया है। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में मोदी और भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को भारी समर्थन मिल रहा है और 400 से ज्यादा सीटों पर भाजपा गठबंधन की जीत पक्की हो है और कांग्रेस और इंडी गठबंधन को हार मिल रही है। उपाध्ये ने कहा कि राहुल गांधी के भाषणों में पहले भी परिपक्वता और अध्ययन का अभाव रहा है। अब उनके पास न कोई मुद्दा है, न उम्मीदवार और न ही चुनाव लड़ने की कोई उम्मीद।

# कार्रवाई : कांग्रेस ने निलेश कुंभाणी को पार्टी से छह साल के लिए किया निलंबित

- नामांकन रद्द होने के पांच दिन बाद कांग्रेस ने की कार्रवाई
- गुजरात प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति का फैसला

एजेंसी



**सूरत :** गुजरात प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति ने निलेश कुंभाणी को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया है। कुंभाणी के सूरत लोकसभा सीट से 21 अप्रैल को फार्म रद्द होने के पांचवें दिन पार्टी ने यह कार्रवाई की है। शुक्रवार को अनुशासन समिति की बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने यह निर्णय किया है।

कुंभाणी के फार्म रद्द होने के बाद से कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता लगातार उनका विरोध कर रहे हैं। समिति की बैठक में बताया गया कि कांग्रेस पार्टी ने निलेश कुंभाणी को सूरत सीट से लोकसभा का उम्मीदवार बनाया था। सौराष्ट्र के बड़ी संख्या में पाटीदार समाज के लोग सूरत स्थायी हुए हैं। ऐसे में पार्टी की यह आशा थी कि पाटीदार समाज के प्रतिनिधि के तौर पर कुंभाणी काम करेंगे। इसके विपरीत कुंभाणी का नामांकन पत्र खारिज होने में कुंभाणी की ही सम्पूर्ण रूप से लापरवाही या भाजपा के साथ मिलीभगत के हालात स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। इसके बावजूद न्याय के सिद्धांत के अनुसार, पार्टी की ओर से कुंभाणी के पक्ष जानने के लिए उन्हें स्पष्टता करने का समय प्रदान किया था लेकिन कुंभाणी नाटकीय रूप से गायब हो गये।

# अनुराग ठाकुर ने नुक्कड़ सभा कर लोगों से मांगा जनसमर्थन

एजेंसी

**हमीरपुर :** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर क्षेत्र में ताबड़तोड़ रैलियां व गहन जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने बिलासपुर ज़िले के घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में एक दिवसीय दौरे के दौरान नुक्कड़ सभाएं की और लोगों से समर्थन मांगा। इस दौरान घुमारवीं उपमंडल के तहत हमीरपुर सीमा से लगती तडौन पंचायत में उन्होंने नुक्कड़ सभा कर जनता से वोट देने की अपील की। अनुराग ठाकुर ने ईवीएम व वीवीपेट मामले पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए



कहा कि इस फैसले के साथ ही विपक्ष द्वारा अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ते हुए लोगों में भ्रम फैलाने की कोशिश एक बार फिर नाकाम हुई। अनुराग ठाकुर ने विपक्ष से कहा कि उन्हें मुद्दों पर व विचारधारा पर चुनाव लड़ना चाहिए।

## अरोप-प्रत्यारोप | कांग्रेस सांसद राहुल गांधी कर्नाटक में चुनावी सभा में बोले -

# आजकल घबराये हुए हैं मोदी, 10 साल में गरीबों का पैसा छीना

एजेंसी

**बेंगलुरु :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कर्नाटक के बीजापुर में चुनावी रैली के दौरान अपने संबोधन में कहा कि आजकल पीएम नरेंद्र मोदी अपने भाषण के दौरान काफी घबराये हुए रहते हैं। शायद कुछ दिनों में स्टेज पर उनके आंसू निकल आयें। राहुल ने कहा- पीएम मोदी ने पिछले 10 साल में गरीबों से सिर्फ पैसा छीना है। उन्होंने सिर्फ 20-25 लोगों को अरबपति बनाया है। उन अरबपतियों के पास उतना धन है, जितना 70 करोड़ हिंदुस्तानियों के पास है। हिंदुस्तान में एक प्रतिशत ऐसे लोग हैं, जो 40 प्रतिशत धन कंट्रोल करते हैं। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा- मोदी कुछ लोगों को अरबपति बनाते हैं, कांग्रेस सरकार करोड़ों लोगों को लखपति बनायेगी। कांग्रेस बेरोजगारी और महंगाई मिटाकर आपको भागीदारी देगी। जितना पैसा मोदी ने



अरबपतियों को दिया है, उतना पैसा हम गरीबों को देंगे।

**यह चुनाव पिछले चुनावों से अलग :** राहुल ने कहा- यह लोकसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है। यह पिछले चुनावों से अलग है, क्योंकि भारत के इतिहास में पहली बार एक पार्टी (भाजपा) और एक व्यक्ति (भाजपा) भारत के संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस और आईएनडीआईए गठबंधन संविधान को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

## शाहजहांपुर से सपा प्रत्याशी का नामांकन खारिज

**शाहजहांपुर :** शाहजहांपुर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवार राजेश कश्यप का नामांकन शुक्रवार को रिटर्निंग ऑफिसर ने 'तकनीकी आधार' पर खारिज कर दिया। दो दिन पहले नामांकन पत्र दाखिल करने वाली ज्योत्सना गोंड को अब सपा ने चुनाव चिन्ह जारी कर दिया है। सपा ने शुरू में इस सीट पर दो उम्मीदवारों को नामांकित किया था। ज्योत्सना गोंड हरदोई की रहने वाली हैं और सपा नेता और ओबीसी मोर्चा के प्रमुख राजपाल कश्यप की भतीजी हैं। शाहजहांपुर में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा और नतीजे 4 जून को घोषित किये जायेंगे।

## मतदान के अनोखे रंग

# कोई नाव से आया, किसी ने गोद में की वोटिंग तो कोई लंगूर लेकर पहुंचा बूथ

**नई दिल्ली :** पहले चरण की तुलना में दूसरे चरण की वोटिंग में मतदाताओं में खासा जोश व उत्साह नजर आया। सभी 13 राज्यों में शांति के साथ वोटिंग हुई। वोटिंग के दौरान कहीं से किसी गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली है। मतदान के दौरान कई ऐसी तस्वीरें सामने निकलकर आयीं जो लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। मतदान के बीच चुनाव से जुड़ी तरह-तरह क चीजें भी सामने आयी। एक शख्स ने अंगुली के बराबर मोदी का पम्पलेट लिये नजर आया। वहीं, महाराष्ट्र के वर्धा निवासी विनोद क्षीरसागर अपना वोट डालने के लिए अपने पालतू लंगूर 'बजरंग' के साथ मतदान केंद्र पर पहुंचे। पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा के धलाई जिले के सुदूर इलाके में स्थित 44/68 राइमा वैली विधानसभा क्षेत्र के मतदाता अपना वोट डालने नाव से पहुंचे। वहीं, दूसरे चरण के मतदान में ट्रांसजेंडरों में भी उत्साह देखने को मिला। कई सारे साधुओं ने भी मतदान केंद्र आकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। एक बेहद बुजुर्ग जोड़ा भी वोट डालने मतदान केंद्र पहुंचा। साधुओं, ट्रांसजेंडर के अलावा, संन्यासी महिलाएं भी वोट डालने मतदान केंद्र पहुंची।



















